छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
जुलाई, 2025 सत्र

मंगलवार, दिनांक 15 जुलाई, 2025

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

<u>जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सीएसआर मद से प्राप्त एवं व्यय राशि</u>

[वाणिज्य एवं उद्योग]

1. (*क्र. 397) श्री किरण देव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022 से 20-06-2025 तक बस्तर संभाग में संचालित किन-किन उद्योगों से कितनी-कितनी राशि सीएसआर मद में प्राप्त हुई ? सीएसआर मद में राशि प्रदान करने हेतु उद्योगों के लिए क्या-क्या नियम निर्धारित हैं? जानकारी वर्षवार, उद्योगवार उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की प्राप्त राशि में से जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितनी-कितनी राशि के कौन-कौन से कार्य, कहां-कहां स्वीकृत किये गये ? स्वीकृत कार्यों में कितने कार्य पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं ? अपूर्ण कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें ? यदि कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है तो कारण बतावें? **(ग)** सीएसआर मद में प्राप्त राशि का व्यय किसकी अनुशंसा पर किन-किन कार्यो में किये जाने का नियम निर्धारित है ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कार्यालय कलेक्टर सुकमा, कांकेर, दन्तेवाड़ा, नारायणपुर, कोण्डागांव, बीजापुर एवं कार्यालय जिला पंचायत बस्तर से प्राप्त जानकारी अनुसार, वर्ष 2022 से 20.06.2025 तक बस्तर संभाग में संचालित विभिन्न उद्योगों से कुल राशि रू. 10471.10 लाख रु. (दस हजार चार सौ इक्हत्तर दशमलव एक शून्य लाख रूपये) सीएसआर मद में प्राप्त हुई। वर्षवार, उद्योगवार **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। सीएसआर मद में उद्योगों द्वारा राशि देने हेतु तथा प्राप्त राशि को व्यय करने के संबंध में भारत सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 135 के अंतर्गत नियम/मापदण्ड निर्धारित है। निर्धारित नियम/मापदण्ड के अनुसार प्रत्येक कंपनी जिसकी गत वित्तीय वर्ष में नेटवर्थ रूपये 500 करोड़ अथवा अधिक या गत वित्तीय वर्ष में विक्रय रूपये 1000 करोड़ या अधिक या गत वित्तीय वर्ष में शुद्ध लाभ रूपये 5 करोड़ अथवा अधिक हो, के द्वारा गत तीन वित्तीय वर्ष के औसत लाभ का न्यूनतम 2 प्रतिशत राशि का व्यय किये जाने का मापदण्ड निर्धारित है। **(ख)** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बस्तर से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रश्नांश क की प्राप्त राशि में से जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राशि रु. 1046.62 लाख रु. (एक हजार छियालीस दशमलव छह दो लाख रूपये) के 89 कार्य स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यो में से 65 कार्य पूर्ण है एवं 24 कार्य अपूर्ण है। कार्यो की पूर्णता-अपूर्णता की अद्यतन स्थिति सहित वर्षवार **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। सी.एस.आर. अन्तर्गत पर्याप्त बजट नहीं होने के कारण कार्य स्वीकृत नहीं किया गया।

(ग) सीएसआर मद में प्राप्त राशि का व्यय भारत सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 135 के अंतर्गत निर्धारित नियम/मापदण्ड अनुसार कंपनी द्वारा स्वयं अथवा स्व-निर्धारित एजेंसी के माध्यम से अधिनियम में वर्णित कार्यों पर व्यय की जा सकती है।

जिला सक्ती के उद्योगों से संबंधित शिकायतों की जांच एवं कृत कार्यवाही

[वाणिज्य एवं उद्योग]

2. (*क्र. 154) श्री बालेश्वर साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सक्ती के ग्राम उच्चपिंडा आर.के.एम. पॉवरजेंन पॉवर प्लांट व ग्राम बड़ाहरदा डी.बी. पॉवर लिमिटेड उद्योगों के संबंध में विगत 3 वर्षो में कब, किसके द्वारा, किसको एवं क्या शिकायत की गई है और इन शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई तथा जांच किस-किस अधिकारी द्वारा कब-कब की गई एवं कौन-कौन दोषी पाया गया तथा दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई ? शिकायतवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' अवधि में इन उद्योगों में दुर्घटनाओं में कितनी मृत्यु हुई तथा कितने घायल हुए ? दुर्घटनावार जानकारी देवें ? इस संबंध में कितना मुआवजा दिया गया व कितना शेष है तथा मुआवजा के लिये शासन के क्या नियम व निर्देश हैं ? व्यक्तिवार जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला सक्ती के ग्राम उच्चपिण्डा मेसर्स आर.के.एम. पावरजेन प्लांट व ग्राम बाड़ादहरा मेसर्स डीबी पावर लिमिटेड उद्यागों के संबंध में विगत 03 वर्ष में की गयी शिकायत और इन शिकायतों पर की गयी कार्यवाही तथा जांच के संबंध में कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला- जांजगीर-चांपा से प्राप्त जानकारी अनुसार कुल 05 शिकायतें प्राप्त हुई है। शिकायतकर्ता का विवरण तथा की गई कार्यवाही एवं जांच का विवरण तथा दोषियों के विरूध्द की गई कार्यवाही **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** में है। सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, जिला जांजगीर-चांपा द्वारा भी उक्त इकाईयों का, मुख्यालय के निर्देश एवं समय-समय पर औचक निरीक्षण किया गया है। अनियमितता पर कार्यवाही की गई है।**विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** में दर्शित है। **(ख)** सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, जिला जांजगीर-चांपा से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रश्नांक ''क'' की अवधि में मेसर्स आर.के.एम. पावरजेन प्रा. लि.ग्राम उच्चपिण्डा जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं मेसर्स डी. बी. पावर लिमिटेड ग्राम बड़ादरहा पोस्ट- कंवली तह. डभरा जिला-सक्ती (छ.ग.) में हुई दुर्घटना में किसी श्रमिक की मृत्यु नहीं हुई है तथा मेसर्स आर.के.एम. पावरजेन प्रा. लि. में दुर्घटना में 03 श्रमिक एवं मेसर्स डी. बी. पावर लिमिटेड में दुर्घटना में 01 श्रमिक घायल हुए हैं। इस प्रकार कुल घायल श्रमिकों की संख्या 04 है। दुर्घटनावार**विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** पर है। इस संबंध में 04 घायल श्रमिकों में से 01 श्रमिक की स्थायी अंगहानि हुई है। उक्त श्रमिक ईएसआईसी के तहत पंजीकृत है। ईएसआईसी द्वारा दुर्घटना प्रकरण को रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत कर लिया गया है राशि निर्धारण हेतु लंबित है। अन्य 03 श्रमिकों का स्थायी अंगहानि नहीं हुई है। घायल श्रमिकों को स्थायी क्षति नहीं होने के कारण कोई मुआवजा राशि देय नहीं है। कारखाने में घटी दुर्घटना में श्रमिक की मृत्यु या स्थायी अंगहानि होने पर श्रमिक ईएसआईसी के तहत पंजीकृत है तो ईएसआईसी द्वारा मुआवजा/पेंशन देने का प्रावधान है तथा श्रमिक ईएसआईसी में पंजीकृत नहीं होने पर कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 के प्रावधानानुसार मुआवजे का प्रावधान है। व्यक्तिवार**विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** पर है।

जल जीवन मिशन योजना में व्यय राशि

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

3. (*क्र. 116) श्री भूपेश बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में व्यय की गयी राशि की जानकारी दें ? लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक कितने घरों के लोग जल की सुविधा प्राप्त कर चुके हैं? जिलेवार जानकारी दी जाये?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में व्यय की गयी राशि की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र–अ** अनुसार है। लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 3116398 घरों के लोग जल की सुविधा प्राप्त कर चुके है। जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र–ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

राज्य स्तरीय उच्च पावर समिति की अनुशंसा पर कृत कार्यवाही

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

4. (*क्र. 222) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि प्रश्न (क्र. 194), दिनांक 27 फरवरी, 2025 के उत्तर में ''राज्य स्तरीय उच्च पावर समिति की अनुशंसा पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है'', जानकारी दी गई थी? यदि हॉ तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है? **(ख)** राज्य स्तरीय उच्च पावर समिति के द्वारा कब-कब, क्या-क्या अनुशंसा की गई तथा किन-किन फर्मो व अधिकारियों को दोषी पाया गया और उनके विरूद्व क्या-क्या कार्यवाही की गई है और यदि नही की गई है तो उसके लिये दोषी कौन है? **(ग)** क्या यह सही है कि प्रश्नांश **(क)** सत्र में माननीय उप मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की थी कि जहां पर जल स्त्रोत नहीं है, वहां पर 60 प्रतिशत से अधिक भुगतान नहीं किया जावेगा? यदि हॉ तो किन-किन स्थानों पर उक्तानुसार प्रकरण प्राप्त हुए हैं व इन स्थानों पर ठेकेदार फर्म को प्रश्न दिनांक तक कुल कार्य लागत का तथा कुल किये गए कार्य का कितना प्रतिशत भुगतान किया गया है? स्थानवार, ठेकेदार फर्मवार जानकारी देवें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां। राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (शीर्ष समिति) उच्च पॉवर समिति द्वारा दिनांक 17.02.2025 को कार्यवाही हेतु अनुशंसा की गई जिसमें मेसर्स विजय वी. सालुंखे के विरूद्ध अनुबंध अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही (जैसे-प्रथम प्राथमिकी दर्ज करना, ब्लेक लिस्ट करना) एवं मेसर्स ए.के. कंस्ट्रक्शन, मेसर्स विक्रम टेली इन्फ्रा, मेसर्स श्री गणपती कंस्ट्रक्शन, मेसर्स आनंद कंस्ट्रक्शन, रायपुर, मेसर्स धर्मेश कुमार, रायपुर, मेसर्स सोमबंसी इनवायरो के विरुद्ध अन्य निविदाओं में मेसर्स विजय वी. सालुंखे की ज्वांईट वेन्चर के रूप में भागीदारी होने पर निविदा दूषित होने पर संबंधित निविदाकार के विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जावे (जैसे-एकल पंजीयन प्रणाली से विलोपित करना, तीन वर्षों के लिये जल जीवन मिशन के कार्यों से वंचित करना तथा अनुबंध निरस्त करना)। मेसर्स विजय वी. सालुंखे के अनुबंध निरस्त कर एजेंसी के विरूद्ध रायपुर के सिविल लाईन थाने में दिनांक 21.02.2025 को धारा 420, 467, 468, 471 के अंतर्गत एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई। 06 निविदाकारों का जिला सूरजपुर–06, कोरिया–03 एवं मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर–02 इस प्रकार कुल 11 समूह जल प्रदाय योजनाओं की निविदाओं में अनुभव प्रमाण पत्र के कूटरचित पाये जाने के कारण जिला जल एवं स्वच्छता समिति जिला सूरजपुर, कोरिया एवं मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर द्वारा समूह जल प्रदाय योजनाओ के अनुबंध निरस्त किया गया है। एकल पंजीयन प्रणाली से विलोपित करने एवं 03 साल तक समस्त निविदाओं में भाग लेने से वंचित

करने ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही की जा रही है। माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर के W.P.C. No. 1263 of 2025, W.P.C. No. 1280 of 2025, W.P.C. No. 1292 of 2025, W.P.C. No. 1354 of 2025, W.P.C. No. 1287 of 2025 एवं W.P.C. No. 1284 of 2025 में पारित आदेश के तारतम्य में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ख)** राज्य स्तरीय उच्च पॉवर समिति द्वारा जांच प्रतिवेदन पर दिनांक 17.02.2025 को कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा की गई-1. अनुबंध अनुसार कार्यवाही के पूर्व यह सुनिश्चित किया जावे कि कार्य की गुणवत्ता एवं माप कानूनन हो। 2. अनुबंध अनुसार क्रियान्वित कार्यों का आंकलन कर भुगतान की कार्यवाही लंबित रखे। 3. अनुबंध की शर्तों के अनुसार न्यायायिक मापदण्ड अनुसार कार्यवाही की जावे। निविदा आमंत्रण के पूर्व भली- भांति समस्त अवयव व अभिलेखों का परीक्षण कर लिया जावे एवं की गई कार्यवाही का वित्त विभाग से अभिमत प्राप्त किया जावे। तद्पश्चात् रिस्क एण्ड कास्ट के आधार पर निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु कार्यकारिणी समिति को अधिकृत किया जाता है। 4. निविदाकार मेसर्स विजय वी. सालुंखे के विरूद्ध अनुबंध अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही (जैसे-प्रथम प्राथमिकी दर्ज करना, ब्लेक लिस्ट करना) 5. अन्य निविदाओं में मेसर्स विजय वी. सालुंखे की ज्वांईट वेन्चर के रूप में भागीदारी होने पर निविदा दूषित होने पर संबंधित निविदाकार के विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जावे (जैसे-एकल पंजीयन प्रणाली से विलोपित करना, तीन वर्षों के लिये जल जीवन मिशन के कार्यों से वंचित करना) राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (शीर्ष समिति) उच्च पॉवर समिति द्वारा दिनांक 17.02.2025 को कार्यवाही हेतु अनुशंसा की गई के आधार पर दोषी फर्मों के नाम -

स.क्र.	फर्म का नाम	की गई कार्यवाही
1	मेसर्स विजय वी. सालुंखे	अनुबंध निरस्त कर एजेंसी के विरूद्ध रायपुर के सिविल लाईन थाने में दिनांक 21.02.2025 को धारा 420, 467, 468, 471 के अंतर्गत एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई।
2	मेसर्स ए.के. कंस्ट्रक्शन,	अनुबंध निरस्त कर एकल पंजीयन प्रणाली से विलोपित करने एवं 03 साल तक समस्त निविदाओं में भाग लेने से वंचित करने ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही की जा रही है।
3	मेसर्स विक्रम टेली इन्फ्रा,	
4	मेसर्स श्री गणपती कंस्ट्रक्शन	
5	मेसर्स आनंद कंस्ट्रक्शन, रायपुर	
6	मेसर्स धर्मेश कुमार, रायपुर	
7	मेसर्स सोमबंसी इनवायरो	

राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (शीर्ष समिति) उच्च पॉवर समिति द्वारा अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु कोई टीप नहीं है। अतः कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

श्रम अधिनियम के अंतर्गत वि.स. क्षेत्र धरसींवा के मेसर्स जायसवाल निको इण्डस्ट्रीज लि. में जांच

[श्रम]

5. (*क्र. 468) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह कथन सत्य है कि विभाग द्वारा मेसर्स जायसवाल निको इण्डस्ट्रीज लि. मि. सिलतरा के ब्लास्ट फर्नेस एवं पावर प्लांट में दिनांक 28/।।/2024 को श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1982 के अंतर्गत निरीक्षण किया गया था? यदि हां तो उक्त निरीक्षण में क्या-क्या विंसगतियां प्राप्त हुई ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार इस निरीक्षण में जांच अधिकारी के द्वारा क्या किसी प्रकार का ''प्रतिबंधात्मक आदेश '' कारखाना प्रबंधन को जारी

किया गया था ? यदि हां तो क्या? **(ग)** प्रश्नांक "क" अनुसार निरीक्षण उपरांत जारी आदेश/सुझाव का पालन कारखाना प्रबंधन द्वारा किया गया है अथवा नहीं ? इसे कब पुन: परीक्षण कर जांचा गया?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जी हॉ, यह कथन सत्य है कि विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्र धरसींवा के सिलतरा स्थित मेसर्स जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमि0 के ब्लास्ट फर्नेस एवं पावर प्लांट में दिनांक 28/11/2024 को श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1982 के अंतर्गत निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाई गई विसंगतियों की **जानकारी संलग्न "प्रपत्र" अनुसार है।**(ख) जी नहीं, श्रम कल्याण निधि अधिनियम 1982 अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जाने का प्रावधान नहीं है।**(ग)** निरीक्षण उपरांत निरीक्षण में पायी गयी कमियों को दूर करने संबंधी दिये गये निर्देश के संबंध में कारखाना प्रबंधन द्वारा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जो कि परीक्षण में संतोषजनक पाया गया।
[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

आरकेएम पॉवर प्लांट, जिला सक्ती में कार्यरत स्थानीय श्रमिक एवं कर्मचारी

[वाणिज्य एवं उद्योग]

6. (*क्र. 163) श्री रामकुमार यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला सक्ती अंतर्गत आरकेएम पॉवर प्लांट में वर्तमान में कुशल एवं अकुशल छत्तीसगढ़ के कितने स्थानीय श्रमिक एवं नियमित, अनियमित कर्मचारी कार्यरत हैं, नामवार विवरण देवें। **(ख)** क्या उक्त पावर प्लांट में छत्तीसगढ़ के स्थानीय कुशल एवं अकुशल श्रमिकों एवं नियमित, अनियमित कर्मचारियों की संख्या का अनुपात छत्तीसगढ़ शासन के नियम के अनुसार है? यदि हां तो विवरण देवें और नहीं तो क्यों? **(ग)** प्रश्नांक "क" एवं "ख" के अनुसार उक्त पावर प्लांट में कार्यरत छत्तीसगढ़ के स्थानीय कुशल एवं कुशल श्रमिकों एवं नियमित, अनियमित कर्मचारियों से क्या भारत सरकार श्रम अधिनियम के अनुसार निर्धारित समय-सीमा तक कार्य लिया जाता है तथा छत्तीसगढ़ शासन के नियम अनुसार श्रमिकों एवं कर्मचारियों को वेतनमान दिया जाता है? यदि हां तो विवरण देवें और यदि नहीं तो क्यों?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम पदाधिकारी, जिला-सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार आर.के.एम. पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड में वर्तमान में कुशल एवं अकुशल, नियमित तथा अनियमित कुल 1726 छत्तीसगढ़ के स्थानीय श्रमिक कार्यरत हैं। नामवार **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** इकाई मेसर्स आर.के.एम. पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड को उत्पादन पश्चात औद्योगिक नीति के अंतर्गत किसी प्रकार का औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नहीं दिया गया है, अतः इकाई को औद्योगिक नीति के नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम प्रतिशत में राज्य के मूल निवासियों को रोजगार दिये जाने की अनिवार्यता लागू नहीं होती है । **(ग)** श्रम पदाधिकारी, जिला-सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार आर.के.एम. पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत छत्तीसगढ़ के स्थानीय कुशल एवं अकुशल श्रमिकों एवं कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ शासन के श्रम अधिनियम के अनुसार निर्धारित समय सीमा तक कार्य लिया जा रहा है तथा छ.ग. शासन द्वारा निर्धारित वेतन दर से श्रमिको एवं कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा रहा है जो कि निम्नानुसार है:-

	अकुशल	अर्धकुशल	कुशल	उच्च कुशल
दैनिक वेतन दर	430/-	455/-	485/-	515/-

पण्डरिया वि.स. क्षेत्र के मुख्य बजट में शामिल सड़कों की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

7. (*क्र. 238) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 तक कितनी लम्बाई के कुल कितनी नवीन सड़कों का निर्माण किया गया है? लम्बाई एवं लागत सहित विकासखंडवार जानकारी देवें। **(ख)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के मुख्य बजट में शामिल कितनी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं कितनी सड़कों का निर्माण कार्य निर्माणाधीन एवं अप्रारम्भ है ? अद्यतन स्थिति सहित विकासखंडवार जानकारी देवें । **(ग)** प्रश्नांश 'ख' में उल्लेखित एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के मुख्य बजट में शामिल सड़कों में से कितनी सड़कें निविदा स्तर पर लम्बित हैं एवं कितनी सड़कों का निविदा कार्य पूर्ण हो चुका है ? अद्यतन स्थिति सहित विकासखंडवार जानकारी देवें ।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

रायगढ़ जिला में वि.ख. पुसौर के सूपा से वि.ख. खरसिया के कुर्रूभाठा मार्ग निर्माण की स्थिति

[लोक निर्माण]

8. (*क्र. 37) श्री उमेश पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- रायगढ़ जिला के विकासखण्ड पुसौर के सूपा से विकासखण्ड खरसिया के कुर्रूभाठा मार्ग निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है? जानकारी देवें मार्ग निर्माण के कार्य में किस कारण से विलंब है? कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

निवेशक सम्मेलनों के आयोजन में व्यय राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

9. (*क्र. 300) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2019 से 2023 तक उद्योग विभाग द्वारा कितने निवेशक सम्मेलन, किन-किन शहरों में कब-कब आयोजित किये ? इन आयोजनों पर कितनी-कितनी राशि व्यय की गई ? आयोजनवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश "क" के सम्मेलनों के बाद किन-किन कंपनियों से, किन-किन उद्योगों हेतु, कितनी-कितनी राशि के एमओयू किये गये ? एमओयू के आधार पर किन-किन कंपनियों ने प्रदेश में कितने उद्योगों में कितनी-कितनी राशि का निवेश किया? वर्षवार, कम्पनीवार जानकारी उपलब्ध करावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) सी.एस.आई.डी. सी. से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2019 से 2023 तक उद्योग विभाग द्वारा कुल 05 निवेशक सम्मेलन विभिन्न स्थानों यथा कनाडा, कोलोन जर्मनी, बोस्टन-न्यूयॉर्क संयुक्त राज्य अमेरिका, बाली इण्डोनेशिया तथा नई दिल्ली में आयोजित किये गये । आयोजनों में कुल राशि 4,08,19,530 (शब्दो में राशि रू. चार करोड आठ लाख उन्नीस हजार पांच सौ तीस) का व्यय हुआ है। आयोजनवार **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-अ** में दर्शित है।

(ख) राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रश्नांश **(क)** की अवधि में उद्योग स्थापना हेतु कुल 218 एम. ओ यू. निष्पादित किये गये है, जिसमें राशि रू. 127922.54 करोड (शब्दों में राशि रू. एक लाख सत्ताईस हजार नौ सौ बाईस दशमलव पांच चार करोड) का पूंजी निवेश प्रस्तावित है। वर्तमान में 186 एमओयू प्रभावशील है। जो **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** में दर्शित है। इनमें निवेशकों से प्राप्त जानकारी अनुसार राशि रू. 19898.37 करोड़ (शब्दों में राशि रू. उन्नीस हजार आठ सौ अन्ठ्यानवे दशमलव तीन सात करोड़) का निवेश किया गया है। इन एमओयू में निवेशित राशि की जानकारी वर्षवार, कंपनीवार **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** के कालम-6 में दर्शित है। उक्त अवधि में निष्पादित एमओयू में से 32 एमओयू निरस्त किये गये है। **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** में दर्शित है।

<u>जाया स्पेशलिटी केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, राजनांदगाँव द्वारा प्रदूषण होने पर कार्यवाही</u>

[वाणिज्य एवं उद्योग]

10. (*क्र. 101) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** ग्राम मोहदी, विकासखंड व जिला राजनांदगाँव में स्थापित जया स्पेशलिटी केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना कब की गई है? स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण कब और कहाँ-कहाँ से लिया गया? जानकारी देवें ? **(ख)** जया केमिकल्स के प्रदूषण, दुर्गंध को लेकर कब-कब, कौन कौन से ग्रामों के ग्रामीणों से शिकायत प्राप्त हुई ? शिकायत पर क्या कार्यवाही की गयी? क्या उद्योग से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु विशेष यंत्र लगाए गए हैं तथा उससे वायु प्रदूषण में कितने प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है? जानकारी देवें ? **(ग)** क्या एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया गया है? यदि हाँ तो कब लिया गया और कब तक एन. ओ. सी. की वैधता है? यदि नहीं लिया गया है तो क्या-क्या कार्यवाही की गयी है? जानकारी देवें ? **(घ)** जया स्पेशलिटी केमिकल्स द्वारा सी. एस. आर. मद में वर्ष 2021-22 से 20/06/2025 तक कितनी राशि जमा की गयी है? स्थापित ग्राम मोहदी और प्रभावित ग्राम भोथी, शेरगढ़, जालबंधा में सी. एस. आर. मद की कितनी राशि से सामाजिक कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य में खर्च की गई है ? जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) ग्राम मोहंदी, विकासखंड व जिला राजनांदगाँव में स्थापित जया स्पेशलिटी केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड का उत्पादन दिनांक 01 सितंबर, 2022 है। स्थापना हेतु लिए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र की सूची **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है। **(ख)** मेसर्स जया स्पेशिलिटी केमिकल्स प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम मोहंदी, विकासखंड व जिला राजनांदगांव के धुएँ से हो रही परेशानी के संबंध में सुशासन तिहार, 2025 के अंतर्गत आवेदक श्री गुमान साहू, ग्राम-मोहंदी, तहसील व जिला-राजनांदगांव से शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के संबंध में पर्यावरण संरक्षण मण्डल, भिलाई के कार्यालयीन दल द्वारा दिनांक 07 मई, 2025 को उद्योग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उद्योग से वायु प्रदूषण की स्थिति नहीं पाई गई। उद्योग परिसर में फिनॉलिक रसायनों की हल्की गंध महसूस की गई थी। पुनः उद्योग का निरीक्षण पर्यावरण संरक्षण मण्डल, भिलाई के कार्यालयीन दल द्वारा दिनांक 30 जून, 2025 को किया गया। उद्योग में वायु प्रदूषण की स्थिति नहीं पाई गई एवं गंध महसूस नहीं हुई। उद्योग में वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु उद्योग के थर्मिक फ्लूड हीटर में साईक्लोनिक डस्ट कलेक्टर एवं वेट बैट स्क्रबर स्थापित किया गया है। उद्योग को जारी जल एवं वायु सम्मति में चिमनी उत्सर्जन की अधिकतम सीमा 50 माईक्रोग्राम / घनमीटर निर्धारित की गई है। **(ग)** उद्योग द्वारा एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का प्रावधान नहीं है। अतः कार्यवाही का प्रश्न नहीं है। **(घ)** कंपनी अधिनियम,

2013 की धारा-135 के तहत इकाई मेसर्स जया स्पेशिलिटी केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम-मोहंदी सी.एस.आर. के दायरे में नहीं आती है, अतः जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना का क्रियान्वयन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

11. (*क्र. 230) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के कितने जिलों के, कितने गांवों के, कितने परिवारों को जल जीवन मिशन के तहत योजना प्रारंभ में नल-जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य था? इस हेतु कितनी राशि का प्रावधान किया गया था? **(ख)** योजना प्रारंभ तिथि से दिसंबर, 2023 तक किस-किस जिले में कितना प्रतिशत कार्य हुआ, कितनी राशि का भुगतान हुआ? कितने गांव के कितने घरों में नल जल उपलब्ध कराया गया ? **(ग)** जनवरी, 2024 से अब तक कितने गांव के कितने परिवार को नल-जल उपलब्ध कराया गया? कितने प्रतिशत कार्य हुआ? कितनी राशि का भुगतान हुआ? अब तक योजना व्यय बढ़कर कितना हो गया ? कुल कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है ? कुल कितनी राशि का भुगतान हुआ है ? **(घ)** योजना प्रारंभ तिथि से अब तक कितने ठेकेदारों के विरूद्ध कितना अर्थदण्ड लगाया गया? कितनी वसूली की गयी? कितने ठेकेदारों के विरूद्ध एफ.आई.आर. करायी गयी है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क)प्रदेश के 33 जिलों के 19659 गांवों के 4998249 परिवारों को जल जीवन मिशन के तहत योजना प्रारंभ में नल जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इस हेतु राशि रू. 2646574.00 लाख का प्रावधान किया गया है। **(ख)** योजना प्रारंभ तिथि से दिसम्बर 2023 तक घरेलू नल कनेक्शन कार्य के प्रतिशत की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। राशि रू. 940786.56 लाख का भुगतान हुआ है। 16291 गांव के 26,79,313 घरों में नल जल उपलब्ध कराया गया। **(ग)** जनवरी, 2024 से अब तक 10151 गांव के 4,37,085 परिवारों को नल जल उपलब्ध कराया गया। 7.1 प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन कार्य हुआ। राशि रू. 563784.64 लाख का भुगतान हुआ। अब तक योजना व्यय बढ़कर राशि रू. 1504571.20 लाख हो गया। कुल 80.95 प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन कार्य पूर्ण हुआ है। कुल राशि रू. 1504571.20 लाख का भुगतान हुआ है। **(घ)** योजना प्रारंभ तिथि से अब तक 4983 ठेकेदारों के विरूद्ध राशि रू. 4574.90 लाख अर्थदण्ड लगाया गया। राशि रू. 1458.09 लाख वसूली की गयी। 02 ठेकेदारों के विरूद्ध एफ.आई.आर. करायी गयी है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छः"]

रायपुर में संचालित अमृत मिशन योजना के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

12. (*क्र. 137) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अमृत मिशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 2024-2025 तक कितनी राशि केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई है, इस राशि में से कितनी राशि रायपुर नगर निगम को मिली है ? **(ख)** कंडिका **(क)** की राशि में से कितनी-कितनी राशि का कार्य कंडिका **(क)** के क्षेत्र में कहां-कहां कराया गया ? इस कार्य संपादन के लिये किन-किन को कार्य आदेश, कितने कामों के लिये दिये गये व कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया ? **(ग)** कंडिका **(क)** की राशि में किन-किन वार्डो में कार्य पूर्ण हुआ है ? क्या इस कार्य से जल सप्लाई सहित अन्य कार्य शुरू हो गए हैं ? अगर नहीं तो इसके लिये किन-किन अधिकारियों के खिलाफ जवाबदेही सुनिश्चित की गई है, नहीं तो क्यों ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) अमृत मिशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 2024-2025 तक परियोजना मद में राज्य को कुल राशि रू. 56122.40 लाख केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई है, इस राशि में से कुल राशि रू. 17432.98 लाख रायपुर नगर निगम को प्रदान की गयी है। **(ख)** प्रश्नांश 'ख' की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** प्रश्नांश 'ग' की **जानकारी संलग्न प्रपत्र में समाहित है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

जिला जांजगीर-चांपा में उद्योग स्थापना के लिए अधिग्रहित जमीन

[वाणिज्य एवं उद्योग]

13. (*क्र. 96) श्री ब्यास कश्यप : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जांजगीर-चांपा में वर्ष 2022 से जून, 2025 तक पॉवर प्लांट या अन्य उद्योग स्थापना के लिए कितने एम.ओ.यू. हुए हैं? संबंधित संस्थानों के नाम एवं क्षेत्र का नाम, जहां औद्योगिक संस्थान स्थापित होने हैं, की जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के संबंध में जांजगीर-चांपा जिले में उद्योग स्थापना के लिए कितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया है? कितने अधिग्रहित करने शेष हैं? कितनी मुआवजा राशि भू-स्वामियों को वितरित की जा चुकी है तथा कितनी शेष हैं? **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' की कितनी अधिग्रहित भूमि पर उद्योग स्थापित हो चुके हैं? कितने प्रक्रियाधीन हैं तथा कितने संस्थानों द्वारा उद्योग स्थापना से इंकार किया गया है? संबंधित संस्थानों के नाम सहित जानकारी प्रदान करें? **(घ)** जांजगीर-चांपा जिले में किन-किन ग्रामों में कितनी ऐसी अधिग्रहित भूमि हैं, जिनका मुआवजा वितरित हो चुका है, किन्तु उद्योग स्थापित नहीं हुए हैं ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला जांजगीर चांपा में वर्ष 2022 से जून, 2025 तक पॉवर प्लांट या अन्य उद्योग स्थापना के लिये कोई एम.ओ.यू. नहीं हुआ है. तथापि इसके स्थान पर नवीन प्रणाली के अनुसार प्रश्नाधीन अवधि में, जांजगीर चांपा में एक इकाई मेसर्स बीईएमएल लिमिटेड, बेंगलुरू, कर्नाटक के लिए "इन्वीटेशन टू इन्वेस्ट" पत्र जारी किया गया है। जिसकी जानकारी **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** में दर्शित है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के संबंध में जांजगीर-चांपा जिले में उद्योग स्थापना के लिए भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है। अतः मुआवजा राशि संबंधी जानकारी निरंक है। **(ग)** प्रश्नांश "ख" के संबंध में जानकारी निरंक है। **(घ)** सी.एस.आई.डी.सी. रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार जांजगीर-चांपा जिले में अधिग्रहित भूमि की अद्यतन स्थिति **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

महासमुंद के करणी कृपा स्टील प्लांट में दुर्घटनाओं में मृत मजदूरों के परिवार को प्रदत्त सहायता

[श्रम]

14. (*क्र. 205) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुन्द तहसील के तुमगांव क्षेत्र में स्थापित करणी कृपा स्टील प्लांट में स्थापना वर्ष से अब तक कुल कितने मजदूरों की मृत्यु हुई है? उपरोक्त मृत्युओं के कारण क्या हैं? क्या इनमें से कोई भी औद्योगिक दुर्घटना/गैस/रिसाव/उपकरण विफलता/उष्मा चक्र प्रणाली से जुड़ रही है? **(ख)** क्या इन मजदूरों की मृत्यु के संबंध में किसी प्रकार की जांच समिति गठित की गई है? मृत मजदूरों के आश्रितों - पत्नी/पति/बच्चों - को अब तक क्या-क्या सहायता राज्य सरकार और करणी कृपा स्टील प्लांट कंपनी द्वारा प्रदान की गई है? क्या करणी कृपा स्टील प्लांट द्वारा इंडस्ट्रियल सेफ्टी एक्ट, फैक्ट्री एक्ट एवं एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन एक्ट का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है? क्या अब तक की गई किसी सेफ्टी ऑडिट अथवा पर्यावरणीय आडिट की रिपोर्ट सरकार के पास उपलब्ध है? **(ग)** क्या यह सत्य है कि ग्रामीणों की शिकायत अनुसार, प्लांट से निकलने वाले

धुएं और औद्योगिक अपशिष्ट से आसपास की धान की फसलें काली और क्षतिग्रस्त हो रही हैं, जिससे राइस मिलर्स उसे खरीदने से इंकार कर रहे हैं? यदि हां, तो क्या प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कोई कार्रवाई की गई है? उन्हें मुआवजा कब मिलेगा?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) मेसर्स करणीकृपा पॉवर प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-खैरझिटी एवं कौवाझर, तहसील एवं जिला-महासमुंद (छ.ग.) में स्थापना वर्ष 2023 से दिनांक 24.06.2025 तक घटित 04 दुर्घटनाओं में कुल 05 श्रमिकों की मृत्यु हुई है। उक्त दुर्घटनाओं में मृत्यु का कारण **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** हाँ, उक्त 04 औद्योगिक दुर्घटनाओं में 01 दुर्घटना उपकरण विफलता के कारण हुई है।**(ख)** इन मजदूरों की मृत्यु के संबंध में किसी भी प्रकार की जांच समिति का गठन नहीं किया गया है। मृत श्रमिकों के आश्रितों को प्रदाय की गयी सहायता राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** विभाग द्वारा कारखाने में मृत श्रमिक के आश्रितों को सहायता राशि प्रदाय नही किया गया है। जी हाँ, मेसर्स करणीकृपा पॉवर प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-खैरझिटी एवं कौवाझर, तहसील एवं जिला- महासमुंद (छ.ग.) द्वारा कारखाना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसकी जांच कारखाने में निरीक्षण के दौरान की जाती है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जानकारी दी गयी है कि, उद्योग के द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों का पालन किया जा रहा है। जी हाँ, कारखाने द्वारा कराए गए सेफ्टी ऑडिट की रिपोर्ट विभाग के पास उपलब्ध है एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जानकारी दी गयी है कि,उद्योग को भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा ई.आई.ए. अधिसूचना, 2006 (यथा संशोधित) के तहत जारी पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र में पर्यावरणीय आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की शर्त निहित नहीं है।**(ग)** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जानकारी दी गयी है कि, कार्यालय उप संचालक कृषि, महासमुंद से प्राप्त जानकारी अनुसार किसानो द्वारा उत्पादित धान को वहां के राइस मिलर्स द्वारा औद्योगिक अपशिष्ट पदार्थ से नुकसानित धान को खरीदने से इंकार नहीं किया गया है अथवा किसी प्रकार की शिकायत किसानो से प्राप्त नहीं हुई है। अतः प्रश्नाधीन क्षेत्र में मेसर्स करणीकृपा पावर प्राईवेट लिमिटेड से निकलने वाले धुंए और औद्योगिक अपशिष्ट से आसपास की धान की फसलें काली और क्षतिग्रस्त होने जैसी स्थिति नहीं है। अतः किसी कार्यवाही अथवा मुआवजा का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

जिला कोंडागांव में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

15. (*क्र. 276) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जल जीवन मिशन अंतर्गत कोंडागांव जिले में कितने ग्रामों में योजना अंतर्गत कार्य प्रस्तावित हैं तथा कब तक कार्य पूर्ण होना प्रस्तावित है,योजना के प्रगति की अद्यतन रिपोर्ट दें? वर्तमान में कितने ग्रामों में जल प्रदाय योजना प्रारंभ हो चुकी है तथा कितने हितग्राही इससे लाभान्वित हैं, ग्राम वार जनसंख्यावार जानकारी दें। **(ख)** योजना अंतर्गत पेय जल प्रदाय करने हेतु जल श्रोत का विवरण प्रदाय किया जाए? क्या कोंडागांव जिले अंतर्गत ग्रामवार पर्याप्त जल श्रोत उपलब्ध है? यदि हां तो उक्त जल श्रोत से कब तक योजना में जल प्रदाय किया जा सकेगा? भविष्य में भारी जल संकट को देखते हुए आगामी समय में जल प्रदाय करने हेतु क्या कार्ययोजना प्रस्तावित है जानकारी देवें। **(ग)** जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामों में क्या-क्या निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं तथा क्या उक्त निर्माण कार्य हेतु विभाग को कोई शिकायत प्राप्त हुई है तथा उक्त प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई है, जानकारी देवें। **(घ)**जिले अंतर्गत ऐसे कितने ग्राम हैं, जिनमें 80 प्रतिशत राशि का भुगतान कर दिया गया है तथा क्या उक्त भुगतान पश्चात भी ग्राम वासियों को पेयजल सुविधा

पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हुई है? यदि हां, तो इस हेतु अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य संबंधित पर क्या कार्यवाही की गई है, भुगतानवार, कार्यवाहीवार, जानकारी देवे।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) जल जीवन मिशन अंतर्गत कोण्डागांव जिले के 571 ग्रामों में नलजल योजना का कार्य प्रस्तावित है। कार्य पूर्ण की लक्षित तिथि एवं योजना की प्रगति की अद्यतन रिपोर्ट की स्थिति **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र–अ** अनुसार है। वर्तमान में 118 ग्रामों में पूर्ण रूप से एवं 227 ग्रामों में आंशिक रूप से पेयजल प्रदाय प्रारंभ हो चुका है तथा योजना से 102503 हितग्राही परिवार एवं 456734 जनसंख्या लाभान्वित है। ग्रामवार जनसंख्यावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र–अ** अनुसार है। **(ख)** योजनांतर्गत पेयजल प्रदाय करने हेतु जल स्त्रोत का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। कोण्डागांव जिले अंतर्गत 571 ग्रामों में से 558 ग्रामों में पर्याप्त जल स्त्रोत उपलब्ध है। उपरोक्त ग्रामों में से 118 ग्रामों में पूर्ण रूप से एवं 227 ग्रामों में आंशिक रूप से पेयजल प्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है। पूर्ण रूप से पेयजल प्रदाय प्रारंभ कि तिथि एवं शेष आंशिक रूप से पेयजल प्रदाय ग्रामों की लक्षित तिथि **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। पेयजल प्रदाय अप्रारंभ ग्रामों की पूर्ण रूप से पेयजल प्रदाय की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। ग्रामवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। आगामी समय में, (30 वर्षो तक) ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रदाय सुनिश्चित करने हेतु जल जीवन मिशन योजना प्रगतिरत है। भविष्य में जल संकट एवं जल प्रदाय हेतु स्त्रोंत सुदृढ़िकरण जैसे कार्य किये जावेगें। **(ग)** जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामों में स्त्रोत निर्माण, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय जलागार, सम्पवेल, स्टील स्ट्रक्चर, सोलर आधारित यू.पी.व्ही.सी. पानी टंकी क्षमता 10000 ली. 09 मी. एवं 12 मी. स्टेजिंग, पाईप लाईन, घरेलू नल कनेक्शन, स्वीच रूम, क्लोरिनेटर रूम, बाउण्ड्रीवॉल, पंप स्थापना, एवं अन्य सिविल कार्य इत्यादि निर्माण कार्य कराये जा रहे है। जी हां। उक्त निर्माण कार्यो के संबंध में विभाग को प्राप्त शिकायत एवं की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(घ)** जिले अंतर्गत कुल 157 ग्रामों में 80 प्रतिशत तथा अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। उपरोक्त 135 ग्रामों में से, 70 ग्रामों में पूर्ण रूप से तथा 65 ग्रामों में आंशिक रूप से ग्रामवासियों को पेयजल सुविधा प्रदाय किया जा रहा है एवं 22 ग्रामों में पेयजल प्रदाय अप्रारंभ है। पेयजल सुविधा पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं होने के कारणों तथा संबंधित ठेकेदारों पर की गई कार्यवाही की भुगतानवार, कार्यवाहीवार, जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है।

सरायपाली उपसंभाग में सड़क/भवन मरम्मत एवं संधारण हेतु प्राप्त आबंटन

[लोक निर्माण]

16. (*क्र. 284) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2023 से 19 जून, 2025 तक महासमुंद जिले के सरायपाली उपसंभाग के अंतर्गत सड़क/भवन मरम्मत एवं संधारण हेतु कितनी राशि कब-कब प्राप्त हुई है ? प्राप्त राशि को किन-किन कार्यों के लिए कब-कब खर्च किया गया है ? कार्य का नाम, खर्च की गई राशि की जानकारी वर्षवार बताएं। **(ख)** क्या सड़क/भवन मरम्मत एवं संधारण कार्य में गड़बड़ी की जांच विभाग द्वारा कराई गई थी? यदि हां, तो किसके द्वारा जांच की गई थी और जांच में कौन-कौन दोषी पाए गए थे? दोषी अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई है? जांच प्रतिवेदन की कॉपी सहित पूर्ण जानकारी दें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हां, भवन मरम्मत एवं संधारण कार्य अंतर्गत 96/डीएल वर्ष 2023-24 में शिकायक प्राप्त होने पर मुख्य अभियंता, लोनिवि, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर द्वारा गठित जांच टीम द्वारा जांच किया गया है। शिकायतकर्ता द्वारा अपना आवेदन पत्र वापस लेने के अनुरोध पर छ.ग. शासन, लोनिवि, मंत्रालय नवा रायपुर के पत्र क्र.

919/2244/2024/19/शि. नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 17.03.2025 द्वारा शिकायत को नस्तीबद्व किया गया है। विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

जिला धमतरी अंतर्गत संचालित उद्योग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

17. (*क्र. 69) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला धमतरी में कौन-कौन से उद्योग कहां-कहां स्थापित हैं? उन उद्योगों के मालिक कौन-कौन हैं? **(ख)** प्रश्नांक "क" के तहत स्वीकृत उद्योगों द्वारा वर्ष 2022 से जून 2025 तक संचालन में नियम शर्तों का पालन नहीं किये जाने से उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** प्रश्नांक "क" के तहत स्वीकृत एवं संचालित उद्योगों में कितने स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, धमतरी में कुल 410 उद्योग पंजीकृत हैं। इकाई स्वामी के नाम सहित उद्योगों की सूची**विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र -अ** पर दर्शित है। **(ख)** उत्तरांश **(क)** में उल्लेखित उद्योगों के विरूद्ध वर्ष 2022 से जून, 2025 तक संचालन के नियम शर्तों के पालन नहीं किये जाने के संबंध में कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, धमतरी को कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत प्रावधानित सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण से संबंधित प्रावधानों का प्रवर्तन कराया जाता है। वर्ष 2022 से जून, 2025 की अवधि में धमतरी जिला के उद्योगों में नियमानुसार कार्यवाही की गयी है। **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। श्रम पदाधिकारी, धमतरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रश्नांश अवधि में श्रम कानूनों के उल्लंघन की दो शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें की गयी कार्यवाही का**विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रश्नांश अवधि में पर्यावरण नियमों तथा शर्तों के पालन नहीं किये जाने वाले उद्योगों की संख्या 10 है, जिन पर की गयी कार्यवाही का**विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द** अनुसार है। है। **(ग)** कंडिका "क" के तहत् कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र, धमतरी में पंजीकृत उद्योगों में कुल 4934 छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उद्योगवार **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** पर दर्शित है।

श्रम विभाग द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाएं

[श्रम]

18. (*क्र. 104) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** श्रम विभाग द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं में से किन-किन योजनाओं का लाभ विधानसभा मोहला-मानपुर क्षेत्र अंतर्गत कितने परिवारों को मिला है? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत वर्ष 2023 से दिनांक 20/06/2025 तक संगठित एवं असंगठित कर्मकारों द्वारा कितने आवेदन प्राप्त हुए? कितने आवेदनों का निराकरण किया गया? लंबित आवेदनों का निराकरण कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा? **(ग)** प्रश्नांश (क) क्षेत्र में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में श्रम विभाग अंतर्गत कितने आवेदन किन-किन विषयों पर प्राप्त हुए तथा कितनों का निराकरण हुआ? लंबित आवेदनों के निराकरण नहीं होने के क्या कारण हैं? लंबित आवेदनों का कब तक निराकरण किया जावेगा?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल की हितग्राही मूलक योजनाओं में विधानसभा मोहला-मानपुर क्षेत्र अंतर्गत लाभांवित परिवारों की मंडलवार एवं योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं में विधानसभा मोहला-मानपुर क्षेत्र अंतर्गत कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए है। अतः लाभांवित परिवारों की जानकारी निरंक है। **(ख)** श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत वर्ष 2023 से दिनांक 20/06/2025 तक विधानसभा मोहला-मानपुर क्षेत्र अंतर्गत मंडलों में संचालित योजनाओं हेतु प्राप्त, निराकृत एवं लंबित आवेदनों तथा लंबित आवेदनों के निराकरण किये जाने संबंधी मंडलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।**(ग)** विधानसभा मोहला-मानपुर क्षेत्र अंतर्गत सुशासन तिहार कार्यक्रम में श्रम विभाग को प्राप्त, निराकृत एवं लंबित आवेदनों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

जल जीवन मिशन अंतर्गत ट्यूबवेल खनन का लक्ष्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

19. (*क्र. 348) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना में कुल कितने ट्यूबवेल्स खनन का लक्ष्य था? कितनी राशि स्वीकृत थी? कितने ट्यूबवेल खनन होकर जल आपूर्ति प्रारंभ हो गई? कितने ट्यूबवेल खनन शेष हैं? कितनी राशि का भुगतान हो चुका है? कितने ट्यूबवेल खनन पश्चात् जल स्रोत नहीं मिल पाये हैं? जिलेवार, वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** जल जीवन मिशन योजना में प्रारंभ तिथि से अब तक कुल कितनी राशि व्यय हुई? केन्द्र सरकार से कितनी राशि प्राप्त हुई है? राज्य सरकार द्वारा कितनी राशि प्रदान की गई? वर्षवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ट्यूबवेल्स खनन पृथक से कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं होता है, अपितु विस्तृत कार्य योजना में अतिरिक्त नलकूप भू-जल स्त्रोत का प्रावधान है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत नल जल योजना में 19313 नलकूपों का अतिरिक्त भू-जल स्त्रोत के रूप में प्रावधान है। राशि रू. 24383.95 लाख प्रावधानित है। 8934 ट्यूबवेल खनन होकर जल आपूर्ति प्रारंभ हो गई है। 5662 ट्यूबवेल खनन शेष हैं । राशि रू. 9616.57 लाख का भुगतान हो चुका है। 3755 खनित नलकूपों में योजना हेतु पर्याप्त जल आवक क्षमता प्राप्त नहीं हुई है। जिलेवार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जल जीवन मिशन योजना में प्रारंभ तिथि से अब तक कुल राशि रू. 1504571.20 लाख व्यय हुई । केन्द्र सरकार से कुल राशि रू. 617832.95 लाख प्राप्त हुई है। राज्य सरकार द्वारा कुल राशि रू. 941971.17 लाख प्रदान की गई। वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है।

नगर पालिक निगम, रायपुर अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

20. (*क्र. 319) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्रमांक 09 अंतर्गत सड्डू बाजार से केपिटल सिटी फेस-01 एवं केपिटल होम्स तक निर्माणाधीन कांक्रीटीकरण सड़क तथा चंदन गुप्ता के घर से बालाजी हॉस्पिटल के पीछे रोड़ में सी0सी0 रोड कार्य गुणवत्ताहीन होना पाया गया? उक्त गुणवत्ताहीन निर्माण के

कारण संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई? **(ख)** इसी प्रकार रहेजा स्काई स्क्रैप्स से बाजार चौक एवं एकता चौक सड्डू होते हुए वर्तमान नाला पुलिया तक नाला निर्माण के संबंध में गुणवत्ताहीन निर्माण एवं ढाल उल्टा बनाये के कारण संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' एवं ''ख'' में गुणवत्ताहीन सड़क एवं नाली का पुनः निर्माण किये जाने के संबंध में आदेश कब किया गया? उक्त कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? उक्त निर्माण कार्य की समय-सीमा एवं अनुमानित लागत के संबंध में जानकारी देवें? **(घ)** उक्त तीनों कार्यों हेतु भुगतान की गई राशि की जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्र.-09 अंतर्गत सड्डू बाजार से केपिटल सिटी फेस-01 एवं केपिटल होम्स तक निर्माणाधीन सड़क तथा चंदन गुप्ता के घर से बालाजी हास्पिटल के पीछे रोड में सी.सी रोड निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन पाया गया है। उक्त गुणवत्ताहीन निर्माण हेतु कार्य से संबंधित दो उप अभियंताओं को निलंबित किया गया था, जिनको बहाल कर अन्यत्र पदस्थ करते हुए उनके विरूध्द विभागीय जॉच संस्थित की गई है। ठेकेदार को किसी तरह का भुगतान नहीं किया गया है एवं निविदा प्रपत्र अ के '' जनरल रूल्स् एण्ड डायरेक्शन फार द गाईडेन्स ऑफ कान्ट्रेक्टरर्स अंतर्गत क्लॉश 03 (ii) बी " के तहत ठेकेदार को त्रुटि सुधार प्रारंभ करने हेतु एक सप्ताह का समय दिया गया, किन्तु उसके द्वारा सुधार कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने के कारण ठेकेदार को अनुबंध निरस्त करने हेतु अंतिम नोटिस दिया गया है। **(ख)** रहेजा स्काई स्कैप्स से बाजार चौक एवं एकता चौक सड्डू होते हुए वर्तमान नाला पुलिया तक के निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन निर्माण के संबंध में संबंधित ठेकेदार को समय-समय पर नोटिस देकर गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार कराया गया है। पत्र के माध्यम से ठेकेदार को कुछ स्थानों पर ढाल ठीक नही होने के कारण ठीक करने हेतु भी निर्देशित किया गया है। उक्त कार्य में सुधार हेतु प्रथम चल देयक में से रू. 1.41 लाख की राशि रोकी गई है। **(ग)** नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्र.-09 अंतर्गत सड्डू बाजार से केपिटल सिटी फेस-01 एवं केपिटल होम्स तक निर्माणाधीन सड़क के पुनः निर्माण हेतु आदेश/नोटिस दिनांक 28.02.2025, 07.03.2025, 09.05.2025 एवं 06.06.2025 जारी किये गये है। उक्त कार्य वर्षा ऋतु उपरांत 02 माह की अवधि में पूर्ण किया जाना संभावित है। उक्त कार्य की समय सीमा (कार्यादेश अनुसार) 03 माह एवं अनुमानित लागत राशि रू. 32.46 लाख है। चंदन गुप्ता के घर से बालाजी हास्पिटल के पीछे रोड में सी.सी रोड निर्माण कार्य के पुनः निर्माण हेतु आदेश/नोटिस दिनांक 06.12.2024, 13.02.2025, 16.06.2025 एवं 23.06.2025 जारी किये गये है। उक्त कार्य वर्षा ऋतु उपरांत 02 माह की अवधि में पूर्ण किया जाना संभावित है। उक्त कार्य की समय सीमा (कार्यादेश अनुसार) 06 माह एवं अनुमानित लागत राशि रू. 19.85 लाख है। रहेजा स्काई स्कैप्स से बाजार चौक एवं एकता चौक सड्डू होते हुए वर्तमान नाला पुलिया तक के निर्माण कार्य के पुनः निर्माण हेतु आदेश/नोटिस दिनांक 02.04.2025 एवं 06.06.2025 जारी किये गये है। उक्त कार्य वर्षा ऋतु उपरांत 04 माह की अवधि में पूर्ण किया जाना संभावित है। उक्त कार्य की समय सीमा (कार्यादेश अनुसार) 06 माह एवं अनुमानित लागत राशि रू. 91.61 लाख है। **(घ)** नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्र.-09 अंतर्गत सड्डू बाजार से केपिटल सिटी फेस-01 एवं केपिटल होम्स तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार को किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया है। चंदन गुप्ता के घर से बालाजी हास्पिटल के पीछे रोड में सी.सी रोड निर्माण कार्य निर्माण कार्य में ठेकेदार को किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया है। रहेजा स्काई स्कैप्स से बाजार चौक एवं एकता चौक सड्डू होते हुए वर्तमान नाला पुलिया तक के निर्माण कार्य हेतु ठेकेदार के प्रथम चल देयक से राशि रू. 1.41 लाख रोककर राशि रू. 23.68 लाख का भुगतान किया गया है।

जिला बेमेतरा अंतर्गत श्रम विभाग में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन

[श्रम]

21. (*क्र. 408) श्री दीपेश साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** श्रम विभाग अंतर्गत शासन द्वारा जिला बेमेतरा में संचालित योजनाओं में मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना/श्रमिक पंजीयन/मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग योजना/दीदी ई-रिक्शा योजना के तहत् वर्ष जनवरी, 2024 से दिनांक 20/06/2025 तक कितने आवेदन प्राप्त हुये हैं? कितने आवेदन स्वीकृत हुये हैं? कितने अस्वीकृत हुये? आवेदन स्वीकृति एवं अस्वीकृति के कारणों की विस्तृत जानकारी प्रदान करें? **(ख)** इन योजनाओं में कितने आवेदन अस्वीकृत होने के बाद पुनः आवेदन किये जाने के बाद स्वीकृत हुये हैं? **(ग)** विभाग की योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदन की वस्तुस्थिति जानने के लिये रिमार्क/टिप्पणी नहीं दर्शाये जाने के कारणों का उल्लेख करें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अधीन छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना तथा दीदी ई-रिक्शा योजना के तहत जिला-बेमेतरा में दिनांक 01.01.2024 से 20.06.2025 तक प्राप्त, स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदन तथा अस्वीकृति के कारणों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** श्रम विभाग के अधीन छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत श्रमिक पंजीयन हेतु जिला-बेमेतरा में दिनांक 01.01.2024 से 20.06.2025 तक प्राप्त, स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदन तथा अस्वीकृति के कारणों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के नियोक्ता द्वारा श्रम विभागीय ऑनलाईन पोर्टल में श्रमिकों के नाम इत्यादि की प्रविष्टि की जाती है, जिससे श्रमिक स्वतः पंजीकृत हो जाते है। जिला बेमेतरा में दिनांक 01.01.2024 से 20.06.2025 तक 196 संगठित श्रमिक पंजीकृत हुए है।**(ख)** जिला-बेमेतरा में दिनांक 01.01.2024 से 20.06.2025 तक प्रश्नांकित योजनाओं एवं श्रमिक पंजीयन के आवेदन अस्वीकृत होने के बाद पुनः किये गये आवेदन तथा उनके निराकरण संबंधी **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** एवं **ब अनुसार है।(ग)** विभाग के अधीन संचालित मंडलों की योजनाओं में ऑनलाईन आवेदन की वस्तुस्थिति जानने के लिए, आवेदक द्वारा श्रम विभागीय पोर्टल में आवेदन क्रमांक दर्ज कर वस्तुस्थिति का अवलोकन किया जा सकता है जिसमें श्रम निरीक्षक/श्रम अधिकारी द्वारा की गई रिमार्क/टिप्पणी एवं योजना की वर्तमान स्थिति भी दर्शित होती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

जिला बस्तर एवं चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नए औद्योगिक क्षेत्र हेतु चयनित स्थान

[वाणिज्य एवं उद्योग]

22. (*क्र. 786) श्री विनायक गोयल : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला बस्तर एवं चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन स्थानों को नवीन औद्योगिक क्षेत्र के रूप में चयनित किया गया है ? **(ख)** इनमें अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ावर्ग एवं सामान्य वर्ग के लिए औद्योगिक भू-खण्ड आबंटन का क्या मापदण्ड रखा गया है? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला बस्तर अंतर्गत ग्राम नियानार, तहसील जगदलपुर में रकबा 47.860 (सैतालिस दशमलव आठ छः शून्य) हेक्टेयर भूमि को नवीन औद्योगिक क्षेत्र के रूप में चयनित किया गया है। चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत नवीन औद्योगिक क्षेत्रों हेतु स्थल चयनित नहीं है। **(ख)** औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लिए भू-प्रब्याजि में 100

प्रतिशत छूट का प्रावधान है। अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग हेतु भूखण्ड आबंटन प्रावधान संबंधी **विस्तृत विवरण संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। सामान्य वर्ग के उद्यमियों को औद्योगिक विकास अनुसार विकासखण्ड के समूह- 1, 2 तथा 3 स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में सामान्य उद्योग तथा थ्रस्ट सेक्टर उद्योग को भू-आबंटन में भू-प्रब्याजि में छूट का प्रावधान है। विकासखण्डवार **विस्तृत विवरण संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों का निर्माण

[लोक निर्माण]

23. (*क्र. 433) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र की कितनी ग्रामीण सड़कें जर्जर स्थिति में हैं? जानकारी सड़कवार दें? **(ख)** उक्त मार्गों की मरम्मत हेतु कौन-कौन सी कार्ययोजनाएँ बनाई गई हैं? **(ग)** सड़कों का निर्माण कार्य कब तक शुरु करेंगे ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

विधानसभा क्षेत्र भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायतों में पानी टंकियों का निर्माण

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

24. (*क्र. 308) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र भाटापारा के वि.खं.भाटापारा/सिमगा तथा नगर पालिका परिषद भाटापारा एव नगर पंचायत सिमगा में जल जीवन मिशन अंतर्गत 20/06/25 तक कितने पानी टंकियों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका? क्या इन पानी टंकियों से नल जल का विस्तार कर घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य पूर्ण हो चुका है ? विकासखंडवार तथा ग्राम पंचायत व नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में पूर्ण/अपूर्ण कार्यों की विस्तृत जानकारी दें ? **(ख)** विकासखंड भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र के ऐसी कितनी ग्राम पंचायतें हैं, जहां पर जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी एवं नल-जल विस्तार नहीं हो पाया है ? वहां पर नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा क्या व्यवस्था की गई है ? **(ग)** जिन ग्राम पंचायतों में पानी टंकी एवं नल-जल विस्तार का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, वहां पर शुद्ध पेयजल प्रदाय करने हेतु बोर खनन (हैण्डपंप) का कार्य कराया गया है अथवा नहीं ? यदि नहीं तो नहीं कराने के क्या कारण हैं ? **(घ)** क्या जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल विस्तार के लिए ठेकेदार द्वारा सड़कों की खुदाई की गई थी, जिससे सड़क जर्जर एवं खराब हो चुके है? इसके लिए विभाग द्वारा सड़कों की मरम्मत/नवनिर्माण के लिए विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जल जीवन मिशन योजना ग्रामीण क्षेत्र की योजना है, अत: विधानसभा भाटापारा के नगर पालिका परिषद भाटापारा एवं नगर पंचायत सिमगा में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पानी टंकी निर्माण का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। विधानसभा भाटापारा के विकासखंड भाटापारा/सिमगा के ग्राम पंचायतो में जल जीवन मिशन के अंतर्गत दिनांक 20.06.2025 तक 73 पानी टंकियों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है । उक्त पूर्ण 73 पानी टंकियों से नलजल का विस्तार कर घरों में शुद्ध पेयजल पहुँचाने की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। विकासखंडवार तथा ग्राम पंचायतवार पूर्ण/अपूर्ण कार्यो की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** विधानसभा क्षेत्र भाटापारा अंतर्गत विकासखंड भाटापारा के 34 ग्राम पंचायतों के 39 ग्रामों एवं विकासखंड सिमगा के 15 ग्राम पंचायतों के 18 ग्रामों में पानी

टंकी एवं नल जल विस्तार कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। इन ग्राम पंचायतों के नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा पूर्व से स्थापित 491 हैण्डपंप, 192 सिंगल फेस पॉवर पंप, 07 नलजल योजना, 27 स्थल जल योजना एवं 34 सोलर पंप योजना से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। **(ग)** जी नहीं। जिन ग्राम पंचायतों में पानी टंकी एवं नलजल विस्तार का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, वहां पर शुद्ध पेयजल प्रदाय करने के लिये विभाग द्वारा पूर्व से 491 हैण्डपंप, 192 सिंगल फेस पॉवर पंप, 07 नलजल योजना, 27 स्थल जल योजना एवं 34 सोलर पंप योजना स्थापित है। अत: नवीन नलकूप खनन की आवश्यकता नहीं है। **(घ)** जी हाँ। पाईप लाईन बिछाने हेतु ठेकेदारों द्वारा सड़कों की खुदाई की गयी थी। चूँकि पाईप लाईन बिछाने के बाद सड़कों का समतलीकरण कर दिया गया है एवं योजना की टेस्टिंग पश्चात् सडकों का कांक्रीटीकरण कर दिया गया है। इसलिए सड़के जर्जर एवं खराब नहीं हुई है। शेष योजनाओं की टेस्टिंग उपरांत सड़कों का कांक्रीटीकरण योजना में प्रावधानुसार किया जाएगा।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्या में प्राप्त शिकायतों पर कृत कार्यवाही

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

25. (*क्र. 331) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिनांक 20 जून, 2025 की स्थिति में प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कुल कितने कार्य स्वीकृत हैं? इनमें से पूर्ण, अपूर्ण व अप्रारंभ कार्यो की संख्या कितनी है तथा पूर्ण हुए कितने कार्यों में से वर्तमान में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है? जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** विगत 03 वर्षों में जल जीवन मिशन योजना के तहत् जिला-बालोद अंतर्गत स्वीकृत कार्यो में जल स्रोत के बिना पानी टंकी का निर्माण करने, गुणवत्ताहीन कार्य करने, धीमी गति से कार्य करने, कार्यों में अनियमितता करने तथा अन्य प्रकार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है या मामला विभाग के जानकारी में आया है तथा इन मामलों पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है? विकासण्डवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) दिनांक 20 जून 2025 की स्थिति में प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कुल 29011 कार्य (नल जल योजना) स्वीकृत है। इनमें से 11596 कार्य पूर्ण, 17138 कार्य अपूर्ण व 277 कार्य अप्रारंभ है तथा पूर्ण 9492 कार्यो में से वर्तमान में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र–अ** अनुसार है। **(ख)** विगत 03 वर्षो में जल जीवन मिशन योजना के तहत जिला बालोद अंतर्गत स्वीकृत कार्यो में स्त्रोत विहीन पानी टंकी निर्माण, गुणवत्ताहीन कार्य, धीमी गति से कार्य एवं कार्यो में अनियमितता करने की शिकायत का विकासखंडवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र–ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

जलजीवन मिशन अंतर्गत स्त्रोतविहीन व पर्याप्त स्त्रोतविहीन ग्राम

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

1. (क्र. 17) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** फरवरी-मार्च, 2025 सत्र में के दिनांक 27 फरवरी, 2025 के मुद्रित तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र 271) में उल्लेखित जानकारी के परिप्रेक्ष्य में 15 जून, 2025 की स्थिति में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कितने ग्रामों के, कितने घरों में नल कनेक्शन कार्य पूर्ण व अपूर्ण/प्रगतिरत् तथा अप्रारंभ की स्थिति में हैं? **(ख)** उक्त अवधि में ऐसे कितने गांव हैं जहां नल कनेक्शन कार्य पूर्ण हो चुका है और स्त्रोतविहीन एवं पर्याप्त स्त्रोतविहीन के अंदर आता है? पृथक-पृथक बतायें? कौन-कौन सी एजेंसियों द्वारा स्त्रोतविहीन ग्रामों में नल कनेक्शन का कार्य किया गया है तथा उन एजेंसियों को कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है व कितना शेष है? **(ग)** उक्त अवधि तक निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध जल आपूर्ति हेतु मल्टीविलेज एवं सिंगलविलेज स्कीम के माध्यम से कितने पानी टंकी का निर्माण किया गया तथा उससे कितने ग्रामों के, कितने घरों में जल आपूर्ति की जा रही है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) फरवरी-मार्च, 2025 सत्र में के दिनांक 27 फरवरी, 2025 के मुद्रित तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 271) में उल्लेखित जानकारी के परिप्रेक्ष्य में 15 जून, 2025 की स्थिति में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 19656 ग्रामों के, 44 लाख 37 हजार घरों में नल कनेक्शन कार्य पूर्ण व अपूर्ण/प्रगतिरत् तथा अप्रारंभ की स्थिति में है। **(ख)** उक्त अवधि में ऐसे गांव जहां नल कनेक्शन कार्य पूर्ण हो चुका है और स्त्रोत विहिन एवं पर्याप्त स्त्रोत विहिन के अंदर आता है, की जानकारी निरंक है। प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है। प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है। **(ग)** उक्त अवधि तक निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध जल आपूर्ति हेतु मल्टी विलेज एवं सिंगल विलेज स्कीम के माध्यम से 30855 पानी टंकी का निर्माण किया गया तथा उससे 11139 ग्रामों के, 2387202 घरों में जल आपूर्ति की जा रही है।

प्लेसमेंट एजेंसी अंतर्गत कार्यरत् कर्मचारियों की संख्या, नियम-निर्देश व शर्तें

[श्रम]

2. (क्र. 18) श्री अजय चंद्राकर : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** श्रम विभाग अंतर्गत कितने पंजीकृत प्लेसमेंट एजेंसी हैं? पंजीकरण के संबंध में क्या-क्या निर्देश हैं? इन निर्देशों की निगरानी किस स्तर के अधिकारी द्वारा की जाती है? कितनी शिकायतें किन-किन प्लेसमेंट एजेंसी के विरूद्ध, वर्ष 2023 से 20 जून, 2025 तक की गयी है एवं संबंधित एजेंसियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है ? **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में इन एजेंसियों को कितने कर्मचारी के विरूद्ध, कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया? वर्षवार बताएं ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग द्वारा प्रवर्तित श्रम कानूनों के अंतर्गत प्लेसमेंट एजेंसी के रूप में कार्य करने हेतु पंजीयन का कोई प्रावधान नहीं है। अतः प्लेसमेंट एजेंसी के पंजीकरण के संबंध में निर्देश एवं निर्देशों के निगरानी का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।श्रम विभाग के अंतर्गत श्रम

आयुक्त संगठन, कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं एवं मंडलों में मानव संसाधन की सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसी की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। विभाग में कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसी के विरूद्ध प्रश्नांकित अवधि में शिकायत प्राप्त नहीं है।प्रदेश के विभिन्न प्लेसमेंट एजेंसियों के विरूद्ध श्रम कानूनों के उल्लंघन संबंधी श्रम विभाग को वर्ष 2023 से जून 2025 तक प्राप्त शिकायत एवं की गयी कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।**(ख)** श्रम विभाग के अधीन श्रम आयुक्त संगठन, कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं एवं मंडलों अंतर्गत कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा वर्ष 2023 से 20 जून, 2025 तक उपलब्ध कराये गये मानव संसाधन के विरूद्ध किये गये भुगतान की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

जल जीवन मिशन के जानकारी कार्यो की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

3. (क्र. 38) श्री उमेश पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन पानी टंकियों एवं पाइप लाइनों की विभाग द्वारा जांच की जाती है या नहीं? क्या कहीं पर अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है? **(ख)** रायगढ़ जिला अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है? वर्तमान में जल जीवन मिशन द्वारा कितने गाँवो में घर-घर तक पानी पहुँच रहा है? विकासखण्ड वार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हाँ, जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत योजनांतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकियों एवं पाईप लाईनों की विभाग द्वारा जांच की जाती है। जी हाँ। **(ख)** रायगढ़ जिला अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की अद्यतन स्थिति की विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है । वर्तमान में जल जीवन मिशन द्वारा 283 गाँवों में घर-घर तक पानी पहुँच रहा है। विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

4. (क्र. 43) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में कुल कितने कार्य स्वीकृत किए गए हैं? लागत राशि सहित पूर्ण-अपूर्ण की स्थिति की ग्रामवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें। साथ ही अपूर्ण कार्यो को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

कांकेर जिले अंतर्गत सी.एस.आर. मद से किए गये कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

5. (क्र. 44) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- (क) कांकेर जिले में सी.एस.आर. मद से किन-किन उद्योगों द्वारा वर्ष 2022-23 से अप्रैल, 2025 तक कितनी राशि प्रदाय की गई है? वर्षवार जानकारी प्रदान करें? (ख) प्राप्त राशि को कौन-कौन से कार्यों हेतु व्यय किया गया है? कार्यवार जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कार्यालय कलेक्टर (सी.एस.आर.शाखा) कांकेर से प्राप्त जानकारी अनुसार कांकेर जिले में 07 (सात) उद्योगों/परियोजनायों द्वारा वर्ष 2022-23 से अप्रैल 2025 तक कुल राशि रूपये 21,04,96,861 (इक्कीस करोड़ चार लाख छियानवे हजार आठ सौ इक्सठ रूपये) प्राप्त हुई है। इकाईवार व वर्षवार जानकारी **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** में दर्शित है। **(ख)** प्राप्त राशि में से रुपये 16,88,41,999 (सोलह करोड़ अट्ठासी लाख इकचालिश हजार नौ सौ निन्यानबे रूपये) को विभिन्न कार्य हेतु व्यय किया गया है । कार्यवार जानकारी सूची **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** में दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

धमतरी जिला में अवैध कालोनियों एवं कब्जा के प्राप्त प्रकरण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

6. (क्र. 70) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिला में 2023 से 20 जून, 2025 तक कितनी अवैध कालोनियाें एवं कब्जा किए जाने के प्रकरण प्राप्त हुये हैं? प्रकरणवार जानकारी देवें? इनमें से कितने प्रकरण निराकृत कर दिये गये हैं और कितनी अवैध कालोनियों पर रोक लगाई गयी है व कितने अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया है ? कितने प्रकरणों में कानूनी कार्यवाही की गयी? विकासखण्डवार बतावें? **(ख)** धमतरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022 से 20 जून, 2025 तक कहां-कहां किनके द्वारा, कब से अवैध कालोनियां निर्मित किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है? इस पर शासन या प्रशासन द्वारा अब तक क्या-क्या कार्यवाही, कब-कब की गयी है ? प्रकरणवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) धमतरी जिला अंतर्गत नगरीय निकायों में 2023 से 20 जून, 2025 तक अवैध कालोनियों निर्माण के कोई भी प्रकरण प्राप्त नहीं हुए है। उक्त अवधि में जिला धमतरी में अवैध कब्जा के कुल 218 प्रकरण प्राप्त हुये हैं। प्रकरणवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** जिला धमतरी में अवैध कब्जा के 146 प्रकरण निराकृत कर दिये गये है तथा 139 प्रकरण अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया। कानूनी कार्यवाही की जानकारी निरंक है। **(ख)** धमतरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022 से 20 जून, 2025 तक अवैध कालोनियां निर्मित किए जाने की कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्रश्न उद्भुत नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

प्रदेश में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

7. (क्र. 83) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विधानसभा सत्र दिनांक 17.03.2025 के तारांकित प्रश्न संख्या12 (क्र.1815) के उत्तर में विभाग ने बताया था कि अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जा रही है? यदि हॉ, तो रायपुर नगर में हीरापुर, अटारी, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड के गोकुल नगर, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, ए.पी.जे.अब्दुल कलाम वार्ड में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग की मार्ग संरचना हटाकर विधि सम्मत नोटिस जारी कर एफ.आई.आर. दर्ज कराने की कार्रवाई क्यों नही की गई क्या? कलेक्टर/तहसीलदार/पंजीयक द्वारा इन अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर बैन लगाया गया है? यदि नहीं तो क्यों? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के स्थानों के संदर्भ मे क्या शिकायतें प्राप्त हुई है तथा क्या किसी स्थान पर बिल्डर द्वारा नाले के पानी के प्रवाह को प्रभावित करने संबंधी शिकायत आयुक्त/कलेक्टर को प्राप्त हुई है अथवा जानकारी संज्ञान मे आई हैं? यदि हॉ तो कार्यवाही नहीं

किये जाने के क्या कारण हैं? कब तक कार्यवाही की जावेगीं? **(ग)** क्या इन अवैध प्लाटिंग को संरक्षण देने वालों के विरूद्ध कोई कार्रवाई करेंगे ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां। रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड क्र. 01 के हीरापुर अटारी व सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के गोकुल नगर क्षेत्र में कुल 15 स्थानों पर अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही कर 15 स्थानों के खसरों में रजिस्ट्री पर रोक हेतु जिला पंजीयक रायपुर को पत्र प्रेषित किया गया। इसी प्रकार उक्त 15 स्थानों में से 08 स्थानों के भूखण्डों/खसरों पर अपर कलेक्टर, रायपुर द्वारा भूमि के क्रय-विक्रय पंजीयन पर रोक लगाई गई है। 14 स्थानों पर एफ.आई.आर. दर्ज किये जाने हेतु संबंधित थाने को पृथक-पृथक पत्र प्रेषित किया गया, जिसमें से 03 प्रकरणों में एफ.आई.आर. दर्ज करने की कार्यवाही की गई है। रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र.-20 व डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्र.-19 मे अवैध प्लाटिंग की शिकायत प्राप्त नहीं होने के कारण कार्यवाही नहीं की गई है। (**जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**) **(ख)** प्रश्नांश 'क' के स्थानो के संदर्भ में प्राप्त शिकायतों पर उत्तर 'क' के अनुसार कार्यवाही की गई तथा गोकुल नगर नया सवेरा स्कूल के पास अवैध प्लाटिंगकर्ता के द्वारा नाले के पानी के प्रवाह को प्रभावित करने के संबंध में मौखिक शिकायत प्राप्त होने पर कार्यवाही कर नाले से मलमा हटवा कर उक्त नाले के पानी प्रवाह को यथावत किया गया तथा उक्त संबंध में तहसीलदार जिला रायपुर छ.ग. को पत्र क्र. 118/नगर निवेश/जोन 07/न.पा.नि./2025 रायपुर दिनॉक 26/05/2025 पत्र प्रेषित किया गया है। **(ग)** नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 के प्रावधानों के अनुरूप नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

ओल्ड रायपुर स्मार्ट सिटी लि. में अनियमितताओं की जांच हेतु गठित समिति की रिपोर्ट पर कार्यवाही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

8. (क्र. 84) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि शासन आदेश दिनांक 9.7.2024 के माध्यम से ओल्ड रायपुर स्मार्ट सिटी के कार्यों की जांच के लिए समिति का गठन किया गया था ? यदि हाँ तो प्रतिवेदन प्रस्तुत होने के एक वर्ष बीत जाने के बाद भी संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा तथ्यों के परीक्षण की आड़ में जांच रिपोर्ट को लंबित रखा गया है ?यदि हां तो क्यों? **(ख)** क्या शासन द्वारा समय-सीमा निर्धारित कर जांच समिति द्वारा दिये गए प्रतिवेदन में दोषी पाए गए अधिकारियों से राशि रिकवरी एवं उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित की जावेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? **(ग)** जिस स्तर पर जांच रिपोर्ट परीक्षण की आड़ में लंबित रखी गयी है, क्या उनके विरूद्ध भी कार्रवाई की जावेगी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। गठित समिति द्वारा रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को प्रकरण से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु पत्र क्र. 3153 दि. 12.07.2024 प्रेषित किया गया तथा तत्कालीन संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा दिनांक 04.10.2024 को ग्रीन कॉरिडोर-यूथ हब का स्थल निरीक्षण किया गया एवं प्रकरण से संबंधित अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र क्र. 6954 दिनांक 18.10.2024 प्रेषित किया गया। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से प्राप्त दस्तावेजों के अवलोकन उपरांत समिति द्वारा जाँच संबंधी बिन्दुओं पर अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र क्र. 9329 दिनांक 10.11.2024 रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को प्रेषित किया गया। तत्कालीन संचालक सह अध्यक्ष जांच समिति द्वारा दिनांक 06.12.2024 को समिति की बैठक आयोजित की गई एवं पत्र क्र. 252 दिनांक 10.01.2025 एवं 948 दिनांक 03.02.2025 को पुनः प्रकरण से

संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को लेख किया गया। तत्कालीन संचालक का स्थानांतरण होने से वर्तमान संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास एवं समिति के सदस्यों द्वारा दिनांक 13.02.2025 को स्थल निरीक्षण किया गया। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा निर्माण से संबंधित प्रतिवेदन, जांच रिपोर्ट से संबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन किया गया एवं समिति को अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुक्रम में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा पत्र क्रं. 23611 दिनांक 18.02.2025 के माध्यम से समिति को अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध कराई गई। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से प्रकरण से संबंधित 312 कार्यों की विस्तृत सूची दिनांक 29.05.2025 को प्राप्त हुई। अपेक्षित जानकारी प्राप्त होने के उपरांत समिति द्वारा प्रतिवेदन दिनांक 30.06.2025 को प्रस्तुत किया गया। अतः जांच रिपोर्ट को अंतिम रूप दिए जाने उपरांत लंबित नहीं रखा गया है। **(ख)** समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन परीक्षणाधीन है। **(ग)** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अपेक्षित जानकारी प्राप्त होने के उपरांत प्रतिवेदन तैयार कर प्रेषित किया गया है।

मस्तूरी वि.स. क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यो की स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

9. (क्र. 88) श्री दिलीप लहरिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 15 जून, 2025 तक जल जीवन मिशन के तहत किन-किन ग्रामों में पानी टंकी एवं पाईप लाईन विस्तार निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी है ? वर्षवार, विकासखण्डवार पूर्ण विवरण देवें ? **(ख)** कंडिका "क" अनुसार कितनी पानी टंकी एवं पाईप लाईन विस्तार का कार्य पूर्ण कर पेयजल सप्लाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और किन-किन जगह पर कार्य अपूर्ण है एवं क्यों ? वर्षवार, विकासखण्डवार विवरण देवें ? **(ग)** क्या जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण/निर्माणाधीन कार्य में विभाग द्वारा गुणवत्ता/अद्यतन स्थिति की जांच की गई है,? यदि हां, तो कहां-कहां जांच की गयी है? कार्य कब-तक पूर्ण कर लिये जावेंगे? जानकारी देवें? **(घ)** उक्त योजनांतर्गत ऐसे कितने ग्रामों के घरों में, कितनी लागत का नल कनेक्शन लगाया जा चुका है, जहां जल स्त्रोतविहीन व पर्याप्त जल स्त्रोतविहीन हैं? क्या इन स्थानों में नल कनेक्शन से संबंधित कार्य पूर्ण करने के पूर्व जल स्त्रोत का परीक्षण कराया गया था? यदि हां, तो ऐसी स्थिति में किसके निर्देश पर कनेक्शन लगाने की मंजूरी दी गयी? यदि परीक्षण नहीं किया गया है तो किस आधार पर नल कनेक्शन लगाया गया? इन एजेंसियों के नाम,मालिक का नाम व पता सहित बतायें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 15 जून, 2025 तक जल जीवन मिशन के तहत 64 ग्रामों में पानी टंकी एवं पाईप लाईन विस्तार निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार 30 ग्रामों में पानी टंकी एवं पाईप लाईन विस्तार का कार्य पूर्ण कर पेयजल सप्लाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और 34 ग्रामों में कार्य अपूर्ण है। अपूर्ण कार्य एवं अपूर्णता के कारण की वर्षवार, विकासखंडवार एवं ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जी हाँ। समस्त कार्यो की जांच की गई है। निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है। **(घ)** उक्त योजनांतर्गत जल स्त्रोत विहीन एवं पर्याप्त जल स्त्रोत विहीन 46 ग्रामों के 17510 घरों में रू. 1220.27 लाख की लागत का नल कनेक्शन लगाया जा चुका है। जी हाँ । परीक्षण में पर्याप्त जल स्त्रोत पाया गया था, जिसके आधार पर कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, बिलासपुर के निर्देश पर नल कनेक्शन लगाने की मंजूरी दी गई। कालांतर में भू-जल के अत्यधिक दोहन से नलकूपों में जल आवक क्षमता में कमी एवं भू-जल स्तर में गिरावट होने के कारण पर्याप्त जल स्त्रोत विहिन ग्राम है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

10. (क्र. 89) श्री दिलीप लहरिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लोक निर्माण विभाग के वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन कार्यों की सम्मिलित किया गया था? जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार बजट में सम्मिलित कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है? जानकारी देवें? क्या प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों की निविदा जारी हो चुकी है? यदि हाँ, तो कितने कार्यों की, नामवार जानकारी देवें? यदि नहीं तो क्यों? **(ग)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खराब एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव हेतु वर्ष जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 तक कितनी राशि व्यय की गई? सड़कवार व्यय की गई राशि बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

11. (क्र. 105) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की जानकारी प्रदाय करें? **(ख)** प्रशासकीय स्वीकृति कार्यो की निर्माणवार प्रगति की जानकारी, कार्यवार स्वीकृति, भुगतानवार, ठेकेदारवार देवें? **(ग)** ऐसे कितने स्वीकृत कार्य हैं, जो निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं हुए हैं, ठेकेदार का नाम सहित जानकारी देवें ? **(घ)** कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं होने पर निर्माण एजेन्सी पर क्या कार्यवाही हुई ? जानकारी देवें ? उक्त कार्यो हेतु कितनी राशि जारी हो चुकी है ? उक्त कार्य कब तक पूर्ण हो जाएंगे ? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रशासकीय स्वीकृति कार्यो की निर्माणवार प्रगति, कार्यवार स्वीकृति, भुगतानवार, ठेकेदारवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं हुए स्वीकृत कार्यो के ठेकेदारों के नाम सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(घ)** कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं होने पर निर्माण एजेन्सी पर हुई कार्यवाही, उक्त कार्यो हेतु जारी हो चुकी राशि (भुगतान की गई राशि) एवं उक्त कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

प्रधानमंत्री नल-जल योजनांतर्गत जिला सूरजपुर में स्वीकृत कार्य एवं उनकी अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

12. (क्र. 124) श्री भूलन सिंह मराबी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रधानमंत्री नल-जल योजनांतर्गत जिला सूरजपुर के वि.खं.- सूरजपुर, रामानुजनगर व प्रेमनगर विकासखण्ड के कितने ग्राम पंचायतों में कार्य स्वीकृत हैं ? **(ख)** सूरजपुर जिले के विकासखण्ड-रामानुजनगर, सूरजपुर व प्रेमनगर के कितने ग्राम पंचायतों में कार्य पूरा हो चुका है? कितने ग्राम पंचायतों में पानी सप्लाई प्रारंभ किया जा चुका है? **(ग)** सूरजपुर जिले में किस विकासखण्ड के ऐसे कितने ग्राम पंचायत

हैं, जिनमें नल-जल का कार्य आधे से कम किया गया है? उसका कारण क्या है और यह कब तक पूरा किया जायेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रधानमंत्री नल-जल योजना संचालित नहीं है अपितु जल जीवन मिशन योजनांतर्गत जिला सूरजपुर के विकासखण्ड- सूरजपुर, रामानुजनगर व प्रेमनगर विकासखण्ड के सभी 228 ग्राम पंचायतों में कार्य स्वीकृत है। **(ख)** सूरजपुर जिले के विकासखण्ड - रामानुजनगर, सूरजपुर व प्रेमनगर के 37 ग्राम पंचायतों में कार्य पूरा हो चुका है। 37 ग्राम पंचायतों में पानी सप्लाई प्रारंभ किया जा चुका है। **(ग)** सूरजपुर जिले में 05 विकासखंडों के 21 ग्राम पंचायतों में नलजल योजना का कार्य आधे से कम किया गया है। उसका कारण अनुबंधक द्वारा धीमी गति से कार्य किया जाना है और यह कब तक पूरा किया जावेगा, निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है।

पुरानी सड़कों पर नई परत कर सड़क का निर्माण

[लोक निर्माण]

13. (क्र. 138) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या राजधानी रायपुर में सड़कों के निर्माण में इंडियन रोड (नेशनल हाईवे/स्टेट हाईवे) के नियमों के प्रावधानों, सड़कों को नवीनीकृत करने से पहले पुरानी परत को निकालना और रिसाइकल करना आदि का पालन हो रहा है ? यदि नहीं तो क्यों ? **(ख)** क्या पुरानी सड़क को उखाड़कर नई सड़क बनाने से सड़क का जीवन काल बढ़ता है तथा निर्माण लागत कम होती है एवं क्या ये पर्यावरण के अनुकूल है, कृपया जानकारी दें ? यदि हां तो उक्त का पालन सुनिश्चित किए जाने हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) लोक निर्माण विभाग द्वारा राजधानी रायपुर में मार्गों के तकनीकी आवश्यकता अनुसार तथा विद्यमान प्रोफाईल एवं लागू मानदण्डों के अनुसार सडकों के निर्माण एवं नवीनीकरण कराया जा रहा है। **(ख)** यह सड़क की वर्तमान स्थिति, उस पर यातायात का प्रकार एवं घनत्व तथा मार्ग के वर्तमान क्रष्ट की तकनीकी आवश्कता पर आधारित होता है, तथा तदानुसार ही कार्यवाही की जा रही है।

बस्तर संभाग में सड़कों एवं पुलों के निर्माण में व्यय की गयी राशि

[लोक निर्माण]

14. (क्र. 140) श्री भूपेश बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में बस्तर संभाग में सड़कों एवं पुलों के निर्माण में व्यय की गयी राशि की जानकारी दी जाये ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

लोक निर्माण विभाग उपसंभाग छुईखदान में विभिन्न कार्यो का भुगतान

[लोक निर्माण]

15. (क्र. 152) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लोक निर्माण विभाग खैरागढ़ अंतर्गत उपसंभाग छुईखदान के अंतर्गत दिनाँक 30 अगस्त, 2024 से 20/06/2025 तक कितने कार्य कराये गए? कार्यो हेतु किये गए भुगतान की जानकारी

देवें? **(ख)** क्या उपसंभाग द्वारा विभिन्न कार्यो को बिना अनुबंध के कराया गया है? यदि हाँ तो भुगतान संबंधी जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्नांक **(क)** अनुसार क्या वेंडर रजिस्ट्रेशन से भुगतान व हस्त पावती के माध्यम से भुगतान किये गए हैं? यदि हां तो किये गए समस्त भुगतान की जानकारी प्रदान करें। **(घ)** उप संभाग छुईखदान द्वारा कराए गए समस्त कार्यो का सत्यापन किस-किस स्तर के सक्षम अधिकारी द्वारा किया गया है? जानकारी देवें व बिना अनुबंध के किये गए कार्यो का भुगतान क्या सब इंजीनियर द्वारा सत्यापित कर किया गया है? यदि नहीं तो किस अधिकारी द्वारा किया गया?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** वेंडर रजिस्ट्रेशन व हस्त पावती के माध्यम से भुगतान नहीं किये गये है। **(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। बिना अनुबंध के कोई कार्य नहीं कराया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत चिन्हांकित ग्राम

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

16. (क्र. 165) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर पेयजल पहंचाने हेतु वर्ष 2022 से दिनांक 20.06.2025 तक कुल कितने ग्रामों हेतु योजना स्वीकृत हुई ? कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं? विकासखण्डवार ग्रामों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के कितने ग्रामों में योजना अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण तथा घर-घर पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ? कितने कार्य अपूर्ण हैं ? कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ? **(ग)** प्रश्नांक ''ख'' के कितने ग्रामों में पानी टंकी एवं पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण होने के बाद भी जल श्रोत की उपलब्धता नही होने के कारण जल आपुर्ति प्रारंभ नही की जा सकी है ? विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(घ)** योजना अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के लिए जल उपलब्धता के क्या-क्या मापदण्ड निर्धारित है ? निर्धारित मापदण्ड अनुरूप कार्य नही करने हेतु जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या-क्या कार्यवाही नियमानुसार किया जाना है ? क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर पेयजल पहुचाने हेतु वर्ष 2022 से दिनांक 20.06.2025 तक कुल 92 ग्रामों हेतु 105 योजना स्वीकृत हुई है। 67 कार्य पूर्ण एवं 38 कार्य अपूर्ण है एवं कार्य अप्रारंभ निरंक है। विकासखण्डवार ग्रामों के नाम सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के 56 ग्रामो में 67 योजना के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण तथा घर-घर पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 38 कार्य अपूर्ण है। कार्य पूर्ण करने की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** प्रश्नांक ''ख'' के ग्रामों में पानी टंकी एवं पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण होने के बाद भी जल स्त्रोत की उपलब्धता नहीं होने के कारण जल आपूर्ति प्रारंभ नहीं किये जाने वाले ग्रामों की संख्या निरंक है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** योजना अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के लिए 65.19 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की उपलब्धता का मापदण्ड निर्धारित है। सभी कार्य निर्धारित मापदंड अनुसार ही कराया जा रहा है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग अंतर्गत स्वीकृत सड़कों का निर्माण

[लोक निर्माण]

17. (क्र. 166) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बजट वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत कुल कितनी सड़कों की स्वीकृति हुई? कौन-कौन सी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है? किन-किन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ तथा कितनी सड़कों का अप्रारंभ है ? प्रारंभ नहीं होने के कारण क्या हैं? **(ख)** प्रश्न **(क)** अनुसार विधानसभा क्षेत्र मुंगेली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की कितनी सड़कों की 5 वर्ष की संधारण अवधि पूर्ण हो चुकी है? उन पुरानी एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत के कितने कार्य पूर्ण हैं तथा कितने अपूर्ण हैं तथा कब तक मरम्मत कार्य किया जावेगा? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ग)** क्या तीन वर्ष पूर्व बजट में शामिल सड़क निर्माण कार्यों को निरस्त कर दिया गया है? ऐसे कितने कार्य हैं? क्या बजट में प्रावधानित निरस्त किये गये कार्यों को पुनः स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु वित्त विभाग से अनुमति चाही गई है? यदि हां, तो कितने की स्वीकृति प्राप्त हुई एवं कितने की नहीं? अद्यतन स्थिति बतावें? **(घ)** विभाग द्वारा जिला मुंगेली के तखतपुर, कुकुसदा मार्ग के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य लं.15.00 कि.मी., जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रावधानित हैं, के निर्माण हेतु दिनांक 20.06.2025 तक क्या कार्यवाही की गई है तथा कब तक पूर्ण कर ली जावेगी ? समयावधि बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'स'** अनुसार है। **(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'द'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण विषयक

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

18. (क्र. 173) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में स्थित निकायों (नगर निगम, नगरपालिका) द्वारा विगत 3 वर्षों में भवन निर्माण हेतु कितने लोगों को अनुमति/अनुज्ञा प्रदान की गई? वर्षवार, संख्यात्मक जानकारी प्रदान करें। **(ख)** प्रश्नांश (क) अवधि में निर्मित कितने भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कराया गया है? वर्षवार, संख्यात्मक जानकारी प्रदान करें। **(ग)** प्रदेश में स्थित निकायों (नगर निगम, नगरपालिका) में रैन वाटर हार्वेटिंग शुल्क के रूप में ली गई कितनी राशि जमा है? कितनी राशि राजसात की गई है? उक्त राशि से रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण हेतु क्या कार्य योजना तैयार की गई है? सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रदेश में स्थित निकायों (नगर निगम, नगरपालिका) द्वारा विगत 3 वर्षों में भवन निर्माण हेतु 31678 लोगों को अनुमति/अनुज्ञा प्रदान की गई। वर्षवार, संख्यात्मक **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश (क) अवधि में निर्मित 7665 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कराया गया है। वर्षवार, संख्यात्मक **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है। **(ग)** प्रदेश में स्थित निकायों (नगर निगम, नगरपालिका) में रेन वाटर हार्वेटिंग शुल्क के रूप में ली गई राशि रू. 22,46,55,407.00 जमा है तथा राशि रू. 10,30,288.00 राजसात की गई है। रेन वाटर हार्वेटिंग सिस्टम नही बनाने पर जमा राशि राजसात करने

व राजसात राशि से निकायों द्वारा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण हेतु सभी निकायों को निर्देश जारी है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है।

जिला सक्ति अंतर्गत फगुराम डभरा चंद्रपुर में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य

[लोक निर्माण]

19. (क्र. 176) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सक्ति अंतर्गत फगुरम डभरा चंद्रपुर मार्ग का निर्माण किस योजना से किया गया? योजना एवं स्वीकृत राशि का विवरण देवें। **(ख)** क्या उक्त सड़क मार्ग का निर्माण पूर्ण हो गया है? विवरण देवें। **(ग)** क्या उक्त सड़क मार्ग में गुणवत्ता-विहीन एवं लापरवाही-पूर्वक कार्य करने की शिकायत को कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारीयों को भेजा गया था ? विवरण देवें। **(घ)** यदि प्रश्नांक **(ग)** का उत्तर हां है तो विभाग द्वारा प्राप्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई? विवरण देवें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बजट में शामिल सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. ऋण योजना के तहत स्वीकृत। लंबाई- 31.00 कि.मी.। स्वीकृत राशि रु. 10119.56 दिनांक 14.12.2022 **(ख)** कार्य पूर्णता दिनांक 15.06.2024 **(ग)** जी हॉ। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(घ)** उक्त मार्ग में अनुबंधक द्वारा क्षतिग्रस्त कि.मी. एवं पुलियों के सिंक कार्य को पुनः निर्माण करा लिया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण एवं पक्की सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति

[लोक निर्माण]

20. (क्र. 177) श्री फूलसिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कोरबा से खरसिया मुख्य मार्ग के बीचों-बीच नोनबिर्रा-रामपुर-बेहरचुवां तक कुल लंबाई 27 कि.मी. हेतु चौड़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य राज्य शासन के बजट में शामिल किया गया है? यदि हां तो कब तक सड़क निमार्ण का कार्य किया जाएगा? यदि राज्य शासन के बजट में शामिल नहीं है, तो क्या अगामी मुख्य बजट में शामिल किया जाना प्रस्तावित है? **(ख)** क्या रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुदमुरा से मदवानी तक पक्की सड़क निर्माण की घोषणा माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा की गयी थी? यदि हां, तो क्या इसकी प्रशासकीय स्वीकृति दी जाना शेष है? यदि हां, तो प्रशासकीय स्वीकृति कब तक प्रदान करेंगे ? **(ग)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत-केराकछार से सुवरलोट तक बजट में सम्मिलित पक्की सड़क निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति कब तक प्रदान करेंगे ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। सड़क निर्माण की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। बजट में शामिल है। **(ख)** जी हॉ। यह कार्य लोक निर्माण विभाग बजट वर्ष (2025-26) में सम्मिलित है तथा प्रशासकीय स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ग)** प्रशासकीय स्वीकृति की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

जल जीवन मिशन के तहत पेय जल की व्यवस्था एवं आई.एस.ए. को भुगतान

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

21. (क्र. 178) श्री फूलसिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जल जीवन मिशन के तहत विभाग द्वारा कुल कितने ग्राम

पंचायतों में पेय जल की आपूर्ति की जा रही है ? ग्राम पंचायतवार लाभान्वितों की संख्या व अपूर्ण निर्माण कार्य एवं अपूर्ण का कारण और कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ? **(ख)** कोरबा जिला अन्तर्गत कुल कितने आई.एस.ए. (एप्लीमेंटेशन सपोर्ट ऐजेंसी) कार्यरत हैं और किस-किस आई.एस.ए. को विगत 03 विर्षों में कितनी-कितनी राशि का कब-कब भुगतान किया गया है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जल जीवन मिशन के तहत विभाग द्वारा कुल 103 ग्राम पंचायतों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ग्राम पंचायतवार लाभान्वितों की संख्या व अपूर्ण निर्माण कार्य एवं अपूर्ण का कारण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र–अ** अनुसार है। अपूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** कोरबा जिला अन्तर्गत कुल 14 आई.एस.ए. (एप्लीमेंटेशन सपोर्ट ऐजेंसी) कार्यरत है। आई.एस.ए.को विगत 03 वर्षो में की गई भुगतान की राशि की जानकारी तिथिवार **संलग्न प्रपत्र–ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

नगरपालिका अकलतरा में गौंण खनिज मद में कराए गए कार्यों में अनियमितता की जांच

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

22. (क्र. 179) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय द्वारा नगरपालिका परिषद-अकलतरा में गौंण खनिज मद अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कराए गए कार्यों में की गई अनियमित्ता के संबंध में मुख्यअभियंता, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय नवा रायपुर, की अध्यक्षता में तीन सदस्यी जांच समिति का गठन किया गया था? क्या जांच समिति द्वारा जांच पूर्ण कर ली गयी? कार्यस्थल पर कब-कब निरीक्षण किया गया? क्या जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है? जांच रिर्पोट की प्रति सहित जानकारी उपलब्ध करावें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हां । जांच समिति द्वारा जांच की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। दिनांक 14.06.2025 को नगर पालिका परिषद अकलतरा में जाकर कार्यो का भौतिक सत्यापन किया गया। संचालनालय के पत्र दिनांक 26.06.2025 द्वारा जांच समिति का रिर्पोट विभाग को प्राप्त हुआ है। जो **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में जल आवर्धन योजना की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

23. (क्र. 185) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा अंतर्गत नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में घर-घर शुद्ध पेयजल प्रदाय हेतु जल आवर्धन योजना अंतर्गत कार्यों हेतु कब एवं कितनी राशि स्वीकृत की गई है, जानकारी देवें ? **(ख)** योजना वर्तमान में अपूर्ण क्यों है, अपूर्ण रहने का कारण बतावें ? निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं किया गया है तो संबंधित के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा अंतर्गत नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में जल आवर्धन योजना शासन के आदेश दिनांक 04.06.2016 द्वारा रूपये 3165.66 लाख एवं पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 29.05.2025 को रूपये 4363.28 लाख की प्रदान की गई है। **(ख)** योजना के लिये प्रस्तावित जल स्त्रोत के स्थल में परिवर्तन होने के कारण योजना वर्तमान में

अपूर्ण है। चूंकि तकनीकी कारणों से स्थल परिवर्तन किया गया है, अतः संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है।

विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा अंतर्गत निकायों में स्वीकृत कार्य एवं राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

24. (क्र. 186) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निकायों को शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-2025 तक कौन-कौन से कार्य हेतु किस-किस मद में कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई हैं? निकायवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक **(क)** अनुसार स्वीकृत कार्य अधूरा/अप्रारंभ है तो अप्रारंभ कार्य को प्रारंभ करने एवं अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है, जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निकायों को शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-2025 तक शासन द्वारा स्वीकृत राशि व कार्य की मदवार/निकायवार जानकारी निम्नानुसार है:-

(राशि रू. लाख में)

क्र	मद का नाम	निकाय का नाम	स्वीकृत कार्य संख्या	स्वीकृत राशि	पूर्ण	अपूर्ण	अप्रारंभ
1	अधोसंरचना	न.पा.दल्लीराजहरा	120	1022.47	78	41	1
2		न.प.डौण्डीलोहारा	152	574.45	123	18	11
3		न.प.डौण्डी	68	833.48	55	3	10
4		न.प.चिखलाकसा	120	749.82	111	9	0
योग			460	3180.22	367	71	22

(राशि रू. लाख में)

क्र	मद का नाम	निकाय का नाम	स्वीकृत कार्य संख्या	स्वीकृत राशि	पूर्ण	अपूर्ण	अप्रारंभ
1	राज्य प्रवर्तित योजना	न.पा.दल्लीराजहरा	5	99.75	2	3	0
2		न.प.डौण्डीलोहारा	5	95.12	4	1	0
3		न.प.डौण्डी	0	0	0	0	0
4		न.प.चिखलाकसा	0	0	0	0	0
योग			10	194.87	6	4	0

(राशि रू. लाख में)

क्र	मद का नाम	निकाय का नाम	स्वीकृत कार्य संख्या	स्वीकृत राशि	पूर्ण	अपूर्ण	अप्रारंभ
1	केन्द्र प्रवर्तित योजना(14वां वित्त)	न.पा.दल्लीराजहरा	0	0	0	0	0
2		न.प.डौण्डीलोहारा	0	0	0	0	0
3		न.प.डौण्डी	0	0	0	0	0
4		न.प.चिखलाकसा	25	69.35	25	0	0
योग			25	69.35	25	0	0

(राशि रू. लाख में)

क्र	मद का नाम	निकाय का नाम	स्वीकृत कार्य संख्या	स्वीकृत राशि	पूर्ण	अपूर्ण	अप्रारंभ
1	केन्द्र प्रवर्तित योजना	न.पा.दल्लीराजहरा	120	1393.21	65	0	55

2	(15वां वित्त)	न.प.डौण्डीलोहारा	30	140.10	25	5	0
3		न.प.डौण्डी	18	176.99	12	1	5
4		न.प.चिखलाकसा	15	303.57	10	5	0
योग			183	2013.87	112	11	60

(राशि रू. लाख में)

क्र	मद का नाम	निकाय का नाम	स्वीकृत कार्य संख्या	स्वीकृत राशि	पूर्ण	अपूर्ण	अप्रारंभ
1	मिशन अमृत 2.0	न.पा.दल्लीराजहरा	0	0	0	0	0
2		न.प.डौण्डीलोहारा	01	3132.75	0	0	1
3		न.प.डौण्डी	0	0	0	0	0
4		न.प.चिखलाकसा	0	0	0	0	0
योग			01	3132.75	0	0	1

(राशि रू. लाख में)

क्र	मद का नाम	निकाय का नाम	स्वीकृत कार्य संख्या	स्वीकृत राशि	पूर्ण	अपूर्ण	अप्रारंभ
1	प्रधानमंत्री आवास (शहरी)	न.पा.दल्लीराजहरा	13	40.45	8	0	5
2		न.प.डौण्डीलोहारा	92	290.27	67	1	24
3		न.प.डौण्डी	223	693.63	97	27	99
4		न.प.चिखलाकसा	68	211.58	39	6	23
योग			396	1235.93	211	34	151

(राशि रू. लाख में)

क्र	मद का नाम	निकाय का नाम	स्वीकृत कार्य संख्या	स्वीकृत राशि	पूर्ण	अपूर्ण	अप्रारंभ
1	स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0	न.पा.दल्लीराजहरा	13	68.06	01	12	0
2		न.प.डौण्डीलोहारा	04	18.67	0	4	0
3		न.प.डौण्डी	0	0	0	0	0
4		न.प.चिखलाकसा	01	4.67	1	0	0
योग			18	91.40	02	16	0

(राशि रू. लाख में)

क्र	मद का नाम	निकाय का नाम	स्वीकृत कार्य संख्या	स्वीकृत राशि	पूर्ण	अपूर्ण	अप्रारंभ
1	स्वच्छता श्रृंगार योजना	न.पा.दल्लीराजहरा	26	42.90	26	0	0
2		न.प.डौण्डीलोहारा	12	21.60	12	0	0
3		न.प.डौण्डी	06	10.80	06	0	0
4		न.प.चिखलाकसा	03	5.40	03	0	0
योग			47	80.70	47	0	0

कार्यवार, वर्षवार एवं मदवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। (ख) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** में समाहित है।

<u>दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थापित उद्योग</u>

[वाणिज्य एवं उद्योग]

25. (क्र. 189) श्री ललित चंद्राकर : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विगत 03 वर्षों में बोरई एवं रसमड़ा क्षेत्र में कितनी औद्योगिक इकाईयां

स्थापित की गई हैं ? कंपनी के नाम, स्थापना वर्ष सहित उत्पाद की जानकारी दें ? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार बोरई रसमड़ा औद्योगिक क्षेत्र में आवश्यक मूलभूत विकास (सड़क, जल, बिजली, ड्रेनेज, शिक्षा हेतु वर्ष 2022-23 से जून, 2025 तक कितनी राशि स्वीकृत की गयी है ? कितना व्यय किया गया है? क्या-क्या कार्य स्वीकृत किये गये हैं? स्वीकृत कार्यों की यथास्थिति (पूर्ण/अपूर्ण/अप्रारंभ) क्या है? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें। सीएसआर मद से कितनी राशि जारी की गई है ? कितनी राशि खर्च की गयी? वर्षवार राशि एवं कार्यों का विवरण दें ? **(ग)** क्या नेशनल हाईवे से रसमड़ा मार्ग क्षतिग्रस्त है? यदि हां, तो इस मार्ग का कब तक सुधार कर लिया जायेगा? विवरण दें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला व्यापार एवं उदयोग केन्द्र, दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विगत 03 वर्षों मे बोरई एवं रसमड़ा क्षेत्र में कुल 05 औद्योगिक इकाईयां स्थापित की गई हैं। कंपनी के नाम, स्थापना वर्ष सहित उत्पाद की वर्षवार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** पर दर्शित है । **(ख)** सीएसआईडीसी से प्राप्त जानकारी अनुसार राज्यों को पूंजीगत निवेश हेतु विशेष सहायता योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत शासन द्वारा राशि रु. 5.40 करोड़ स्वीकृत की गई थी, जिसके अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र, बोरई, जिला-दुर्ग में स्थापित पूर्व में निर्मित अधोसंरचना कार्यों के अंतर्गत सड़कों का डामरीकृत, जल प्रदाय व्यवस्था अंतर्गत डी.आई. पाईप लाईन बिछाने का कार्य, एल.ई.डी. लाईट के साथ सड़कबत्ती कार्यों के उन्नयन कार्यों तथा आर.सी.सी. नाली का निर्माण कार्य दिनांक 31.03.2025 को पूर्ण किया जा चुका है। उक्त कार्य में राशि रु. 5.94 करोड़ व्यय किया गया है। कार्यालय कलेक्टर, दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 03 वर्षों में सीएसआर मद से इस कार्य हेतु कोई राशि जारी नहीं की गई है। **(ग)** लोक निर्माण विभाग से प्राप्त **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** पर दर्शित है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

विधानसभा क्षेत्र मुंगेली अंतर्गत नगरीय निकायों के विकास कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

26. (क्र. 198) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के अंतर्गत वर्ष जनवरी, 2024 से दिनांक 20.06.2025 तक नगर पालिका परिषद् मुंगेली, नगर पंचायत बरेला एवं नगर पंचायत जरहागांव के निकायों में विकास कार्यों हेतु किस-किस मद/योजना के अंतर्गत किन-किन कार्य हेतु, कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई? कार्यवार, राशिवार बतावें? उपरोक्त अवधि में निर्माण कार्य के अलावा कितने चौक-चैराहों एवं तालाबों में सौंदर्यीकरण तथा महापुरुषों के मूर्ति स्थापना की कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही की गई? मदवार, विकास कार्यवार, योजनावार, वर्षवार जानकारी देवें? उपरोक्त अवधि में नगर पालिका मुंगेली तथा नगर पंचायत जरहागांव एवं न.पं.बरेला में पेय जल हेतु कितने पानी टंकी का निर्माण/पानी टैंकर/अग्निशमन यंत्र की स्वीकृति प्रदान की गई? **(ख)** क्या स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के निकायों हेतु कोई कार्य योजना तैयार की गई है? यदि हां, तो कितनी-कितनी राशि के कार्यों को प्रस्तावित कर शामिल किया गया है? कार्यवार, राशिवार जानकारी देवें? यदि नहीं तो क्यों व कब तक की जावेगी? **(ग)** प्रश्न (ख) अनुसार प्राप्त राशियों से कौन-कौन से कार्य, किस-किस फर्म/ठेकेदार से कराए गए हैं तथा कितनी राशि का भुगतान किया गया है एवं कितना शेष है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के अंतर्गत जनवरी 2024

से दिनांक 20.06.2025 तक निकायों में विकास कार्यो हेतु स्वीकृत राशि एवं जारी राशि का मदवार /विकास कार्यवार/योजनावार एवं वर्षवार जानकारी निम्नानुसार हैः-

वित्तीय वर्ष 2023-24 (राशि लाख में)

क्रं.	निकाय का नाम	मद	कुल स्वी.राशि	कुल जारी राशि
1	न.पा.मुंगेली	अधोसरंचना	992.98	382.87
2		रा.प्र.वि.यो.	0.00	0.00
3		केन्द्र (14 वित्त)	23.38	23.38
4		केन्द्र (15 वित्त)	125.50	125.50
5		स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0	0.00	0.00
6		सेन्ट्रल लाईबेरी सह रीडिंग जोन निर्माण	0.00	0.00
	योग		**1141.86**	**531.75**
1	न.पं.बरेला	अधोसरंचना	0.00	0.00
2		रा.प्र.वि.यो.	0.00	0.00
3		केन्द्र (14 वित्त)	0.00	0.00
4		केन्द्र (15 वित्त)	0.00	0.00
5		स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0	0.00	0.00
6		सेन्ट्रल लाईबेरी सह रीडिंग जोन निर्माण	0.00	0.00
	योग		**0.00**	**0.00**
1	न.पं.जरहागांव	अधोसरंचना	0.00	0.00
2		रा.प्र.वि.यो.	0.00	0.00
3		केन्द्र (14 वित्त)	0.00	0.00
4		केन्द्र (15 वित्त)	0.00	0.00
5		स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0	0.00	0.00
6		सेन्ट्रल लाईबेरी सह रीडिंग जोन निर्माण	0.00	0.00
	योग		**0.00**	**0.00**

वित्तीय वर्ष 2024-25 (राशि लाख में)

क्रं.	निकाय का नाम	मद	कुल स्वी.राशि	कुल जारी राशि
1	न.पा.मुंगेली	अधोसरंचना	1404.87	337.50
2		रा.प्र.वि.यो.	0.00	0.00
3		केन्द्र (14 वित्त)	0.00	0.00
4		केन्द्र (15 वित्त)	448.30	448.30
5		स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0	0.00	0.00
6		सेन्ट्रल लाईबेरी सह रीडिंग जोन निर्माण	0.00	0.00
	योग		**1853.17**	**785.80**
1	न.पं.बरेला	अधोसरंचना	257.54	63.50
2		रा.प्र.वि.यो.	0.00	0.00
3		केन्द्र (14 वित्त)	0.00	0.00
4		केन्द्र (15 वित्त)	0.00	0.00
5		स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0	0.00	0.00

6		सेन्ट्रल लाईबेरी सह रीडिंग जोन निर्माण	0.00	0.00
	योग		**257.54**	**63.50**
1	न.पं.जरहागांव	अधोसरंचना	310.93	77.00
2		रा.प्र.वि.यो.	0.00	0.00
3		केन्द्र (14 वित्त)	0.00	0.00
4		केन्द्र (15 वित्त)	0.00	0.00
5		स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0	0.00	0.00
6		सेन्ट्रल लाईबेरी सह रीडिंग जोन निर्माण	0.00	0.00
	योग		**310.93**	**77.00**

वित्तीय वर्ष 2025-26 (20.06.2025 तक) (राशि लाख में)

क्रं.	निकाय का नाम	मद	कुल स्वी.राशि	कुल जारी राशि
1	न.पा.मुंगेली	अधोसरंचना	1838.37	65.00
2		रा.प्र.वि.यो.	570.42	142.605
3		केन्द्र (14 वित्त)	0.00	0.00
4		केन्द्र (15 वित्त)	14.72	14.72
5		स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0	0.00	0.00
6		सेन्ट्रल लाईबेरी सह रीडिंग जोन निर्माण	441.49	0.00
	योग		**2865.00**	**222.33**
1	न.पं.बरेला	अधोसरंचना	0.00	0.00
2		रा.प्र.वि.यो.	0.00	0.00
3		केन्द्र (14 वित्त)	0.00	0.00
4		केन्द्र (15 वित्त)	0.00	0.00
5		स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0	84.72	0.00
6		सेन्ट्रल लाईबेरी सह रीडिंग जोन निर्माण	0.00	0.00
	योग		**84.72**	**0.00**
1	न.पं.जरहागांव	अधोसरंचना	0.00	0.00
2		रा.प्र.वि.यो.	0.00	0.00
3		केन्द्र (14 वित्त)	0.00	0.00
4		केन्द्र (15 वित्त)	0.00	0.00
5		स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0	84.72	0.00
6		सेन्ट्रल लाईबेरी सह रीडिंग जोन निर्माण	0.00	0.00
	योग		**84.72**	**0.00**

कार्यवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ'' अनुसार** है। चौक-चैराहों एवं तालाबों में सौदर्यीकरण तथा महापुरूषों के मूर्ति स्थापना की कार्ययोजना मदवार, विकास कार्यवार, योजनावार, वर्षवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** में एवं पानी टंकी का निर्माण/पानी टैंकर/अग्निशमन यंत्र की स्वीकृति की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। **(ख)** स्मार्ट सिटी मिशन भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित केन्द्रीय योजना है, जिसके अंतर्गत शहरों का चयन भारत सरकार द्वारा किया जाता है। स्मार्ट सिटी मिशन की अवधि वर्ष 2015 से 2020 तक निर्धारित थी, जिसकों विस्तारित कर 31 मार्च 2025 तक बढ़ाया गया है। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी मिशन को नए शहरों में लागू किये जाने कोई नवीन योजना प्रारंभ नहीं की गई है। अतएव स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के निकायों हेतु

वर्तमान में कोई कार्ययोजना तैयार नहीं की गई है। **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के अनुक्रम में प्रश्नांश 'ग' की जानकारी निरंक है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर तक पानी सप्लाई एवं बोर खनन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

27. (क्र. 215) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वि.ख. सारंगढ़ एवं बरमकेला के अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पानी टंकी एवं घर-घर तक पानी सप्लाई के स्वीकृत कार्यों में कौन-कौन से ग्रामों के कार्य पूर्ण हुए हैं एवं कौन-कौन से ग्रामों के कार्य प्रगति पर हैं, कब तक पूर्ण होगें ? **(ख)** पानी टंकी निर्माण होने के पश्चात बोर खनन पंप की व्यवस्था नही होने के कारण से कौन-कौन से गांव में पानी की सप्लाई नही हो पा रही है एवं कब तक बोरखनन पंप की व्यवस्था होगी, कृपया जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विकासखंड सारंगढ़ एवं बरमकेला के अन्तर्गत जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत पानी टंकी एवं घर-घर तक पानी सप्लाई के स्वीकृत कार्यों में से ग्रामवार पूर्ण कार्यों एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है । निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है ।**(ख)** पानी टंकी निर्माण होने के पश्चात् बोर खनन पंप की व्यवस्था नहीं होने के कारण से पानी की सप्लाई नहीं हो पाने वाले गांवों की जानकारी निरंक है ।प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

28. (क्र. 216) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनवरी, 2023 से मार्च, 2025 तक कौन-कौन से निर्माण कार्य स्वीकृत हुए है ? **(ख)** कौन कौन से निर्माण कार्य प्रारंभ हैं, एवं कौन कौन से निर्माण कार्य प्रारंभ नही हुए हैं, प्रारंभ नही हुए कार्य कब तक प्रारंभ किए जायेंगे जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

सौर जल शुद्धिकरण योजना व प्रदूषित भू-जल युक्त ग्राम

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

29. (क्र. 223) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में दिनांक 20.06.2025 तक की स्थिति में प्रदूषित भू-जल वाले कुल कितने व कौन-कौन से ग्राम हैं तथा ग्रामवार भू-जल किस प्रकार से प्रदूषित है एवं इन ग्रामों में भू-जल प्रदषित होने के कारण पेयजल की क्या-क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है? जिलावार, ग्रामवार सूची उपलब्ध करावें। **(ख)** सौर जल शुद्धिकरण योजना अंतर्गत किन-किन ग्रामों में विगत 03 वर्षों में क्या-क्या कार्य कराये गए है? कार्य-एजेंसीवार, ग्रामवार, कार्यवार, राशिवार जानकारी प्रदाय करें। **(ग)** वित्तीय वर्ष 2025-26 में किन-किन ग्रामों में कड़िका 'ख' योजनांतर्गत क्या-क्या कार्य किया जाना है तथा कितनी राशि प्रावधानित की गई है? जिलावार जानकारी देवें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रदेश में दिनांक 20.06.2025 तक की स्थिति में प्रदूषित भू-जल वाले कुल 767 ग्राम है। भू-जल प्रदूषित का कारण एवं पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था की जिलेवार, ग्रामवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** सौर जल शुद्धिकरण योजना अंतर्गत विगत 03 वर्षो में कराये गए कार्य की एजेंसीवार, ग्रामवार, कार्यवार, राशिवार जानकारी **निरंक**है। **(ग)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

प्रदेश के नगरीय निकायो में एस.टी.पी. निर्माण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

30. (क्र. 231) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के किन-किन नगरीय निकायों में वर्ष 2021-22 से 2024-25 की अवधि में कहां-कहां, कितनी-कितनी क्षमता तथा लागत के एस.टी.पी. स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी? इनमें से पूर्ण/अपूर्ण निर्मित, संचालित एस.टी.पी. का विवरण निकाय वार बताईये? **(ख)** एस.टी.पी. निर्माण हेतु समयावधि क्या थी? समय सीमा में किन-किन निकायों के कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं? कारण क्या था? **(ग)** किस-किस एस.टी.पी. से कितनी-कितनी मात्रा में उपचारित जल किन-किन नदियों, नालों में प्रवाहित किया जा रहा है? ठोस अपशिष्ट का निराकरण किस प्रकार से किया जा रहा है? **(घ)** एस.टी.पी. निर्माण नहीं होने से किन-किन नगरीय निकायों का प्रदूषित जल किन-किन नदियों/नालों में कितनी-कितनी मात्रा में प्रवाहित किया जा रहा है? इसके रोकथाम हेतु शासन की क्या योजना है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रदेश के नगरीय निकायों में वर्ष 2021-22 से 2024-25 की अवधि में स्वीकृत/पूर्ण/अपूर्ण/संचालित एस.टी.पी. की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)** प्रश्नांकित अवधि में स्वीकृत 30 परियोजनाओं में से वर्तमान में 25 परियोजनाओं की निविदा की कार्यवाही प्रचलित, 04 परियोजनाओं हेतु अनुबंध निष्पादन हेतु निर्माण एजेंसी को पत्र प्रेषित तथा 01 परियोजना की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति की प्रक्रिया प्रचलित है। प्रश्नांकित अवधि में स्वीकृत एस.टी.पी. के निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने के कारण प्रश्नांश "ख" की जानकारी निरंक है। **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में स्वीकृत 30 परियोजनाओं में से वर्तमान में 25 परियोजनाओं की निविदा की कार्यवाही प्रचलित, 04 परियोजनाओं हेतु अनुबंध निष्पादन हेतु निर्माण एजेंसी को पत्र प्रेषित तथा 01 परियोजना की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति की प्रक्रिया प्रचलित है। प्रश्नांकित अवधि में स्वीकृत एस.टी.पी. के निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने के कारण प्रश्नांश "ग" की जानकारी निरंक है। **(घ)** 01 लाख से अधिक जनसंख्या वाले 05 नगरीय निकायों में प्रदूषित जल के उपचार हेतु एस.टी.पी. निर्माण कार्य की स्वीकृति मिशन अमृत 2.0 अंतर्गत प्रदान की गयी है, जिसका विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** 01 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरीय निकायों में एस.टी.पी. निर्माण (इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित) हेतु स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत 149 नगरीय निकायों का डीपीआर तैयार किया जाना है, जिसमें प्रश्नांकित अवधि में 20 परियोजनाओं हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं 28 परियोजनाओं हेतु स्वीकृति प्रचलित वित्तीय वर्ष में प्रदान की गयी है। शेष 101 परियोजनाओं हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी.पी.आर.) तैयार किये जा रहे है। उक्त डीपीआर तैयार किये जाने हेतु संबंधित नगरीय निकायों में अनुपचारित जल की वर्तमान मात्रा, उसके नदियों/नाला/तालाबों इत्यादि में प्रवाह संबंधी सर्वे प्रगतिरत है। इसके अतिरिक्त 05 नगरीय निकायों में राज्य बजट से एस.टी.पी. का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जिसका विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

एकल खिड़की प्रणाली अंतर्गत सम्मिलित उद्योगों की श्रेणी

[वाणिज्य एवं उद्योग]

31. (क्र. 241) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** एकल खिड़की प्रणाली (Single Window System) क्या है और यह उद्योगों की स्थापना में कैसे सहायता प्रदान करती है? इसके अंतर्गत किस श्रेणी के उद्योगों को शामिल किया जाता है? क्या इसका कार्यालय या डेस्क अलग से संचालित होता है ? यदि हाँ तो कहाँ ? **(ख)** एकल खिड़की प्रणाली के तहत वर्ष 2020-21 से जून, 2025 तक कितने आवेदनों का निराकरण किया गया है और इसमें औसतन कितना समय लगता है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) एकल खिड़की प्रणाली (Single Window System) छत्तीसगढ़ शासन की ऐसी व्यवस्था है, जिसके माध्यम से उद्योग/सेवा स्थापना के लिए आवश्यक अनुमति, सम्मति एवं स्वीकृतियां एकीकृत आवेदन पत्रों तथा सिंगल साईन-ऑन के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाता है। इसके अंतर्गत सभी श्रेणी के उद्योगों को शामिल किया जाता है। एकल खिड़की प्रणाली के लिए पृथक कार्यालय नहीं है, अपितु नोडल विभाग वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के एकल खिड़की प्रणाली (Single Window System) के अंतर्गत ऑनलाइन क्रियान्वयन किया जाता है। **(ख)** एकल खिड़की प्रणाली के तहत वर्ष 2020-21 से जून 2025 तक 43,831 आवेदनों का निराकरण किया गया है। निराकृत आवेदनों का विभागवार सेवाओं का विवरण **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** में है। प्रत्येक आवेदन/सेवा के निराकरण हेतु लगने वाले औसतन समय पृथक-पृथक होती है। प्राप्त आवेदनों का निराकरण, यथासंभव, छत्तीसगढ़ लोकसेवा गारंटी अधिनियम, 2011 में निर्धारित समयसीमा के अनुसार किया जाता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

विधान सभा क्षेत्र पत्थलगांव में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत स्वीकृत सड़कों की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

32. (क्र. 245) श्रीमती गोमती साय : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत वर्ष 2020-21 से 15.06.2025 तक लोक निर्माण विभाग अंतर्गत किन-किन सड़कों व कार्यों को बजट में शामिल किया गया था व उक्त कार्यों हेतु दिनांक 15.06.2025 की स्थिति में कितना-कितना बजट का प्रावधान/उपलब्ध कराया गया? इनमें से किन-किन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, शेष कार्यों, सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति कब तक जारी की जावेगी ? कौन-कौन से कार्य पूर्ण, अपूर्ण व अप्रारंभ हैं ? कार्यवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' अवधि के जारी प्रशासकीय स्वीकृति के उपरांत किन-किन कार्यों/सड़कों के लिये कितनी-कितनी राशि जारी की गई व कितनी राशि जारी किया जाना शेष है व कब तक शेष राशि जारी की जावेगी ? कार्यवार/सड़कवार, वर्षवार जानकारी देवें ? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार सड़कों/कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है व कौन-कौन से कार्य समयावधि में पूर्ण नहीं हुये व इसके क्या कारण हैं ? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत वर्ष 2020-21 से 15.06.2025 तक लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 170 कार्यों को बजट में शामिल किया गया था उक्त कार्यों हेतु दिनांक 15.06.2025 की स्थिति में कुल राशि रु.9885.481 लाख की बजट प्रावधान किया गया है। इनमें से 67 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति राशि रु. 47504.37 लाख जारी की गई है। शेष कार्यों, सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी किये जाने की जानकारी दिया जाना संभव नहीं है। पूर्ण/अपूर्ण/ अप्रारंभ की

जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त 67 कार्यों में से 27 कार्य पूर्ण, 19 कार्य प्रगतिरत तथा 21 कार्य निविदा स्तर पर है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

जिला-महासमुंद अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना का अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

33. (क्र. 252) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-महासमुंद में 19 जून, 2025 की स्थिति में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना अंतर्गत स्वीकृत ग्रामों की संख्या विकासखण्डवार बतायें ? उक्तावधि में स्वीकृत ग्रामों में से कितने ग्रामों में टंकी, पाइप लाइन, नलकूप का कार्य पूर्ण होकर पेयजल प्रदाय प्रारंभ हो चुका है विकासखण्डवार बतायें? **(ख)** महासमुंद जिले में उक्त योजना अंतर्गत अपूर्ण कार्यों की जानकारी 19 जून, 2025 की स्थिति में विकासखण्डवार बतायें ? **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के अपूर्णता का कारण क्या है, कार्यवार विकासखण्डवार बतायें ? जिम्मेदार व्यक्ति, एजेंसी पर क्या क्या कार्यवाही की गई, कब तक कार्य पूरा कर लिया जावेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला महासमुन्द में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना नहीं अपितु जल जीवन मिशन योजना लागू है। जिला महासमुंद में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत 19 जून 2025 की स्थिति में समस्त 1117 ग्रामों मे स्वीकृति प्राप्त हुई है। विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। उक्त अवधि मे स्वीकृत ग्रामों मे से 429 ग्रामों मे टंकी, पाईप लाईन, नलकूप का कार्य पूर्ण होकर पेयजल प्रदाय प्रारंभ हो चुका है। विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** महासमुन्द जिले में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत 19 जून, 2025 की स्थिति में अपूर्ण कार्यो की विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के अपूर्णता का कारण, कार्यवार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। जिम्मेदार व्यक्ति, एजेंसी पर की गई कार्यवाही एवं कार्यपूर्णता की अवधि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है।

एडु से पत्थलगांव सड़क निर्माण की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

34. (क्र. 258) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** एडु से पत्थलगांव सड़क निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ? निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है एवं निर्माण कार्य विलंब होने के क्या कारण हैं ? **(ख)** क्या एडु से छाल तक सी. सी. सड़क निर्माण कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है ? यदि हाँ, तो कब स्वीकृति प्रदान की जाएगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं।

[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत बजट में सम्मिलित सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

35. (क्र. 259) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लोक निर्माण विभाग अंतर्गत धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र हेतु बजट में कौन-कौन से सड़क सम्मिलित हैं, कब तक प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जाएगी ? **(ख)** विगत एक वर्ष में कौन-कौन से सड़क स्वीकृत किये गये हैं, निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी देवें ? **(ग)** कितने कार्य पूर्ण, कितने अपूर्ण हैं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र -'अ'** अनुसार है। **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

वर्ष 2023 अंतर्गत संस्कृति विभाग द्वारा बोरे बासी दिवस आयोजन की जानकारी

[श्रम]

36. (क्र. 265) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छ.ग. राज्य अंतर्गत वर्ष 2023 में बोरे बासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किस उद्देश्य से किया गया? उस कार्यक्रम में किस-किस स्तर के कितने लोगों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया और कितने लोग शामिल हुए? **(ख)** कंडिका "क" के कार्यक्रम अंतर्गत, वित्तीय प्रबंधन किन-किन मदों से, कितनी-कितनी राशि का किन-किन कार्यों/सामग्रियों के लिए किन-किन एजेंसी के माध्यम से व्यय किया गया है, विस्तृत विवरण देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग द्वारा दिनांक 01 मई 2023 को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों की कल्याणकारी योजनाओं से श्रमिकों को लाभांवित किये जाने एवं मंडल में पंजीयन तथा योजनाओं के लाभ लेने के प्रति उन्हें जागरूक किये जाने के उद्देश्य से श्रम सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथियों, जन प्रतिनिधियों एवं श्रमिकों के द्वारा बोरे बासी ग्रहण किया गया।इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों के निर्माण श्रमिक, असंगठित कर्मकार एवं संगठित श्रमिक वर्ग के लगभग 1 लाख 30 हजार श्रमिकों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें लगभग 50 हजार से अधिक श्रमिक सम्मिलित हुए।**(ख)** कंडिका "क" के कार्यक्रम अंतर्गत वित्तीय प्रबंधन श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के आकस्मिक व्यय मद से राशि रूपये 10 लाख, छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल के श्रम सम्मेलन मद से राशि रूपये 25 लाख एवं छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के शिविर/सम्मेलन कार्यशाला मद से राशि रूपये 8,62,46,399/- से कार्यक्रम के आयोजन हेतु व्यवस्था किया गया। उक्त कुल राशि रूपये 8,97,46,399/- छ0ग0 भवन एवं सन्निर्माण कल्याण मंडल द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था, श्रमिकों को लाने एवं उनके भोजन इत्यादि हेतु जिला श्रम कार्यालय को आबंटित की गई। कार्यक्रम अंतर्गत व्यय जिला श्रम कार्यालयों के माध्यम से किया गया है, व्यय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

37. (क्र. 268) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत् कुल कितने ग्रामों में कार्य स्वीकृत हैं, ग्रामवार विवरण देवें ? **(ख)** कंडिका "क" के स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण है एवं कितने कार्य अपूर्ण हैं, विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** क्या कंडिका "ख" के तहत् जल जीवन मिशन योजना के पूर्ण कार्य वाले ग्राम के निवासियों को निर्बाध रूप से जल की आपूर्ति हो रही हैं? पूर्ण कार्य वाले कितने ग्रामों में पानी नहीं मिलने, पाईप फट जाने एवं नल खराब होने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं, विवरण देवें एवं उन्हें कब तक सुधार कर लिया जाएगा, विवरण देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत कुल 173 ग्रामों में कार्य स्वीकृत है, ग्रामवार विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कंडिका ''क'' के 173 ग्रामों के 198 स्वीकृत कार्यो मे से 62 कार्य पूर्ण एवं 136 कार्य अपूर्ण है। विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है । **(ग)** जी हाँ । पूर्ण कार्य वाले ग्रामों में पानी नही मिलने, पाईप फट जाने एवं नल खराब होने की कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

उसलापुर रेलवे क्रासिंग के मौजूदा फ्लाई ओवर ब्रिज के बाजू में प्रस्तावित फ्लाई ओवर ब्रिज का सर्वे

[लोक निर्माण]

38. (क्र. 269) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि उसलापुर रेलवे क्रासिंग के पास मौजूदा फ्लाई ओवर ब्रिज के बाजू से नए फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने का कार्य प्रस्तावित है? **(ख)** कंडिका "क" के फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने हेतु सर्वे के जिम्मेदारी किस एजेंसी को दी गयी है एवं उसके द्वारा अब तक कौन-कौन से कार्य किये गये हैं एवं उस कार्य के एवज में उन्हें कब-कब कितना-कितना भुगतान किया गया है, विस्तृत विवरण देवें ? **(ग)** कंडिका "क" के फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण हेतु क्या कार्ययोजना है, विस्तृत विवरण देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। **(ख)** उसलापुर फ्लाई ओव्हर ब्रिज बनाने हेतु सर्वे की जिम्मेदारी मेसर्स एक्युरेट सर्वेईग एवं कंस्ट्रक्शन कोरबा को दी गई थी। उनके द्वारा टोपोग्राफी सर्वे का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस हेतु अभी तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। **(ग)** कंडिका 'क' अनुसार फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण हेतु कार्ययोजना की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

नगर पालिका कोंडागांव अंतर्गत महिला समूह को प्रदत्त कार्य से प्राप्त रोजगार

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

39. (क्र. 279) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोंडागांव नगर पालिका अंतर्गत श्रद्धा सिटी लेवल फेडरेशन कोंडागांव महिला गोठान समूह के द्वारा लैंप्स समिति कोंडागांव को वर्ष 2021-22 से दिनांक 20.06.2025 तक कितनी मात्रा में खाद/वर्मिकंपोस्ट का सप्लाई किया गया है तथा उन्हें कितनी राशि का भुगतान प्राप्त हुआ है? क्या उन्हें किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान होना शेष है? यदि हां, तो उन्हें उक्त राशि का भुगतान कब तक किया

जाएगा? क्या वर्तमान में उल्लेखित गोठान समूह के माध्यम से खाद/वर्मिकंपोस्ट बनाने का कार्य करवाया जा रहा है, हां या ना? **(ख)** कोंडागांव नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कितने महिला समूह गठित है एवं पात्रता के अनुरूप कितने समूहों का गठन किया जाना शेष है? राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से विगत 3 वर्षों में कौन-कौन सी आजीविका गतिविधि से महिला समूह को जोड़ा गया है, तथा उन्हें उक्त गतिविधि से कितना आर्थिक लाभ प्रदान किया गया है? समूह वार, आजीविका गतिविधि वार, जानकारी प्रदान करें। वर्तमान में कोंडागांव नगर पालिका क्षेत्र में शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत महिला समूह को आजीविका गतिविधि से जोड़ने हेतु क्या-क्या योजना संचालित है, जानकारी प्रदान करें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) कोंडागांव नगर पालिका अंतर्गत श्रद्धा सिटी लेवल फेडरेशन कोंडागांव महिला गोठान समूह के द्वारा लैंप्स समिति कोंडागांव को वर्ष 2021-22 से दिनांक 20.06.2025 तक 14367.89 क्विंटल खाद/वर्मीकंपोस्ट सप्लाई किया गया है। श्रद्धा सिटी लेवल फेडरेशन कोंण्डागांव महिला गोठान समूह को राशि रू. 32,98,300.00 लेम्पस के माध्यम से भुगतान किया गया है एवं राशि रू. 13.67 लाख का भुगतान शेष है। जिला कलेक्टर कोण्डागांव द्वारा उक्त राशि की स्वीकृति हेतु संचालक, संचालनालय कृषि रायपुर को मांगपत्र दिनांक 19.05.2025 को प्रेषित किया गया है। अद्यतन स्वीकृति अप्राप्त है। स्वीकृति प्राप्त होने पर भुगतान किया जा सकेगा। गोठान समूह के माध्यम से खाद/वर्मीकंपोस्ट बनाने का कार्य वर्तमान में संचालित नहीं है। **(ख)** कोंडागांव नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कुल 352 महिला समूह गठित है विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' अनुसार** है। पात्रता के अनुरूप लगभग 15 अतिरिक्त समूहों का गठन किया जा सकता है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से विगत 03 वर्षों में महिला समूह को आजीविका गतिविधि से जोड़ने एवं गतिविधिवार, आर्थिक लाभप्रदान किये जाने की समूहवार, आजीविका गतिविधिवार, जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब'' अनुसार** है। वर्तमान में कोंडागांव नगर पालिका क्षेत्र में शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत महिला समूहों को आजीविका गतिविधि से जोड़ने हेतु निम्नलिखित योजना संचालित है:- 1. स्वरोजगार कार्यक्रम के माध्यम से व्यक्तिगत ऋण की सुविधा। 2. स्वरोजगार कार्यक्रम में समूह ऋण प्रदाय कराना । 3. स्वरोजगार कार्यक्रम अंतर्गत बैंक लिंकेज ऋण। 4. समूह की महिला वेंडर्स को प्रधानमंत्री स्वनिधि से ऋण। 5. अमृत मित्र योजना अंतर्गत "वूमन फॉर ट्री" अंतर्गत वृक्षारोपण एवं उनकी देखभाल के कार्य हेतु मानदेय प्रदान कराना।

<u>ग्राम जंगलबेड़ा में सोलर संयंत्र की स्थापना</u>

[वाणिज्य एवं उद्योग]

40. (क्र. 287) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले के सरायपाली तहसील के अंतर्गत ग्राम जंगलबेड़ा में कितनी क्षमता के सोलर संयंत्र स्थापना हेतु, कुल कितनी हेक्टेयर शासकीय भूमि, किस कंपनी को, किन शर्तों के तहत आबंटित की गई है? क्या उक्त कंपनी को छोटे या बड़े झाड़ के जंगल की जमीन को भी आबंटित की गई है, यदि हां तो क्या वन विभाग से अनुमति दी गई है? **(ख)** संयंत्र स्थापना हेतु कब और किन शर्तों के तहत एमओयू किया गया था ? अनुबंधित एमओयू के अनुसार कितना निवेश प्रस्तावित है और कितने लोगों को संयंत्र से रोजगार प्राप्त होगा? पूर्ण जानकारी दें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) सीएसआईडीसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार महासमुन्द जिले के सरायपाली-तहसील के ग्राम-जंगलबेड़ा में सोलर संयंत्र की स्थापना हेतु एक इकाई मेसर्स गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड को कुल 102.930 (एक सौ दो दशमलव नौ तीन शून्य) हेक्टेयर शासकीय भूमि का आबंटन 100 (सौ) मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा पर आधारित विद्युत उत्पादन इकाई की

स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में निहित शर्तों के अधीन आबंटित की गयी है। एक अन्य इकाई मेसर्स विश्वनाथएनर्जीप्रायवेट लिमिटेड, ग्राम-जंगलबेड़ा, तहसील-सरायपाली, जिला-महासमुन्द को 16 (सोलह) मेगावाट सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन इकाई स्थापना हेतु कुल 21.370 (इक्कीस दशमलव तीन सात शून्य) हेक्टेयर शासकीय भूमि के आबंटन हेतु सीएसआईडीसी द्वारा मांग पत्र जारी किया गया है। उक्त कंपनियों को छोटे या बड़े झाड़ के जंगल की भूमि आबंटित नहीं की गई है।**(ख)** राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त संयंत्रों की स्थापना हेतु एमओयू नहीं किया गया है। अतः शर्तों संबंधी प्रश्न उपस्थित नहीं होता। मेसर्स गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड को सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा दिनांक 04.12.2024 को "इन्विटेशन टू इन्वेस्ट" जारी किया गया है। इकाई में राशि रू. 2,700 करोड़ (दो हजार सात सौ करोड़) का पूँजी निवेश एवं 165 रोजगार प्रस्तावित है। मेसर्स विश्वनाथ एनर्जी प्रा.लि. ग्राम जंगलबेड़ा तहसील-सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा राज्य में निवेश हेतु प्रस्ताव कार्यालय राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड को प्राप्त नही हुआ है।

नगर पंचायत डोंगरगांव में जल निकासी हेतु नाली निर्माण कार्य

[लोक निर्माण]

41. (क्र. 293) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या नगर पंचायत डोंगरगांव कोर्राम आरा मिल से कालेज रोड नहर नाली तक जल निकासी हेतु नाली निर्माण कराया गया है? यदि हां तो उक्त पुरानी नाली को तोड़कर (डिस्मेंटल) पुनः नाली निर्माण कार्य किस स्तर के अधिकारी द्वारा आदेशित है? नवीन नाली का निर्माण किस मद से एवं किस विभाग की अनुमति से किस एजेंसी एवं टेकेदार से, नया कार्य कराया जा रहा है? उक्त पूर्व निर्मित नाली को तोड़कर पुनः नयी नाली निर्माण का तकनीकी कारण देते हुए जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हां। पुरानी नाली को तोड़कर (डिसमेंटल) पानी निकासी हेतु उचित ढलान में नाली निर्माण किया जा रहा है। नाली निर्माण की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई हैं। नवीन नाली का निर्माण बजट मद से लोक निर्माण विभाग द्वारा मेसर्स लेखराम साहू, 'अ' ठेकेदार से कराया जा रहा है। पूर्व निर्मित नाली मार्ग सतह से ऊपर होने के कारण नाली को तोड़कर पुनः नयी नाली का निर्माण तकनीकी रुप से ढलान देते हुए बनाया जा रहा है।

बिलासपुर नगर निगम के विस्तार में बेलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत किए गए विकास कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

42. (क्र. 301) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र के विस्तार में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के कितने ग्रामों को शामिल किया गया है ? सूची उपलब्ध करावें? **(ख)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत बिलासपुर नगर निगम में वर्ष 2019 से 20 जून, 2025 तक विभागीय बजट एवं स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत कौन-कौन से विकास कार्य किए गए ? कार्यों के नाम , स्वीकृत राशि , व्यय राशि , पूर्ण/अपूर्ण/अप्रारंभ की जानकारी वर्षवार, कार्यवार उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या प्रश्नांश "ख" के कार्यों में अनियमितता अथवा गुणवत्ताहीन सामग्री उपयोग करने की शिकायत प्राप्त हुई या विभाग के संज्ञान में आयी? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''स''** अनुसार है।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के पुल-पुलिया एवं सड़क निर्माण कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

43. (क्र. 309) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के मांग पत्र/प्रस्ताव पर वित्तीय वर्ष बजट 2024-25 में कितने कार्यों को बजट में शामिल किया गया था ? बजट में शामिल इन कार्यों में से कितने कार्यो की डीपीआर तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है तथा किन-किन स्वीकृत कार्यों की निविदा कब जारी की गई है ? कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण/अपूर्ण कार्यो की विस्तृत जानकारी बताएं ? **(ख)** वित्तीय वर्ष बजट 2025-26 में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुल-पुलिया एवं सड़क निर्माण कार्य के लिए शामिल कितने कार्यो के डीपीआर एवं एस्टीमेट प्राक्कलन विभाग को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए प्राप्त हो चुके हैं तथा कितने कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है तथा स्वीकृत कार्यो की निविदा कब तक जारी कराकर कार्य प्रारंभ करा दिया जायेगा, समय सीमा बताएं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की सुरक्षा मापदण्डों का पालन

[श्रम]

44. (क्र. 320) श्री मोतीलाल साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या रायपुर ग्रामीण विधानसभा, क्षेत्र में संचालित औद्योगिक ईकाईयों में दुर्घटना से श्रमिकों की मृत्यु न हो ? इस हेतु विभाग द्वारा सुरक्षा के लिये क्या मापदंड रखा गया है तथा मापदंड का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं? **(ख)** क्या विभाग को सुरक्षा मापदंड का पालन नहीं किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है? वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 31 मई, 2025 की स्थिति में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही के संबंध में जानकारी देवे?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) औद्योगिक ईकाईयों में दुर्घटना घटित न हो इस हेतु कारखाना अधिनियम, 1948 एवं छ.ग. कारखाना नियम, 1962 में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी मापदंड प्रावधानित है, जिसका परिपालन कारखाना प्रबंधन द्वारा किया जाता है। कारखानों के निरीक्षण के माध्यम से स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मापदंडों की जॉच की जाती है।**(ख)** जी हाँ, विभाग को सुरक्षा मापदंड का पालन नही किये जाने की शिकायते प्राप्त हुई है। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 31 मई, 2025 की स्थिति में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही की **जानकारी संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

बालोद जिला के अंतर्गत विभागीय बजट में सम्मिलित कार्यों की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

45. (क्र. 332) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के विभागीय बजट में बालोद जिले के किन-किन सड़क, पुल-पुलिया एवं भवन निर्माण कार्यों को सम्मिलित कर कितनी-कितनी राशि का प्रावधान किया गया है? वर्षवार, कार्यवार जानकारी देवें? **(ख)** कण्डिका 'क' के किन-किन कार्यों के लिए कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है एवं किन-किन कार्यों के लिए राशि स्वीकृत किया जाना किन कारणों से लंबित है? जानकारी देवें? **(ग)** कण्डिका 'ख' में प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त किन-किन कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण

कार्य प्रारंभ किया जा चुका है? किन-किन कार्यों की निविदा प्रक्रिया प्रचलन में है एवं कौन-कौन से कार्य निविदा के उपरांत किन कारणों से अप्रारंभ हैं? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

राजनांदगांव जिले अंतर्गत डोंगरगांव शहर के मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण

[लोक निर्माण]

46. (क्र. 339) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव जिले अंतर्गत डोंगरगांव शहर के मुख्य मार्ग दूरी 03 कि.मी. सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु कब एवं कितनी राशि की स्वीकृति की गई है तथा पूर्णता तिथि कब है और सड़क निर्माण का कार्य किस मापदण्ड में हुआ है ? **(ख)** क्या कंडिका ''क'' के मार्ग का निर्माण जब हो रहा था, तब कार्य के दौरान डब्लू.एम.एम. किस आधार पर कितने लेयर में डब्लू.एम.एम. डाला गया ? **(ग)** क्या प्रश्नांक ''क'' के निर्माण कार्यो में अनियमितता अथवा गुणवत्ताविहीन सामग्री का उपयोग/भ्रष्ट्राचार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हॉ तो इनमें कौन-कौन दोषी है ? दोषियों के उपर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला राजनांदगांव के डोंगरगांव बस्ती फोरलेन मार्ग के कि.मी. 23/4 से 26/10 = 3.60 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य। स्वीकृति दिनांक 19.10.2022, स्वीकृत राशि- 1866.86 लाख, अनुबंधानुसार पूर्णता तिथि- 10.06.2024 एम.ओ.आर.टी.एच. के मापदण्ड अनुसार कार्य कराया जा रहा है। **(ख)** डब्ल्यू.एम.एम. एम.ओ.आर.टी.एच. के मानक अनुसार प्रथम परत- 125 एम.एम. एवं द्वितीय परत- 125 एम.एम. में डाला गया। **(ग)** हॉ, कोई दोषी नहीं पाया गया। अतः कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत

[लोक निर्माण]

47. (क्र. 340) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में 2021-22 से 20 जून, 2025 तक लोक निर्माण विभाग को सड़क मरम्मत के लिए कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई ? प्राप्त राशि से किन-किन मार्गो की मरम्मत के लिए कितनी-कितनी राशि जारी की गयी है ? वर्षवार, सड़कवार, जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के मार्गो की भौतिक स्थिति क्या है ? कृपया बताएं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्राप्त राशि- 1600.33 लाख। कुल मरम्मत किया गया- 112 मार्ग, व्यय राशि - 1318.58 लाख। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

जिला जांजगीर-चांपा तथा विधानसभा क्षेत्र पामगढ़ में पंजीकृत श्रमिक

[श्रम]

48. (क्र. 349) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जांजगीर-चांपा तथा विधानसभा क्षेत्र पामगढ़ में किस -किस प्रकार के, कितने-कितने

श्रमिक, किन-किन योजनाओं के अन्तर्गत पंजीकृत हैं? **(ख)** पंजीकृत श्रमिकों में से कितने श्रमिकों को जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 तक किन-किन प्रचलित योजनाओं के अंतर्गत कितनी-कितनी राशि की सहायताएं प्रदान की गई है तथा क्या-क्या प्रशिक्षण दिया गया है? **(ग)** प्रचलित योजनाओं के अंतर्गत सहायता प्राप्त करने से वंचित श्रमिकों की संख्या कितनी-कितनी है तथ उन्हें कब-तक लाभ प्रदान किया जायेगा?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत योजनावार पंजीयन किये जाने का प्रावधान नहीं है।मंडल गठन से दिनांक 20.06.2025 तक की स्थिति में जिला जांजगीर-चांपा एवं विधानसभा क्षेत्र पामगढ़ में पंजीकृत श्रमिकों की मंडलवार एवं वर्गवार जानकारी निम्नानुसार है -

क्र	मंडल का नाम	श्रमिकों का वर्ग	पंजीकृत श्रमिक संख्या	
			जिला जांजगीर-चांपा	विधानसभा पामगढ़
1	छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल	निर्माण श्रमिक	116176	32874
2	छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल	असंगठित कर्मकार	76742	20346
3	छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल	संगठित श्रमिक	14406	0
	योग-		**207324**	**53220**

(ख) जिला जांजगीर-चांपा एवं पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि में श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल द्वारा लाभान्वितों तथा व्यय राशि की मंडलवार एवं योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**प्रश्नांकित अवधि में मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को दिये गये प्रशिक्षण की जानकारी निरंक है।**(ग)** श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों में पंजीकृत श्रमिकों द्वारा मंडल में संचालित योजनांतर्गत ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किये जाने पर पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाता है।जिला जांजगीर-चांपा एवं पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल में प्रश्नांकित अवधि तक लंबित आवेदनों की योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**लंबित आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

बस्तर वि.स. क्षेत्र में भवनों के रखरखाव, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए प्राप्त आबंटन एवं व्यय राशि

[लोक निर्माण]

49. (क्र. 355) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र बस्तर अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के द्वारा किन-किन आवासीय एवं गैर आवासीय (शाला भवन, आश्रम, छात्रावास) सहित सड़क पुल-पुलिया के रख-रखाव की जिम्मेदारी है? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में इनके रख-रखावं मरम्मत व जीर्णोद्धार के लिए वर्ष (2022-2023 से 20/06/2025 तक) में प्राप्त आबंटन स्वीकृत व व्यय राशि बतावें? **(ग)** प्रश्नांश (क) अंतर्गत वर्तमान में कहॉं-कहॉं पर मरम्मत रख-रखाव व जीर्णोद्धार के कार्य चल रहे हैं? क्या-क्या कार्य करवाये जा रहे हैं? कृपया बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'स'** अनुसार है।

विधानसभा क्षेत्र बस्तर में जल-जीवन मिशन कार्यक्रम का क्रियान्वयन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

50. (क्र. 356) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र बस्तर अंतर्गत किन-किन ग्राम पंचायतों के कितने ग्राम पारा-टोला में जल-जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत पाईप लाईन बिछाव, टंकी निर्माण, हेण्डपंप खनन व नल कनेक्शन के कार्य किये जाने हैं? जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित स्वीकृत कार्यो के लिए स्वीकृत राशि/व्यय एवं अद्यतन स्थिति में भुगतान की स्थिति बतावें? **(ग)** जल-जीवन मिशन कार्यक्रम से संबंधित गड़बड़ी, शिकायतें व अनियमिततायें होने के संबंध में प्राप्त सूचना एवं की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी देवें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र बस्तर अंतर्गत 135 ग्राम पंचायतों के 173 ग्रामों के पारा-टोला में जल-जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत पाईप लाईन बिछाव, टंकी निर्माण, हैन्डपंप खनन व नल कनेक्शन के कार्य किये जाने हैं, की विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित स्वीकृत कार्यों के लिए स्वीकृत राशि/व्यय एवं अद्यतन स्थिति में भुगतान की स्थिति की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- अ** अनुसार है। **(ग)** जल-जीवन मिशन कार्यक्रम से संबंधित गड़बड़ी, शिकायतें व अनियमितायें होने के संबंध में प्राप्त सूचना एवं की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

जिला बीजापुर अंतर्गत जल जीवन मिशन अन्तर्गत पानी टंकी निर्माण

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

51. (क्र. 363) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बिलासपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत कितने ग्रामों में, कितने पानी टंकी निर्माण का प्रावधान किया गया था? कितने निर्माण पूर्ण हो गये हैं? कितने अपूर्ण एवं प्रगतिरत हैं? कितने निर्माण प्रारंभ नहीं हुए हैं? प्रति ग्राम में पानी टंकी निर्माण का प्रावधान क्या था? पूर्व से कितने गांवों में कितने पानी टंकी निर्मित थी? सम्पूर्ण जानकारी बतावें? **(ख)** पानी टंकी निर्माण हेतु कितनी राशि का प्रावधान था? अब तक कितनी राशि व्यय हुई? कितनी राशि का भुगतान हुआ? कितनी राशि का भुगतान शेष है? **(ग)** कितने नवनिर्मित टंकियों के माध्यम से पानी सप्लाई प्रारंभ हो चुकी है? कितने से नहीं हुई है? क्यो नहीं हुई है? कारण सहित बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला बिलासपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत 639 ग्रामों में कुल 1174 पानी टंकी निर्माण का प्रावधान किया गया था । 813 निर्माण पूर्ण हो गए है । 325 अपूर्ण एवं प्रगतिरत है । 36 निर्माण प्रारंभ नहीं हुए हैं। रूपांकित जनसंख्या हेतु नियमित आधार पर पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति किये जाने हेतु टंकी प्रावधानित की जाती है। पूर्व से 178 गांवों में 184 पानी टंकी निर्मित थी। **(ख)** जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण हेतु राशि का पृथक से कोई प्रावधान नहीं है। जल जीवन मिशन की योजनाओं के अंतर्गत टंकी निर्माण हेतु राशि रू. 3545.88 लाख का प्रावधान

है। अब तक रू. 2811.12 लाख राशि की भुगतान की गई है। रू. 734.76 लाख राशि का भुगतान शेष है। **(ग)** 623 नव निर्मित टंकियों के माध्यम से पानी सप्लाई प्रारंभ हो चुकी है । 190 पानी टंकी से जल आपूर्ति प्रारंभ नहीं हुई है। पानी सप्लाई प्रारम्भ नहीं होने का कारण कार्य प्रगतिरत होना है।

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

52. (क्र. 368) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अभनपुर नगर पालिका व गोबरा नवापारा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2023 से मार्च, 2025 के मध्य कौन-कौन से निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है? कृपया योजनावार स्वीकृत निर्माण कार्यों एवं स्वीकृत राशि की जानकारी देवें? **(ख)** स्वीकृत निर्माण कार्यों में कौन-कौन से निर्माण कार्यों को प्रारंभ किया जा चुका है? कौन-कौन से निर्माण कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं? **(ग)** अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अभनपुर नगर पालिका व गोबरा नवापारा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2023 से मार्च, 2025 के मध्य निम्नानुसार स्वीकृति प्रदान की गई है:-

(जनवरी 2023 से 31 मार्च 2025 तक)

क्र.	निकाय का नाम	मद का नाम	स्वीकृत कार्यों की संख्या	स्वीकृत राशि(लाख रू. में)
1	न.पा.अभनपुर	अधोसंरचना मद	38	344.99
		राज्य प्रवर्तित योजना	0	0.00
		14वां वित्त आयोग	3	8.44
		15वां वित्त आयोग	18	228.48
		एस.बी.एम.शहरी 2.0	1	16.92
	;ksx		**60**	**598.83**
2	न.पा.गोबरानवापारा	अधोसंरचना मद	108	496.56
		राज्य प्रवर्तित योजना	2	50.00
		14वां वित्त आयोग	0	0.00
		15वां वित्त आयोग	53	637.69
		एस.बी.एम.शहरी 2.0	1	56.40
	योग		**164**	**1240.65**
	कुल योग		**224**	**1839.48**

योजनावार, कार्यवार, वर्षवार स्वीकृत राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। (ख)** स्वीकृत निर्माण कार्यों में से पूर्ण/अपूर्ण/प्रगतिरत्/अप्रारंभ कार्यों की भौतिक स्थिति की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र में समाहित है। **(ग)** अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र में समाहित है।**

अभनपुर में व्यवहार न्यायालय की स्थापना की प्रस्तावित योजना

[विधि एवं विधायी कार्य]

53. (क्र. 369) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत व्यवहार न्यायालय की स्थापना की योजना है? **(ख)** यदि हां तो इस संबंध में विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** न्यायालय की स्थापना को कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क)वर्तमान में अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत व्यवहार न्यायालय की स्थापना की कोई योजना नही है। **(ख)** योजना नही होने के कारण विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई है। **(ग)** न्यायालय की स्थापना को कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जावेगी, तिथि नही बताया जा सकता है।

राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अटल नवीनीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन अंतर्गत किये गये कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

54. (क्र. 372) श्री रोहित साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अटल नवीनीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन अंतर्गत नगरीय निकायों में ठोस/तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सीवरेज नेटवर्क, जल निकासी, शहरी परिवहन की व्यवस्था हेतु जून, 2025 तक क्या-क्या कार्य किये गये हैं ? नगर पंचायत/नगरपालिकावार जानकारी प्रदाय करेंगे?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अटल नवीनीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन अंतर्गत नगरीय निकायों में ठोस/तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सीवरेज नेटवर्क, जल निकासी, शहरी परिवहन की व्यवस्था हेतु जून, 2025 तक कोई कार्य स्वीकृत नहीं है। अपितु मिशन के जल प्रदाय घटक अंतर्गत जल प्रदाय योजना फिंगेश्वर लागत राशि रू. 3941.58 लाख स्वीकृत है।

राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजना

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

55. (क्र. 374) श्री रोहित साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रतिवर्ष ग्रीष्मकाल में जल स्तर 180 मीटर से अधिक नीचे चला जाता है ? यदि हॉ, तो इस पेयजल संकट निवारण हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं? **(ख)** क्या समूह जलप्रदाय योजना अंतर्गत विकासखंड फिंगेश्वर के लगभग 93 ग्राम एवं विकासखंड छुरा के 43 ग्राम मिलाकर लगभग 136 ग्रामों की पेयजल व्यवस्था हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत प्राक्कलन तैयार किया गया है ? इस कार्य को कब तक शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाएगी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

जिला महासमुंद के बसना वि.ख. अंतर्गत ग्राम अरेकेल-कुड़ेकेल के बीच सुरंगी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण

[लोक निर्माण]

56. (क्र. 382) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या जिला महासमुंद के बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम अरेकेल-कुड़ेकेल के बीच सुरंगी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है ? अगर हाँ, तो क्या इस कार्य की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है? यदि हॉ, तो कार्य किस एजेंसी को मिला है व कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा, जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हॉ। टेंडर की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

बसना विधानसभा क्षेत्र के बजट में शामिल निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

57. (क्र. 383) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या जिला महासमुंद के बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में शामिल ठेलकोदादर पंडरीपानी विश्वाश्पुर मार्ग एवं जबलपुर विश्वाश्पुर मार्ग निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय कर दी गई है ? अगर हाँ, तो क्या उक्त कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है ? अगर नहीं, तो क्यों ? कारण सहित बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। बजट में शामिल होने से 02 वर्ष की अवधि समाप्त होने के कारण वित्त विभाग के बजट से लुप्त।

नल जल योजना, नलकूप खनन एवं मोटर पंप स्थापना का तकनीकी मूल्यांकन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

58. (क्र. 384) श्री ओंकार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी, बालोद एवं कांकेर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत खनन किए गए नलकूपों की कुल संख्या, उसमें से कार्यरत एवं निष्क्रिय (defunct) नलकूपों की संख्या, तथा प्रत्येक नलकूप के जल स्त्रोत की स्थायित्व रिपोर्ट (Aquifer Sustainability Report) का तकनीकी मूल्यांकन किस एजेंसी द्वारा किया गया है? **(ख)** क्या यह सत्य है कि जल जीवन मिशन के तहत स्थापित ऊर्जा चालित मोटर पंप (Electric Submersible & Mono-block pumps) में से बड़ी संख्या में मोटर पंप खराब पड़े हैं या कम जलदाब के कारण अनुपयोगी हैं? यदि हाँ, तो दोषपूर्ण उपकरणों की आपूर्ति करने वाली एजेंसियों के विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई है? **(ग)** क्या विभाग द्वारा नलकूप खनन एवं मोटर पंप स्थापना कार्य हेतु ठेकेदारों/फर्मों की प्रामाणिकता का तकनीकी मूल्यांकन (Credential Verification + Capacity Assessment) किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? **(घ)** धमतरी जिले में 'जल जीवन मिशन' (Har Ghar Jal) के अंतर्गत वर्ष 2020 से 2025 तक कराए गए घरेलू नल कनेक्शनों की वास्तविक संख्या, लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि प्रतिशत, एवं पूर्णता प्रमाण पत्रों का तकनीकी सत्यापन किस मापदंड के अधीन किया गया है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) धमतरी, बालोद एवं कांकेर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत खनित नलकूपों की कुल संख्या, कार्यरत (सफल) एवं निष्क्रिय (असफल) नलकूपों की संख्या तथा जल स्त्रोत की स्थायित्व रिपोर्ट (यील्ड टेस्ट) का तकनीकी मूल्यांकन करने वाली एजेंसी की जानकारी **संलग्न प्रपत्र–अ** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** जी हॉ। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** धमतरी जिले में जल जीवन मिशन (हर घर जल) के अंतर्गत वर्ष 2020 से 2025 तक कुल- 125448 घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किया गया है। घरेलू नल कनेक्शनों की लक्ष्य एवं उपलब्धि का प्रतिशत वर्ष 2020 से 2025 तक वित्तीय वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र–ब** अनुसार है। पूर्णता प्रमाण पत्रों का तकनीकी सत्यापन अनुबंध की शर्तो एवं जल जीवन मिशन की मार्गदर्शिका के अनुसार किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

धमतरी जिले में निर्माणाधीन सड़कों की निम्न गुणवत्ता, निर्माण मानकों की अवहेलना की प्राप्त शिकायतें

[लोक निर्माण]

59. (क्र. 387) श्री ओंकार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिले के अंतर्गत कोलियरी–खरेंगा–जोरातराई सड़क तथा अन्य ग्रामीण/नगरीय मार्गों के निर्माण कार्यों में भारतीय सड़क निर्माण मानक (IRC specifications) एवं अनुबंध तकनीकी शर्तों के उल्लंघन की कितनी शिकायतें वर्ष, 2023–2024 से 20 जून 2025 के मध्य कलेक्टर कार्यालय तथा लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता/कार्यपालन अभियंताओं को प्राप्त हुई हैं? **(ख)** क्या यह सत्य है कि उपरोक्त मार्गों के निर्माण में डामर बेस/ग्रेनुलर सब-बेस (GSB) की जगह अनुपयुक्त मिट्टी का उपयोग कर सड़कों को दलदली बना दिया गया है, जिससे वर्षा के दौरान इन मार्गों पर दलदल की स्थिति उत्पन्न होकर सड़कें पूर्णत: अनुपयोगी हो गई हैं? **(ग)** उक्त सन्दर्भ में दोषी ठेकेदारों व निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध क्या दंडात्मक कार्यवाही की गई है तथा उक्त मार्गों की मरम्मत/पुनर्निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला फिंगेश्वर के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

60. (क्र. 423) श्री जनक ध्रुव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- जिला गरियाबंद के विकासखंड फिंगेश्वर अंतर्गत स्वीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला फिंगेश्वर के निर्माण हेतु अनुबंध निष्पादित कर जनवरी 2024 में किस फर्म को कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग गरियाबंद द्वारा कार्यादेश प्रदान किया गया था ? क्या कार्य का भूमिपूजन हो जाने के पश्चात् कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है? यदि हाँ तो कार्य की प्रगति का प्रतिशत कितना है एवं कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

मेसर्स जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लि. सिलतरा में श्रम विभाग द्वारा किया गया निरीक्षण

[श्रम]

61. (क्र. 469) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह कथन सत्य है कि विधानसभा क्षेत्र धरसींवा के सिलतरा स्थित मेसर्स जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लि.मि. के स्टील प्लांट डिव्हीजन एवं फ्लैट प्रोडक्ट डिव्हीजन में दिनांक 30/11/2024 को विभाग द्वारा काराखाना अधि. 1948 एवं संबंधित अन्य श्रम विधियों के प्रावधानों के तहत निरीक्षण किया गया था? यदि हां तो निरीक्षण में विभाग को क्या-क्या खामियां प्राप्त हुई ? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार निरीक्षण उपरांत जांच अधिकारी के द्वारा किस-किस प्रकार की कार्यवाही की अनुशंसा की गई ? **(ग)** क्या जांच अधिकारी से प्राप्त टीप/अनुशंसा के आधार पर किसी प्रकार की कार्यवाही विभाग के द्वारा की गई ? यदि हां तो क्या और यदि नहीं तो क्यों ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जी हां, यह सही है कि विधानसभा क्षेत्र धरसींवा

के सिलतरा स्थित मेसर्स जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड (स्टील प्लांट डिव्हीजन), सिलतरा, रायपुर के (1) फ्लैट प्रोडक्ट डिव्हीजन, (2) 500 टी.पी.डी. डी.आर.आई. एण्ड पावर प्लांट, (3) 350 टी.पी.डी. डी.आर.आई., पावर प्लांट एण्ड पैलेट प्लांट) एवं (4) सिंटर प्लांट एवं फ्लाय एस ब्रिक्स प्लांट कारखाने में दिनांक 30.11.2024 को विभागीय जांच दल द्वारा विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में पाई गई खामियों की कारखानावार एवं अधिनियमवार**जानकारी संलग्न प्रपत्र- अ, ब, स, द अनुसार है। (ख)** निरीक्षण उपरांत जांच अधिकारी के द्वारा की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ, ब, स, द अनुसार है। (ग)** जांच अधिकारियों से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर की गयी कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ, ब, स, द अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

नगर पालिक निगम भिलाई में निविदा आमंत्रण में अनियमितता की शिकायतें व कार्यवाही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

62. (क्र. 477) श्री देवेन्द्र यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत पचास लाख या उससे अधिक राशि से संबंधित विकास कार्यों की निविदा आमंत्रण के लिए महापौर परिषद की स्वीकृति आवश्यक है ? यदि हां, तो क्या विगत 03 वर्षों में नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत पचास लाख या उससे अधिक राशि की निविदा बिना महापौर परिषद की स्वीकृति के आमंत्रित की गयी है ? यदि हां, तो उक्त निविदा को आमंत्रित किए जाने वाले अधिकारी या संबंधित पर क्या कार्यवाही की गई है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :छत्तीसगढ़ राजपत्र के अधिसूचना क्र. एफ-5-21/2019/18 छ.ग. नगर पालिक निगम, अधिनियम, 1956 (क्र. 23 सन् 1956) की धारा 37 एवं धारा 73 सहपठित धारा 433 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये छ.ग. नगर पालिका (मेयर-इन काउंसिल/प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल के कामकाज का संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य) नियम 1998 में किये गए संशोधन अनुसार, आयुक्त, नगर पालिक निगम को राशि रू. 1.00 करोड़ तक वित्तीय अधिकार वेष्टित किया गया है। आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई को राशि रूपये एक करोड़ तक की निविदा आमंत्रण की स्वीकृति हेतु महापौर परिषद में प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। राशि रू. 1.00 करोड से अधिक के प्रकरणों को महापौर परिषद में रखा गया है।

लुण्ड्रा विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृति सड़कों/पुल-पुलिया

[लोक निर्माण]

63. (क्र. 482) श्री प्रबोध मिंज : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में लुण्ड्रा विधान सभा क्षेत्र में कितने सड़क एवं पुलियों की स्वीकृति मिली है? सड़कवार प्रत्येक कार्य की जानकारी देवें? **(ख)** कितने कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है? **(ग)** कौन-कौन सी सड़कों में वन विभाग की भूमि आ रही है ? सड़कवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

64. (क्र. 673) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बजट वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जून, 2025 तक कितने निर्माण कार्य कराये गए ? इनमें से कितने निर्माण कार्य पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं ? कितने निर्माण कार्य के गुणवत्ताहीन होने की शिकायत प्राप्त हुई है? अगर हाँ तो संबंधितों पर क्या कार्यवाही की गई है? अगर नहीं तो क्यों? विवरण दें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 60 निर्माण कार्य एवं 2025-26 में जून 2025 तक 27 निर्माण कार्य, इस प्रकार कुल 87 निर्माण कार्य स्वीकृत हुए। इनमें से 86 निर्माण कार्य पूर्ण एवं 01 निर्माण कार्य अपूर्ण है। उक्त स्वीकृत निर्माण कार्यो में से किसी भी निर्माण कार्य के गुणवत्ताविहीन होने की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

रायपुर स्मार्ट सिटी का बजट एवं व्यय राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

65. (क्र. 775) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर स्मार्ट सिटी मिशन का उद्देश्य क्या था ? क्या यह पूरा हुआ है ? **(ख)** इस योजना का कुल बजट कितना था? केन्द्र सरकार व राज्य सरकार का अनुपात क्या था? योजना लागू दिनांक से आज तक क्या उपलब्धि रही? बतायें? **(ग)** इस योजना के बजट की राशि किन-किन मदों पर कितनी-कितनी खर्च की गई ? क्या सभी योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं या अधूरी हैं एवं जिस उपयोगिता के लिये इसे लागू किया गया था, क्या वह पूर्ण हुई है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) स्मार्ट सिटी मिशन का उद्देश्य चयनित शहरों में आधारभूल अधोसंरचना का विकास करते हुए स्मार्ट समाधानों के माध्यम से अपने नागरिकों को बेहतर जीवन उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ और सुस्थिर वातावरण प्रदान करना है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा रायपुर शहर में अधोसंरचना निर्माण एवं स्मार्ट समाधान की परियोजनाएं क्रियान्वित की गई हैं, जिससे शहरवासियों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है एवं स्वच्छ तथा सुस्थिर वातावरण निर्मित करने में सहायता प्राप्त हुई है। **(ख)** स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत मिशन अवधि में कुल राशि रू. 990 करोड़ का बजट प्रावधान था। जिसमें केन्द्रांश राशि रू. 490 करोड़ तथा राज्यांश राशि रू. 500 करोड़ निर्धारित था। योजना लागू दिनांक से आज तक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा कुल 312 कार्य स्वीकृत किये गये है, जिसमे से 302 कार्य पूर्ण एवं 10 कार्य प्रगतिरत है। स्वीकृत कार्यों मे एकीकृत यातायात प्रणाली सिस्टम (आई.टी.एम.एस.), लाईब्रेरी निर्माण कार्य, स्मार्ट स्कूल निर्माण, तालाबो एवं उद्यानों का सौंदर्यीकरण, मार्केट रिडेवलपमेंट, मल्टीलेवल कार पार्किंग के कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा जल प्रदाय कार्य एवं एस.टी.पी. निर्माण आदि के कार्य प्रगतिरत है। **(ग)** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किये गये व्यय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा कुल 312 कार्य स्वीकृत किये गये है, जिसमे से 302 कार्य पूर्ण एवं 10 कार्य प्रगतिरत है, जिसकी **जानकारी संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है** एवं स्मार्ट सिटी मिशन की उपयोगिता पूर्ण हुई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

विधानसभा क्षेत्र चित्रकोट मे सी.एस.आर.मद अंतर्गत प्राप्त राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

66. (क्र. 787) श्री विनायक गोयल : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** विधान सभा क्षेत्र चित्रकोट अंतर्गत सी.एस.आर. मद में 01 अप्रैल, 2024 से जून 2025 तक किस-किस कार्य हेतु कितनी राशि प्रदाय की गयी ? जानकारी दे ? **(ख)** प्राप्त राशि को किसके अनुमोदन/अनुशंसा से व्यय किया गया ? क्या विभाग द्वारा सी.एस.आर. मद से कार्य कराये जाने हेतु कार्ययोजना वर्तमान में लंबित है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कार्यालय जिला पंचायत, बस्तर से प्राप्त जानकारी अनुसार विधान सभा क्षेत्र चित्रकोट अंतर्गत सी.एस.आर. मद में 01 अप्रैल, 2024 से जून 2025 तक विभिन्न कार्यो हेतु कुल 158.68 लाख रुपये (एक सौ अन्ठावन दशमलव छः आठ) प्रदाय की गयी। प्रदाय की गयी राशि की कार्यवार जानकारी **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है। **(ख)** प्राप्त राशि को हाई पॉवर कमेटी द्वारा कार्यवार अनुमोदित कार्य पर जिला प्रशासन द्वारा कार्य एजेंसियों के द्वारा किये गए कार्यों के प्रगति के आधार पर सी.एस.आर. से प्राप्त राशि का व्यय किया गया है। जिला स्तर पर सी.एस.आर.मद से कार्य कराये जाने हेतु कुछ कार्य प्रगति पर हैं। जिनका कार्यवार विवरण प्रपत्र के कॉलम 9 पर दर्शित हैं।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

अवैध प्लाटिंग/कॉलोनियों पर कृत कार्यवाही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

67. (क्र. 804) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वैध कॉलोनी /प्लाटिंग के लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग के नार्मस् क्या हैं? नगर पालिका बोदरी, नगर पंचायत बिल्हा एवं तहसील बिल्हा अंतर्गत विगत 3 वर्षो में किन-किन फर्मो एवं अन्य व्यक्ति एवं समूह के द्वारा कितनी एवं कौन-कौन सी अवैध प्लाटिंग/कॉलोनियां बनाई गई हैं? **(ख)** जून 2025, तक अवैध प्लाटिंग/कॉलोनियों पर नियमानुसार क्या-क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं की गई तो क्यों एवं इसके लिए दोषी कौन है? **(ग)** वर्तमान में कंडिका **(क)** अनुसार क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग/कॉलोनी न बसाई/बनाई जा सके, इसके लिए विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई है? **(घ)** प्रश्नांश **(क)** अनुसार प्रकरणों पर अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कॉलोनी निर्माण की क्या-क्या शिकायतें,किसके द्वारा, किन-किन के विरूद्व की गई तथा इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई व क्या-क्या अनियमितता पाई गई तथा कंडिका **(क)** अनुसार शिकायतों में कौन-कौन दोषी पाए गए और उन पर क्या कार्यवाही की गई? प्रकरणवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 धारा 292 क, ख, ग, घ, च, झ तथा नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 क, ख, ग, घ, च, झ तथा छ.ग. नगर पालिक निगम तथा नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्ते) नियम 2013 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 तथा छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण एवं निर्बंधन शर्ते) नियम 1999 के प्रावधान प्रचलित है। नगर पालिका बोदरी, नगर पंचायत बिल्हा एवं तहसील बिल्हा अंतर्गत विगत 3 वर्षों में अवैध प्लाटिंग/कॉलोनियां की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** जून 2025 तक अवैध प्लाटिंग/कॉलोनियों के लिए नगर पंचायत बिल्हा द्वारा दोषियों पर एफ.आई.आर. दर्ज करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है तथा रजिस्ट्री पर रोक लगाने हेतु पंजीयक को पत्र प्रेषित किया गया है। तहसीलदार बिल्हा द्वारा संबंधितों के विरूद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। प्रकरणवार **जानकारी संलग्न**

प्रपत्र अनुसार है। **(ग)** वर्तमान में कंडिका **(क)** अनुसार क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग/कॉलोनी न बसाई/बनाई जा सके, इसके लिए संबंधित निकाय द्वारा नोटिस, एफ.आई.आर. दर्ज करने की कार्यवाही तथा पंजीयन पर रोक लगाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। तहसीलदार द्वारा प्लाटिंगकर्ता के विरूद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। **(घ)** प्रश्नांश **(क)** अनुसार प्रकरणों पर अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायते प्राप्त नहीं हुई है। निकाय द्वारा स्वंय संज्ञान लेकर कार्यवाही किये जाने पर पाये गये दोषी तथा उन पर किये गये कार्यवाही की प्रकरणवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

घटुला समूह जल प्रदाय योजना एवं सांकरा समूह जल प्रदाय योजना की वित्तीय एवं भौतिक स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

1. (क्र. 19) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** घटुला समूह जल प्रदाय योजना एवं सांकरा समूह जल प्रदाय योजना, विकासखण्ड नगरी, जिला-धमतरी की स्वीकृति कब प्राप्त हुयी? इनकी लागत कितनी-कितनी है? कितने ग्राम लाभान्वित होंगे? इसके अंतर्गत क्या-क्या निर्माण कार्य होना है तथा उस निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिये निर्धारित समयावधि क्या तय की गयी है? **(ख)** 15 जून, 2025 की स्थिति में कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है और निर्धारित समयावधि से कार्य की गति कितना प्रतिशत आगे/पीछे चल रही है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) घटुला एवं सांकरा समूह जल प्रदाय योजना की स्वीकृति, स्वीकृत लागत, लाभान्वित ग्रामों की संख्या, योजना अंतर्गत प्रावधानित निर्माण कार्य एवं कार्य पूर्ण करने की निर्धारित समयावधि **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** 15 जून 2025 की स्थिति में घटुला समूह जल प्रदाय योजना 35 प्रतिशत एवं सांकरा समूह जल प्रदाय योजना 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। निर्धारित समयावधि शेष है अद्यतन में घटुला समूह जल प्रदाय योजना का कार्य पूर्णता 65 प्रतिशत पीछे एवं सांकरा समूह जल प्रदाय योजना का कार्य पूर्णता 50 प्रतिशत पीछे है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एथेनॉल बनाने वाली कंपनियों के साथ एमओयू

[वाणिज्य एवं उद्योग]

2. (क्र. 20) श्री अजय चंद्राकर : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा, किन-किन एथेनॉल बनाने वाली उद्योग / कंपनियों के साथ, कब-कब, कितनी राशि का एम.ओ.यू. किया गया है? उसमें से कितने राज्य/राष्ट्रीय/विदेशी कंपनियां हैं? **(ख)** 15 जून, 2025 की स्थिति में कितने उद्योग / कंपनियों को उद्योग लगाने हेतु कहां-कहां, किस जिले में कितनी-कितनी शासकीय/निजी भूमि/स्वयं की भूमि आबंटित की गई? कितने स्थापित हो चुके हैं एवं कितने उद्योगों से उत्पादन प्रारंभ किया जा चुका है? कितने स्थापित नहीं हुये हैं और उसका कारण क्या है? **(ग)** उक्त उद्योगों से कौन-कौन से उत्पादन हो रहे हैं? उनका सरकार द्वारा किन-किन कार्यों में उपयोग किया जा रहा है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एथेनॉल निर्माण हेतु कुल 34 उद्योग/ कंपनियों के साथ एम.ओ.यू. निष्पादित किया गया है, इनमे से 23 राज्य की एवं 11 राष्ट्रीय कम्पनियाँ है **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** के अनुसार है । किसी विदेशी कम्पनी के साथ एम.ओ.यू. निष्पादित नहीं किया गया है। **(ख)** सीएसआईडीसी से प्राप्त जानकारी अनुसार 15 जून 2025 की स्थिति में एथेनॉल उद्योग की स्थापना हेतु 08 इकाईयों को कुल 67.771 हेक्टेयर (सडसठ दशमलव सात सात एक हेक्टेयर) शासकीय भूमि सीएसआईडीसी द्वारा आबंटित की गई है जानकारी **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र -ब** के अनुसार

है)। इकाईयों को निजी भूमि आबंटित नहीं की गई है तथा स्वयं की भूमि आबंटित नहीं की जाती है। राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड से प्राप्त जानकारी अनुसार कुल 05 इकाईयों द्वारा उत्पादन प्रारंभ किया गया है। 29 इकाइयाँ स्थापित नहीं हुई है, जिसका विवरण इस प्रकार है -

(1) 9 इकाइयाँ निर्माणाधीन

(2) 10 में क्रियान्वयन प्रारंभ

(3) 2 इकाईयों के द्वारा स्थल चयन नहीं

(4) 8 इकाईयों के एमओयू निरस्त किये गये है।

(ग) उक्त उद्योगों द्वारा एथेनॉल का उत्पादन किया जा रहा है। उद्योगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्मित एथेनॉल को ई. बी. पी. (एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल) योजना के अंतर्गत तेल विपणन कंपनियों को विक्रय किया जाता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

रायगढ़-सराईपाली-रायपुर हाईवे की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

3. (क्र. 39) श्री उमेश पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़-सराईपाली-रायपुर हाईवे की अद्यतन स्थिति क्या है? स्वीकृति कब मिली? कार्य प्रारंभ कब हुआ? कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? जानकारी देवें? क्या उक्त मार्ग निर्माण के गुणवत्ता विहीन काम की शिकायत प्राप्त हुई है? उक्त मार्ग निर्माण की गुणवत्ता की जांच कब और कहां-कहां की गयी है? **(ख)** उक्त मार्ग पर महानदी में निर्माणाधीन पुल की अद्यतन स्थिति क्या है? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

रायगढ़ जिलांतर्गत उद्योगों द्धारा प्रदत रोजगार

[वाणिज्य एवं उद्योग]

4. (क्र. 40) श्री उमेश पटेल : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिला में संचालित किन-किन उद्योगों द्वारा रोजगार बढ़ाने के लिए स्थानीय लोगों को कौशल विकास के प्रशिक्षण जैसे कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है? उद्योगवार जानकारी देवें? किन-किन उद्योगों द्वारा कितने स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है? जानकारी देवें? **(ख)** वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में 20.06.2025 तक की स्थिति में रायगढ़ जिला अंतर्गत कितने उद्योग संचालित हैं? उन उद्योगों से कितनी-कितनी राशि सी.एस.आर. मद से प्राप्त होता है? उद्योगवार वर्षवार जानकारी देवें? **(ग)** रायगढ़ जिले में उद्योगों द्वारा बेरोजगारों को रोजगार देने की क्या कार्ययोजना है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार रायगढ़ जिला में संचालित 05 औद्योगिक इकाईयों द्वारा कौशल विकास के प्रशिक्षण हेतु कुल राशि रू. 1628.585 लाख (रूपये एक हजार छः सौ अट्ठाईस दशमलव पाँच आठ पाँच लाख) व्यय की गई है। इकाईवार जानकारी **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** में दर्शित है। उद्योग विभाग में पंजीकृत रायगढ़ जिले की 402 औद्योगिक इकाईयों द्वारा कुल 19,048 (उन्नीस हजार अड़तालीस) छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासियों को रोजगार प्रदान किया गया है, इकाईवार जानकारी **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** में दर्शित है। **(ख)** रायगढ़ जिले में वर्ष 2023-24 तक कुल 316

उद्योग, वर्ष 2024-25 तक कुल 393 उद्योग तथा 2025-26 में 20.06.2025 तक कुल 402 उद्योग, उद्योग विभाग में पंजीकृत है। कार्यालय कलेक्टर (सीएसआर शाखा), रायगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार सीएसआर अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 03 इकाईयों द्वारा कुल राशि रू. 8,43,32,150/- (रु आठ करोड़ तिरालिस लाख बत्तीस हजार एक सौ पचास) , वर्ष 2024-25 में 12 इकाईयों द्वारा कुल राशि रू. 31,03,73,700/- (रु इकतीस करोड़ तीन लाख तिहत्तर हजार साथ सौ) तथा वर्ष 2025-26 में दिनांक 20.06.2025 तक 01 इकाई द्वारा राशि रू. 20,01,29,234/- (रु बीस करोड़ एक लाख उनतीस हजार दो सौ चौंतीस) प्राप्त हुई है। इकाईवार एवं वर्षवार जानकारी **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** में दर्शित है। **(ग)** वर्तमान में राज्य में औद्योगिक विकास नीति 2024-30 प्रचलित है। नीति में बेरोजगारों को रोजगार देने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से राज्य के मूल निवासियों हेतु रोजगार सृजन अनुदान एवं 100 से अधिक रोजगार प्रदान करने वाली इकाईयों को अतिरिक्त स्थायी पूंजी निवेश अनुदान प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है। सेवा श्रेणी उद्यमों की सूची में विस्तार करते हुए, औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन हेतु पात्र मान्य किया गया है। औद्योगिक विकास नीति 2024-30 अंतर्गत अनुदान/छूट/रियायत प्राप्त करने हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को अकुशल श्रेणी के मामलों में 100 प्रतिशत, कुशल श्रेणी के मामलों में 70 प्रतिशत एवं प्रबंधकीय/प्रशासकीय वर्ग में 40 प्रतिशत रोजगार दिया जाना अनिवार्य किया गया है। स्वयं का उद्योग/सेवा उद्यम स्थापित करने के इच्छुक व्यक्तियों को केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के तहत बैंक के माध्यम से वित्तीय सहायता एवं अनुदान उपलब्ध कराया जाता है।

<u>नगर पंचायत भानुप्रतापपुर एवं चारामा में स्वीकृत पद</u>

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

5. (क्र. 47) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-(क) भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत भानुप्रतापपुर एवं चारामा में स्वीकृत/ कार्यरत/ रिक्त पदों की पदनाम सहित जानकारी देवें? (ख) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर ली जावेगी? समय सीमा बताएं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत भानुप्रतापपुर एवं चारामा में स्वीकृत/कार्यरत/रिक्त पदों की पदनाम सहित जानकारी निम्नानुसार है:-

	पदनाम	स्वीकृत पद	कार्यरत	रिक्त	रिमार्क
नगर पंचायत चारामा	मु.न.पा.अ. ''ग' वर्ग	01	01	00	
	उप अभियंता	02	02	00	
	लेखापाल	01	01	00	
	सहा.वर्ग-03	01	01	00	
	सहा.राज.निरी.	01	00	01	
	सफाई दरोगा	01	01	00	
	कैशियर	01	01	00	सांख्येत्तर
	भृत्य	01	01	00	
योग		09	08	01	

	पदनाम	स्वीकृत पद	कार्यरत	रिक्त	रिमार्क
नगर पंचायत भानुप्रतापपुर	मु.न.पा.अ. ''ग' वर्ग	01	01	00	
	उप अभियंता	01	01	00	

	लेखापाल	01	01	00	
	सहा.वर्ग-03	01	01	00	
	सहा.राज.निरी.	01	01	00	
	सफाई दरोगा	01	01	00	
	भृत्य	01	01	00	
	कैशियर	01	01	00	सांख्येत्तर
	पंप चालक	01	00	01	सांख्येत्तर
	पंप अटेंडेंट	01	01	00	सांख्येत्तर
	प्लम्बर	01	01	00	सांख्येत्तर
	चौकीदार	01	01	00	चौकीदार सांख्येत्तर पद होने से संबंधित कर्मचारी का पदोन्नति सहा.राज.निरी. में होने से चौकीदार का 01 पद समाप्त
	सफाई कामगार	01	00	00	सांख्येत्तर
योग		13	11	01	

(ख) रिक्त पदों पर भर्ती हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के कार्यों की स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

6. (क्र. 71) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 20 जून, 2025 तक की स्थिति में कितने कार्य स्वीकृत हुए हैं? कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं ? अपूर्ण कार्य के क्या कारण हैं? कब तक पूर्ण कर लिए जावेंगे? लागत सहित स्थलवार जानकारी देवें ? **(ख)** इनकी निविदा कब-कब लगाई गई,? कब स्वीकृत हुई ? **(ग)** कौन-कौन से स्थानों पर लोगों को पेयजल आपूर्ति हो रही है ? विकासखण्डवार पंचायतवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत 20 जून 2025 तक की स्थिति में 373 कार्य स्वीकृत हुए है। स्वीकृत कार्यो में से 220 कार्य पूर्ण हो चुके है। अपूर्ण कार्य का कारण, लागत सहित स्थलवार जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। अपूर्ण कार्यो को पूर्ण करने की निर्धारित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** निविदा लगाने की तिथि एवं स्वीकृति की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** स्वीकृत कार्यो में से 217 में पूर्ण रूप से एवं 132 में आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति हो रही है। विकासखण्डवार, पंचायतवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।**

नगरी बोराई मार्ग का संधारण कार्य

[लोक निर्माण]

7. (क्र. 72) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-नगरी बोराई मार्ग 38 कि.मी. में गड्ढे होने के दृष्टिगत इस मार्ग के जीर्णोद्धार व संधारण हेतु शासन की क्या योजना है एवं इस रोड का मरम्मत कार्य कब तक प्रारंभ कर पूर्ण कर लिया जाएगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : नगरी-बोराई मार्ग (जिला धमतरी के राजनांदगांव-गुण्डरदेही-धमतरी-नगरी-सिहावा-बोराई मार्ग, राज्यमार्ग क्र.-23) के कि.मी. 155/2 से 178/2 = 23.20

कि.मी. मजबूतीकरण कार्य हेतु अनुमानित लागत 3730.00 के साथ बजट में शामिल है। प्राक्कलन बनाकर स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रचलन में है। स्वीकृति प्राप्त होने पर कार्य कराया जाना संभव होगा। शेष कि.मी. में साधारण मरम्मत (पैंच रिपेयर) की योजना है।

कांकेर जिले में श्रम विभाग के द्वारा हितग्राहियों को सामग्री वितरण

[श्रम]

8. (क्र. 77) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-(क) कांकेर जिले में श्रम विभाग के द्वारा वर्ष 2023 से 20/6/25 तक कुल कितने हितग्राहियों को कौन-कौन सी सामग्री का वितरण किया गया? (ख) सामग्री वितरण हेतु कितने हितग्राही शेष बचे हैं? जिन्हें कब-तक सामग्री वितरित कर दी जाएगी?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अधीन संचालित छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत कांकेर जिला में प्रश्नांकित अवधि तक मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना अंतर्गत 160 पात्र महिला निर्माण श्रमिकों सिलाई मशीन का वितरण किया गया है।वर्तमान में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों हेतु संचालित सामग्री मूलक योजनाओं में सामग्री के स्थान पर डी.बी.टी के माध्यम से राशि से लाभान्वित किया जाता है।मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक हेतु संचालित सामग्री मूलक योजनाओं में प्रश्नांकित अवधि तक सामग्री के स्थान पर राशि से लाभान्वित की योजनावार जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	योजना का नाम	लाभान्वित श्रमिक संख्या
1	मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षाउपकरण सहायता योजना	4549
2	मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना	4503
3	मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना	2316
योग-		11,368

छ०ग० असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं छ०ग० श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि में सामग्री वितरण की जानकारी निरंक है।**(ख)** श्रम विभाग के अंतर्गत कांकेर जिला में दिनाक 20.06.2025 तक सामग्रीमूलक योजनाओं में लंबित आवेदनों की मंडलवार जानकारी निम्नानुसार है -

क्र.	मंडल का नाम	लंबित आवेदन संख्या
1	छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल	17506
2	छ०ग० असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल	526
3	छ०ग० श्रम कल्याण मंडल	0
योग-		18032

लंबित आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का क्रियान्वयन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

9. (क्र. 85) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना द्वारा लगाए जा रहे कैम्प की सूचना जन प्रतिनिधियों को दिये जाने का प्रावधान है ? यदि हॉ तो उक्तानुसार सूचना प्रेषित नहीं किये जाने के क्या कारण हैं? **(ख)** जब मुख्यमंत्री

स्लम स्वास्थ्य योजना का सेवा समय न्यूनतम कितने घंटे,कब से कब तक निर्धारित है? समय पूर्व बंद न हो इस हेतु क्या कार्यवाही की जा रही हैं? **(ग)** क्या मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, एन.एम., नर्स तथा ड्राइवर सहित कुल पांच स्टॉफ रखने का नियम है? यदि हां तो इसमें डॉक्टर तथा फार्मासिस्ट, की उपस्थिति सुनिश्चित क्यों नहीं की जाती हैं? **(घ)** इस योजना मे अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई कब की जायेगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना द्वारा लगाए जा रहे कैम्प की सूचना स्थानीय जन प्रतिनिधियों को संबंधित नगरीय निकायों द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। मोबाईल मेडिकल यूनिट हेतु निर्धारित रूट चार्ट तथा कैम्प की सूचना दूरभाष पर, वाट्सअप के माध्यम से, मुनादी एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यमों द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को प्रदान की जाती है। **(ख)** मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित का सेवा समय न्यूनतम 07 घंटे जो सामान्यतः सुबह 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक निर्धारित है। मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा निर्धारित समयावधि में कैम्प संचालन सुनिश्चित करने हेतु योजना अंतर्गत नियुक्त एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा निगरानी की जाती है। समय से पूर्व कैम्प बंद करने की दशा में उस दिवस हेतु कैम्प ऑफ मानकर सेवा प्रदाता को भुगतान नहीं किया जाता। साथ ही अनुबंध अनुसार अतिरिक्त पेनाल्टी भी अधिरोपित की जाती है। **(ग)** जी हॉ। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना में एमबीबीएस डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन, एएनएम, नर्स तथा ड्राईवर सहित कुल पांच स्टॉफ रखने का प्रावधान है। ऑनलाईन उपस्थिति पत्रक के माध्यम से समस्त स्टॉफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाती है। अनुबंध अनुसार डॉक्टर अनुपस्थित होने पर उस दिवस हेतु कैम्प ऑफ मानकर सेवा प्रदाता को भुगतान नहीं किया जाता। साथ ही अतिरिक्त पेनाल्टी भी अधिरोपित की जाती है। **(घ)** मोबाईल मेडिकल यूनिट के संचालन में अव्यवस्था पाए जाने पर सोसायटियों द्वारा अनुबंधित एजेंसियों के विरूध्द समय-समय पर अनुबंध की श के अनुरूप कार्यवाही की जाती है।

<u>नगरीय क्षेत्रों में सिटी बस सुविधा हेतु संचालित बस</u>

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

10. (क्र. 86) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** क्या यह सही है कि नगरीय क्षेत्रों की सिटी बस सुविधा हेतु प्राप्त 275 बसों को जानबूझकर सुधरवाया नहीं जा रहा है ? **(ख)** इन बसों को नहीं सुधारने का दोषी कौन है एवं क्या विभाग उसके विरूद्ध कार्रवाई करेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नहीं। यह तथ्य सत्य नहीं है कि सिटी बसों को जान बूझकर सुधारवाया नहीं जा रहा है। वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी की रोकथाम हेतु लागू देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में सिटी बसों का संचालन बंद किया गया था। उसके उपरांत तीन वर्षों तक बसों का संचालन अवरूद्ध रहने से कुछ बसें चलने योग्य नहीं रहीं। बसों के संचालन और मरम्मत आदि की जिम्मेदारी अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटियों द्वारा अनुबंधित सिटी बस ऑपरेटर की थी। आपॅरेटर्स द्वारा कोविड उपरांत संचालन प्रांरभ नहीं करने के कारण सोसायटियों द्वारा अनुबंध निरस्त कर नवीन बस ऑपरेटर का चयन किया गया है। उपलब्ध कुल 376 सिटी बसों में से मरम्मत उपरांत 91 बसों को संचालन किया जा रहा है। 130 बसों की मरम्मत की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शेष 155 बसें मरम्मत योग्य नहीं होने से कंडम घोषित कर नीलामी के संबंध में कार्यवाही की जा रही है। **(ख)** अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटियों द्वारा बसों का मूल्यांकन कर आवश्यक मरम्मत कराई जा रही है। मरम्मत नहीं हो सकने वाली

बसों को कंडम घोषित कर नीलामी संबंधी कार्यवाही की जा रही है। अतएव प्रश्नांश 'ख' की जानकारी निरंक है।

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक एवं फूड पार्क की स्थापना

[वाणिज्य एवं उद्योग]

11. (क्र. 90) श्री दिलीप लहरिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत क्या औद्योगिक एवं फूड पार्क की स्थापना की गई है? यदि हाँ, तो उसमें कौन-कौन से उद्योग स्थापित किए गए हैं? यदि औद्योगिक एवं फूड पार्क नहीं बना है, तो क्या किसी क्षेत्र का चयन भविष्य में इनकी स्थापना हेतु विचार किया जावेगा ? **(ख)** क्या ग्राम पंचायत ओखर को फूड पार्क की स्थापना हेतु चयनित किया गया है? यदि हां तो यहां कब तक फूड पार्क की स्थापना की जाएगी?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) :(क) मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक एवं फूडपार्क की स्थापना नहीं की गई है अतः स्थापित उद्योगों की संख्या निरंक है। तहसील-मस्तूरी के ग्राम-ओखर में औद्योगिक एवं फूडपार्क की स्थापना प्रस्तावित है। **(ख)** जी हाँ, सीएसआईडीसी से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम-ओखर, तहसील-मस्तूरी, जिला-बिलासपुर में फूडपार्क की स्थापना हेतु 10 हेक्टेयर शासकीय भूमि का आधिपत्य राजस्व विभाग से प्राप्त हो गया है। विभाग को आधिपत्य में प्राप्त भूमि का आधिपत्य सीएसआईडीसी को दिनांक 25.06.2021 को अधोसंरचना विकास हेतु सौंपा गया है। प्रस्तावित भूमि एवं सड़क के मध्य निजी भूमि विद्यमान है, जिसके अधिग्रहण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त भूमि प्राप्त होने पर औद्योगिक क्षेत्र एवं फूडपार्क की स्थापना की जा सकेगी।

जिला बिलासपुर अंतर्गत संचालित उद्योगो से सी.एस.आर. मद से प्राप्त राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

12. (क्र. 91) श्री दिलीप लहरिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 20 जून, 2025 की स्थिति में जिला बिलासपुर अंतर्गत कितने उद्योग संचालित हैं और उन उद्योगों से कितनी-कितनी राशि सी.एस.आर. मद से प्राप्त हुई? उद्योगवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश "क" अवधि में सी.एस.आर. मद से प्राप्त राशि में कितनी राशि, किस कार्य के लिए, कहां खर्च की गयी ? जानकारी देवें? **(ग)** क्या सी.एस.आर. मद से प्राप्त राशि में निर्माण कार्य संबंधित शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो किस प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है और उस पर क्या कार्यवाही की गई है? विवरण देवें? **(घ)** क्या सी.एस.आर. मद की राशि का सही उपयोग हो, उसके लिए सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना बनाई गई है? यदि हां, तो उसकी जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, बिलासपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 20जून, 2025 की स्थिति में जिला बिलासपुर अंतर्गत कुल 100 उद्योग पंजीकृत हैं। कार्यालय कलेक्टर बिलासपुर (सीएसआर शाखा) से प्राप्त जानकारी अनुसार उद्योगों से सीएसआर मद में 20जून, 2025 की स्थिति में राशि रू. 714.60 लाख (सात सौ चौदह लाख साठ हज़ार) प्राप्त हुई। उद्योगवार **विस्तृत विवरण जानकारी प्रपत्र** पर **संलग्न** है। **(ख)** प्रश्नांश "क" अवधि में सी.एस.आर. मद से प्राप्त राशि में विभिन्न कार्यों में राशि रू. 707.87 लाख (सात सौ सात लाख सतासी हज़ार) खर्च की गयी है। कार्यवार खर्च की गयी राशि का **विस्तृत विवरण जानकारी प्रपत्र** पर **संलग्न** है। **(ग)** कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार सी.एस.आर. मद से प्राप्त राशि में निर्माण कार्य संबंधित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः कार्यवाही का प्रश्न नहीं है । **(घ)** सीएसआर मद में प्राप्त राशि का

व्यय भारत सरकार के कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 135 के अंतर्गत निर्धारित नियम/मापदण्ड अनुसार कंपनी द्वारा स्वयं अथवा स्व-निर्धारित एजेंसी के माध्यम से अधिनियम में वर्णित कार्यों पर व्यय की जा सकती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

जिला जांजगीर-चांपा में श्रमिक कल्याण हेतु संचालित योजनाएं

[श्रम]

13. (क्र. 98) श्री ब्यास कश्यप : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** श्रम विभाग के अंतर्गत कौन-कौन सी योजनाएं श्रमिक कल्याण हेतु संचालित की जा रही हैं? जिला जांजगीर-चांपा में कितने संगठित, असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं? पंजीयन हेतु कितने नवीन आवेदन 20/06/25 तक लंबित हैं? **(ख)** प्रश्न ''क'' अनुसार विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन भरने के पश्चात निराकरण की क्या समय-सीमा है? जिला जांजगीर-चांपा में वर्ष 2023-24 व 2024-25 में विभिन्न योजनाओं अंतर्गत कितने आवेदन प्राप्त हुए? उनमें से कितने श्रमिक लाभान्वित हुए? कितने प्रकरण निरस्त हुए तथा कितने प्रकरण लंबित हैं? मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना व मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत कितने ऐसे प्राप्त आवेदन हैं, जो पिछले 3 महीनों से भी अधिक समय से लंबित हैं तथा लंबित रहने के क्या कारण हैं?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों अंतर्गत श्रमिक कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की मंडलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है**।जिला जांजगीर-चांपा में छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 14,406 संगठित श्रमिक, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 76,742 असंगठित कर्मकार एवं छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 1,16,690 निर्माण श्रमिक पंजीकृत है। दिनांक 20.06.2025 की स्थिति में पंजीयन हेतु लंबित नवीन आवेदन संख्या निरंक है।(ख) श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत आवेदन भरने के पश्चात् निराकरण की समय-सीमा की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है**।जिला-जांजगीर-चांपा में वर्ष 2023-24 व 2024-25 में मंडलों अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं अंतर्गत प्राप्त आवेदन, लाभांवित श्रमिक संख्या, निरस्त आवेदन एवं लंबित आवेदनों की मंडलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है**।छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना व मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत जिला-जांजगीर-चांपा में पिछले 03 महीनों से भी अधिक समय से लंबित आवेदन निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

खैरागढ़ संभाग में मार्ग मजबूतीकरण एवं उन्नयन

[लोक निर्माण]

14. (क्र. 102) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विगत 03 वर्षों में खैरागढ़ संभाग अंतर्गत कौन-कौन से मार्ग मजबूतीकरण एवं उन्नयन के कार्य स्वीकृत किए गए हैं? मार्गवार विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** के संदर्भ में विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ अंतर्गत स्वीकृत किए गए कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति, निविदा, कार्यादेश आदि की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करावें ? **(ग)** विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ अंतर्गत कौन-कौन से मार्ग मजबूतीकरण एवं उन्नयन के प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं? प्रक्रियाधीन प्रस्तावों पर स्वीकृति कब तक होगी? पूर्ण विवरण देवें? क्या धनेली से देवरीभाठ गौठान होते हुए भरदाकला मार्ग मूल बजट 2025-26 में शामिल की प्रशासकीय स्वीकृति

प्रक्रियाधीन है ? यदि हाँ, तो कब तक स्वीकृति होगी? यदि नहीं, तो क्या स्वप्रेरणा से उक्त मार्ग के निर्माण हेतु कार्यवाही की जावेगी? **(घ)** प्रश्नांश **(ग)** के अलावा क्या स्वप्रेरणा से आवश्यक मूल बजट 2025-26 में शामिल मार्गो की प्रशासकीय स्वीकृति कर कार्यवाही की जावेगी? यदि हाँ, तो कब तक?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'स'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

मोहला-मानपुर वि.स. क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

15. (क्र. 106) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग कितने कार्य हेतु आवेदन प्राप्त हुए ? जानकारी देवें? **(ख)** प्राप्त आवेदन के विरूद्ध कितने आवेदन को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु वित्त विभाग को भेजा गया, तथा कितने की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई? यदि प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है, तो क्यों एवं कब तक मिलेंगी? कितने प्रस्ताव लंबित हैं, जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) 118 सड़क कार्य हेतु 26 आवेदन प्राप्त, 20 वृहद पुल कार्य हेतु 9 आवेदन प्राप्त। **(ख)** प्रेषित प्राक्कलन-09 सड़क कार्य एवं 05 वृहद पुल कार्य, स्वीकृति प्राप्त-04 सड़क कार्य, स्वीकृति अप्राप्त-05 सड़क कार्य एवं 05 वृहद पुल कार्य। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। लंबित-निरंक, जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र अनुसार है।

जिला-मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

16. (क्र. 108) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में डीएमएफटी व सीएसआर मद में प्राप्त राशि का विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के परिप्रेक्ष्य में प्राप्त राशि अंतर्गत किन-किन ग्राम पंचायतों में कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किए गए? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के परिप्रेक्ष्य में प्राप्त राशि को किन-किन उद्देश्यों से एवं कितना व्यय किया गया ? **(घ)** प्राप्त कुल राशि में व्यय पश्चात कितनी राशि दिनांक 20/6/2025 तक शेष है ? **(च)** यदि राशि शेष है, तो उक्त राशि का व्यय किस उद्देश्यों में किये जाने हेतु प्रस्वाव प्राप्त हुए हैं ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कलेक्टर मोहला मानपुर-अंबागढ़ चौकी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में सीएसआर मद में कुल राशि रूपये 62,00,000 (बासठ लाख) एवं डीएमएफटी मद में कुल राशि रूपये 44,77,09,850 (चौवालीस करोड़ सतत्तर लाख नौ हजार आठ सौ पचास) प्राप्त हुए है। जिसकी **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ'** अनुसार है। **(ख)** प्राप्त राशि अंतर्गत ग्राम पंचायतों में किये गये स्वीकृत कार्यों की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब'** अनुसार है। **(ग)** प्राप्त राशि अंतर्गत उदेदश्यों में कुल सीएसआर मद से राशि रूपये 62,00,000 (बासठ लाख) एवं डीएमएफटी मद से कुल राशि रूपये 30,88,85,000 (तीस करोड अठासी लाख पचासी हजार) व्यय किया गया है। व्यय की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र 'स'** अनुसार है। **(घ)** प्राप्त राशि में व्यय पश्चात् दिनाक 20.06.2025 तक की स्थिति में सीएसआर मद में शून्य

एवं डीएमएफटी मद में कुल राशि रूपये 13,88,24,850 (तेरह करोड अठासी लाख चौबीस हजार आठ सौ पचास) शेष है। **(च)** शेष राशि के व्यय हेतु पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल कल्याण, कौशल विकास, स्वच्छता, भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, उर्जा के सेक्टर में कार्य किये जाने हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत सड़क, पुल पुलिया

[लोक निर्माण]

17. (क्र. 109) श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दुर्ग जिले के अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 में 20/6/2025 तक लोकनिर्माण विभाग के द्वारा कितने मार्ग एवं कितने पुल की स्वीकृति प्रदान की गई है? **(ख)** स्वीकृत मार्ग एवं पुल-पुलिया की लागत कितनी-कितनी है ? **(ग)** क्या स्वीकृत पुल-पुलिया का कार्य प्रारंभ हो चुका है ? अगर हो चुका है तो उक्त कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

जांजगीर चांपा व सक्ती जिलांतर्गत उद्योग एवं सी.एस.आर. अंतर्गत प्राप्त राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

18. (क्र. 110) श्री बालेश्वर साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-24, 2024-25 में एवं 20/6/2025 की स्थिति में जांजगीर चांपा व सक्ती जिला अंतर्गत कितने उद्योग संचालित हैं और उन उद्योगों से कितनी-कितनी राशि सी.एस.आर. मद से प्राप्त हुई ? उद्योगवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अवधि में सी.एस.आर. मद से प्राप्त राशि में कितनी राशि, किस कार्य के लिए कहां खर्च की गयी ? जानकारी देवें ? **(ग)** क्या सी. एस. आर. मद से प्राप्त राशि में निर्माण कार्य संबंधित शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो किस प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है और उस पर क्या कार्यवाही की गई है ? विवरण देवें ? **(घ)** क्या सी.एस.आर. मद की राशि का सही उपयोग हो, उसके लिए सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना बनाई गई है ? यदि हां तो उसकी जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जांजगीर-चांपा तथा सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2023-24,2024-25 में एवं 20/6/2025 की स्थिति में जांजगीर चांपा व सक्ती जिला अंतर्गत कुल 185 उद्योग पंजीकृत एवं संचालित हैं । जिले में संचालित उद्योगों से कुल राशि रु. 15,50,90,000 (पंद्रह करोड़ पचास लाख नब्बे हज़ार) सी.एस.आर. मद से प्राप्त हुई है । जिलेवार राशि इस प्रकार है जिला जांजगीर चांपा से राशि रूपये 15,00,90,000 (पन्द्रहा करोड़ नब्बे हजार) तथा जिला सक्ती से राशि रूपये 50,00,000 (पचास लाख) । उद्योगवार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र "अ"** अनुसार है। **(ख)** कार्यालय कलेक्टर जांजगीर-चांपा तथ सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार सी.एस.आर. मद से प्राप्त राशि विभिन्न कार्यों हेतु व्यय की गयी है । **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र "ब"** अनुसार है । **(ग)** कार्यालय कलेक्टर जांजगीर-चांपा तथ सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार सी. एस. आर. मद से प्राप्त राशि में निर्माण कार्य संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है। **(घ)** सीएसआर मद की राशि का सही उपयोग हो, इसके लिए भारत सरकार के कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 135 एवं इसके अधीन निर्मित कंपनी (कारपोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 निर्मित है, जिसमें निर्धारित

प्रावधानों/मापदण्डों के अनुसार कंपनी द्वारा स्वयं अथवा स्व-निर्धारित एजेंसी के माध्यम से अधिनियम में वर्णित कार्यों पर व्यय की जा सकती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत नलकूप खनन्

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

19. (क्र. 119) श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दुर्ग जिले के अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 में 20/6/2025 तक कितने नलकूप खनन की स्वीकृति विभाग के द्वारा दी गई है ? **(ख)** स्वीकृत नलकूप खनन में कितने सफल हुये है एवं कितने असफल हुये हैं, की जानकारी ग्रामवार बतावें। **(ग)** क्या सफल नलकूप खनन् में हैंडपंप स्थापित किये गये हैं ? नहीं तो, कब तक हैंडपंप स्थापित कर लिये जायेंगे ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) दुर्ग जिले के अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 में 20/06/2025 तक कुल 113 नग नलकूप खनन की स्वीकृति विभाग द्वारा दी गई है। **(ख)** स्वीकृत नलकूप खनन में 88 नलकूप सफल एवं 25 नलकूप असफल हुये हैं। ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** सफल 88 नलकूपों में से : 50 नलकूपों में हैंडपंप स्थापित किए गए हैं। गौठानों में खनित 13 नलकूपों में हैण्डपंप स्थापना कार्य का प्रावधान नहीं है। 25 खनित नलकूपों में जल जीवन मिशन की योजनाओं हेतु पावरपंप स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

रायपुर शहर में मांस एवं मटन की अवैध दुकानों का संचालन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

20. (क्र. 139) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राजधानी रायपुर में किन-किन मार्गों पर, कितनी-कितनी अवैध मांस एवं मटन की दुकानें संचालित हैं, वार्ड वार जानकारी दें। **(ख)** कंडिका (क) की दुकानों को संचालित करने के क्या नियम हैं ? इन नियमों का पालन करने की जवाबदेही किन अधिकारियों पर है, इन अधिकारियों के खिलाफ शास्ति कब अधिरोपित की जाएगी ? **(ग)** कंडिका (क) की अवैध दुकानों से लोक जीवन में कौन कौन सी बीमारियां फैलती हैं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) राजधानी रायपुर में विभिन्न मार्गो में 201 अवैध मांस एवं मटन की दुकानें संचालित हैं। उक्त दुकानों की मार्गों/वार्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** कंडिका (क) की दुकानों के संचालन हेतु छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा-255 में निम्नानुसार प्रावधानित हैः- ''कोई भी आयुक्त से अनुमति पत्र प्राप्त किये बिना मानवीय खाद्य के लिये अभिप्रेत किसी पशु अथवा कोई मांस या मछली का, निगम या अनुमत बाजार के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर विक्रय नहीं करेगा या विक्रय के लिए प्रदर्शित नहीं करेगा ।'' यदि नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो दुकानदार के विरूद्ध धारा 434 की तालिका अनुसार कार्यवाही के प्रावधान हैं। इन नियमों को पालन कराने की जवाबदेही संबंधित निगम प्रशासन की है। नगरपालिक निगम रायपुर द्वारा संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ग)** अवैध दुकानों से बाजार व्यवस्था एवं यातायात से

संबंधित समस्या उत्पन्न हो सकती है । सीधे तौर पर बीमारियां नहीं फैलती है अपितु अपशिष्टों से फुड पॉइजनिंग, पेट दर्द, उल्टी, दस्त एवं अन्य बीमारियों के फैलने की संभावना होती है ।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

राजस्व संभाग दुर्ग में मरम्मत एवं नये कार्यों में हुआ व्यय

[लोक निर्माण]

21. (क्र. 157) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दिनांक 01.01.2023 से 01.01.2025 के दौरान लोक निर्माण विभाग के विभिन्न संभागों (राजस्व संभाग दुर्ग के सात जिलों) में नये कार्यों हेतु कितनी-कितनी राशि, किस-किस मद में, कितने कार्यों हेतु आबंटित हुई? जिलेवार, वित्तीय वर्षवार, राशिवार जानकारी दें ? कितने कार्य निर्माणाधीन हैं? कब तक पूर्ण होगा? जानकारी जिलेवार दें? **(ख)** प्रश्नांश (क) में वर्णित समयानुसार केसीजी/राजनांदगाँव/कवर्धा/बेमेतरा/ मोहला-मानपुर-चौकी जिलों में स्थित लोक निर्माण विभाग के सभी संभागों में मरम्मत के कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि, किस मद में व्यय हेतु आई? कितनी व्यय की गई? वित्तीय वर्षवार, राशिवार, जिलेवार, व्ययवार जानकारी उपलब्ध करायें ? **(ग)** प्रश्नांश (क) में उल्लेखित समयानुसार एवं जिलों में लो.नि.वि. के संभागों द्वारा 2 लाख रुपयों से कम राशि के कितने कार्यों में, कितनी राशि का भुगतान किया गया? जिलेवार जानकारी दें? **(घ)** प्रश्नांश (क) में वर्णित समयानुसार एवं जिलों में लो.नि.वि. के किस-किस संभागों में आबंटन से अधिक कितना व्यय हुआ? उक्त व्यय की क्या उच्च कार्यालयों ने अनुमति प्रदान की?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र -''ब''** अनुसार है। **(ग)** निरंक। **(घ)** आबंटन से अधिक व्यय नहीं हुआ।

रायपुर नगर निगम के नालें/नालियों की सफाई

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

22. (क्र. 161) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्षा ऋतु के दृष्टिगत रायपुर नगर-निगम में नालों की सफाई एवं पानी के उचित निस्तारण की निगम द्वारा क्या व्यवस्था की गई है? वर्ष 2024-25 से दिनांक 20.06.2025 तक इसका बजट, सफाई कर्मियों की संख्या एवं नियंत्रक के बारे में जानकारी प्रदान करें? **(ख)** रायपुर शहर से निकलने वाले समस्त कचरों को कहां डम्ब किया जाता है एवं उसका निपटारा कैसे किया जाता है? **(ग)** पिछले 5 वर्षों में निगम को इस हेतु कितना बजट मिला एवं उस राशि को किस-किस मद पर व्यय किया गया है? जानकारी उपलब्ध करायें ? क्या शहर को कचरा मुक्त कराने की क्या योजना है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा विस्तृत कार्ययाजना बनाकर वर्षा ऋतु के पूर्व नालो की विशेष सफाई समस्त 10 जोन क्षेत्रों में करायी गई है। इस हेतु प्रत्येक जोन को 3.00-3.00 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्य हेतु वर्तमान में 30.00 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। इसके अतिरिक्त नाला सफाई कार्य हेतु प्रत्येक जोन में सत्र 2024-25 में 15.03.2024 से एवं सत्र 2025-26 में दिनांक 21.04.2025 से 25-25 सफाई कर्मियों को 45 दिवस के लिये नियोजित किया गया है। जिसका अनुमानित व्यय राशि रू. 51,83,250 है। उक्त कर्मचारी एवं निगम के संसाधन के माध्यम से नियमित रूप से नालों/नालियों की सफाई किया जा रहा है। सफाई कार्यो का

नियमित निगरानी एवं कार्य निष्पादन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक जोन के जोन आयुक्त एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी पदस्थ है। **(ख)** नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्रांतर्गत रायपुर शहर से निकलने वाले समस्त कचरों (नगरीय ठोस अपशिष्ट) को नगर निगम एवं मेसर्स डेल्ही एम.एस.डब्ल्यू. सॉल्यूशन लिमिटेड के द्वारा विभिन्न ट्रांसफर स्टेशनों एवं सेकेण्डरी कलेक्शन सेंटर के माध्यम से संग्रहण कर एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र ग्राम सकरी में भेजा जाता है। जहां कचरें का वैज्ञानिक पद्धति द्वारा प्रसंस्करण कर निपटान किया जाता है। **(ग)** पिछले 05 वर्षो में निगम को कुल राशि रू. 2,54,50,98,567.00 का बजट प्राप्त हुआ तथा राशि रू. 2,49,19,37,129.00 व्यय किया गया है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** रायपुर शहर से प्रतिदिन 700 टन कचरें का संग्रहण कर सकरी स्थित प्लांट में निष्पादन किया जाता है। रायपुर नगर पालिक निगम को भारत सरकार से कचरा मुक्त शहर (Garbage Free City) का प्रमाण पत्र प्राप्त है। साथ ही भारत सरकार के आवासन शहरी कार्य मंत्रालय अंतर्गत स्थापित क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र लखनऊ द्वारा रायपुर सफाई संबंधित कार्य को प्रभावी तथा उन्नत करने हेतु अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। प्रस्ताव में प्राप्त अनुशंसा अनुसार भविष्य की कार्ययोजना बनाई जावेगी।
[संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ"]

गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत सेतु निर्माण कार्य

[लोक निर्माण]

23. (क्र. 168) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (सेतु निर्माण) के कितने सेतु निर्माण कार्यों को वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 के बजट में शामिल किया गया है? जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका **(क)** के अनुसार कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति हो चुकी है एवं उनकी भौतिक स्थिति क्या है? **(ग)** जिन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति नहीं हुई है, उन कार्यों की कब तक प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो जावेगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2024-25 कुल 03 नग (आरओबी/आरयूबी) वर्ष 2025-26 कुल 05 नग (वृहद पुल) **(ख)** 02 नग प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने की निश्चित समय-सीमा बता पाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ"]

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी

[श्रम]

24. (क्र. 169) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** क्या छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की वेतन वृद्धि प्रति वर्ष करने का प्रावधान है ? यदि हाँ तो कब-कब की गयी है? यदि नहीं तो कब तक की जावेगी? जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार विभाग में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों के नियमितिकरण किये जाने के क्या प्रावधान हैं ? यदि हाँ तो कब तक किया जावेगा ? जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की वेतन वृद्धि प्रति वर्ष करने का प्रावधान नहीं है।छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से सेवा प्रदान कर रहे प्लेसमेंट कर्मियों को छ0ग0 शासन वित्त विभाग द्वारा संविदा कर्मचारियों के लिए निर्धारित मासिक वेतन

(एकमुश्त राशि) अनुरूप संचालक मंडल के अनुमोदन उपरांत प्लेसमेंट कर्मियों के वेतन में वृद्धि की जाती है। तदानुसार दिनांक 05.11.2020 एवं 24.08.2023 को प्लेसमेंट कर्मियों का वेतन वृद्धि किया गया।**(ख)** विभाग में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों के नियमितिकरण किये जाने का कोई प्रावधान नहीं है।

औद्योगिक संयंत्रों के प्रदूषण से श्रमिकों के स्वास्थ्य पर विपरित असर

[श्रम]

25. (क्र. 183) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-प्रदेश में स्थापित किन-किन औद्योगिक संयंत्रों के प्रदूषण से वहां काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ने अथवा सिलकोसिस बिमारी होने संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं अथवा संज्ञान में आई हैं? उक्त संयंत्रों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? संयंत्रवार जानकारी प्रदान करें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : प्रदेश में 1 अप्रैल 2024 से 26 जून 2025 तक कारखानावार श्रमिको के कार्यवातावरण से स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने अथवा सिलिकोसिस बीमारी होने संबंधी शिकायत/सूचना एवं की गई कार्यवाही का विवरण/**जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ"]

जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत औद्योगिक इकाईयों का सुरक्षा ऑडिट

[श्रम]

26. (क्र. 184) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या श्रम विभाग द्वारा औघोगिक इकाईयों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा हेतु ऑडिट/निरीक्षण किए जाने का प्रावधान है? यदि हां, तो जांजगीर-चाम्पा जिले में स्थित औद्योगिक इकाईयों की सुरक्षा ऑडिट अथवा निरीक्षण अंतिम बार कब-कब, किया गया था? किन-किन उद्योगों में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया एवं उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? उद्योगवार सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : श्रम विभाग द्वारा औद्योगिक इकाईयों में सुरक्षा ऑडिट किए जाने का प्रावधान नही है अपितु छत्तीसगढ़ कन्ट्रोल ऑफ इण्डस्ट्रीयल मेजर एक्सीडेंट हर्जाड्स नियम 1999 के प्रावधानानुसार अति खतरनाक औद्योगिक ईकाई को दो वर्ष में एक बार बाह्य रूप से सेफ्टी ऑडिट कराये जाने का प्रावधान है, जिसके तहत जिला जांजगीर-चांपा में स्थित 01 कारखाना-अटल बिहारी वाजपेयी थर्मल पावर प्लांट, छ.ग.रा.वि.उ.कं.म. ग्राम-मडवा तेन्दुभाठा, पोस्ट-विद्युत नगर लच्छनपुर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) में अंतिम बार सुरक्षा ऑडिट 22 से 25 अक्टूबर 2024 तक नेशनल सेफ्टी काउंसिल से कराया गया है। सुरक्षा ऑडिट टीम द्वारा सुरक्षा मानकों में कमी तथा कारखाना प्रबंधन द्वारा किए गए अनुपालन की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।**श्रम विभाग द्वारा औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा के लिए कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत निरीक्षण किए जाने का प्रावधान है। जिला जांजगीर-चांपा में स्थित औद्योगिक इकाईयों में अंतिम बार किए गए निरीक्षण, सुरक्षा मानकों का उल्लंघन एवं की गई कार्यवाही की उद्योगवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - उनहत्तर"]

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में सड़क विहीन ग्रामों में सड़क निर्माण कार्य

[लोक निर्माण]

27. (क्र. 187) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 जून, 2025 की स्थिति में किन-किन ग्रामों में मुख्य मार्ग से गांव तक पहुंच मार्ग डामरीकरण नहीं हुआ या पक्का सड़क नहीं बना है? जानकारी देवें ? **(ख)** क्या सड़क विहीन ग्रामों को मुख्य मार्ग से जोड़कर पक्का सड़क निर्माण की कोई योजना बनाई गई है? यदि हां तो, जानकारी देवें, नहीं तो क्यों नहीं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण से प्राप्त जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तर"]

राज्य राजमार्ग(स्टेट हाईवे) से राष्ट्रीय राजमार्ग(नेशनल हाईवे) सड़क निर्माण कार्य स्वीकृति

[लोक निर्माण]

28. (क्र. 188) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या राज्य राजमार्ग (स्टेट हाईवे) कवर्धा (कबीरधाम) से राजनांदगांव- डौण्डीलोहारा-दल्लीराजहरा-भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाईवे) सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है? यदि हां, तो कब स्वीकृति दी गई है तथा कितनी फीट सड़क चौड़ीकरण किया जाना प्रस्तावित हैं ? **(ख)** प्रश्नांश (क) स्वीकृत कार्य कब तक प्रारंभ कर लिया जाएगा? क्या कोई समय-सीमा निर्धारित किया गया हैं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नहीं। **(ख)** प्रश्न ही नहीं उठता।

उद्योगों में होने वाली दुर्घटनाओं के प्रभावितों के आश्रित परिवारों को मुआवजा एवं रोजगार

[श्रम]

29. (क्र. 196) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** उद्योगों एवं फैक्ट्री में होने वाली दुर्घटनाओं से मृत्यु पश्चात प्रभावित परिवारों को दिए जाने वाले मुआवजा की राशि कितनी होती है? पीड़ित परिवार के आश्रितों को रोजगार हेतु नौकरी पर रखने का क्या प्रावधान है? **(ख)** सत्र 2024-25 में जिला-रायगढ़ अंतर्गत स्थित फैक्ट्री में किन-किन दुर्घटना से कितनी मृत्यु हुई है? मृतक के आश्रितों को कितनी मुआवजा राशि दी गई है? फैक्ट्री का नाम, मृत व्यक्ति का नाम, सहित मुआवजा राशि वितरण की जानकारी देवें? **(ग)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितने फैक्ट्री एवं माइंस की जनसुनवाई प्रस्तावित है और किस जनसुनवाई का ग्राम सभा से अनुमोदन किया जा चुका है, ग्राम सभा अनुमोदन की छाया प्रति सहित जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) उद्योग एवं फैक्ट्री में होने वाली दुर्घटनाओं से मृत्यु पश्चात प्रभावित परिवारों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के तहत पेंशन अथवा कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 के तहत मुआवजा दिये जाने का प्रावधान है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा पेंशन की गणना मृतक श्रमिक के मासिक वेतन एवं आयु के आधार पर किया जाता है। आयुक्त, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम द्वारा मृतक श्रमिक के परिवारों को देय मुआवजा की गणना मासिक वेतन, आयु एवं गुणांक के आधार पर किया जाता है।श्रम अधिनियमों के तहत मृतक श्रमिक के आश्रितों को रोजगार हेतु

नौकरी दिये जाने का प्रावधान नहीं है। **(ख)** सत्र 2024-2025 में जिला रायगढ़ अंतर्गत स्थित कारखानों में घटित 19 दुर्घटनाओ में 20 श्रमिकों की मृत्यु हुई है।कारखाने का नाम, मृत श्रमिक का नाम, मृतक के आश्रितों को दी गई मुआवजा राशि एवं वितरण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ग)** क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फैक्ट्री एवं माईन्स की प्रस्तावित जन सुनवाई की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** पर्यावरण प्रभाव आकलन (ई.आई.ए.) अधिसूचना 2006 (यथा संशोधित) में उल्लेखित प्रावधान अनुसार जनसुनवाई हेतु तिथि निर्धारित होने के उपरांत संबंधित ग्राम पंचायतों में ड्राफ्ट ई.आई.ए.रिपोर्ट, विचार एवं सुझाव हेतु प्रेषित किया जाता है। वर्तमान में प्रस्तावित जनसुनवाई हेतु ग्रामसभा से अनापत्ति/अनुमति छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अप्राप्त है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इकहत्तर"]

विकासखण्ड बरमकेला के अंतर्गत कटंगपाली बरमकेला रोड निर्माण कार्य

[लोक निर्माण]

30. (क्र. 217) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विकासखण्ड बरमकेला के अंतर्गत कटंगपाली बरमकेला रोड का निर्माण कार्य भी नहीं होने के क्या कारण है कार्य कब तक पूर्ण होगा, जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : विकासखण्ड बरमकेला के अंतर्गत कटंगपाली बरमकेला मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य माह नवम्बर 2024 में पूर्ण किया गया है।

सीएसआर मद का व्यय

[वाणिज्य एवं उद्योग]

31. (क्र. 224) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2022-23, 2023-24 व 2024-25 में जिला- बिलासपुर अंतर्गत संचालित किन-किन उद्योगों द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत कितनी राशि उपलब्ध कराई जानी थी व दिनांक 20.06.2025 तक कितनी राशि उपलब्ध कराई गई? **(ख)** प्रश्नांश (क्र) अनुसार राशि में कितनी राशि उद्योग द्वारा स्वयं व्यय की गई तथा कितनी राशि कलेक्टर सेक्टर द्वारा व्यय की गई है? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कार्यालय कलेक्टर, जिला-बिलासपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर जिले के तीन इकाईयों मेसर्स एसईसीएल, एनटीपीसी तथा हिरीं माईन्स के द्वारा वर्ष 2022-23, 2023-24 व 2024-25 में कुल उपलब्ध कराने योग्य राशि रू. 9,46,12,232 (नौ करोड़ छियालीस लाख बारह हजार दो सौ बत्तीस) था एवं इकाईयों के द्वारा राशि रू. 9,20,06,044 (नौ करोड़ बीस लाख छः हजार चवालीस) उपलब्ध कराया गया। **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कंपनी द्वारा स्वयं व्यय की गयी राशि का विवरण जिला प्रशासन द्वारा संधारित नहीं किया जाता है। सीएसआर मद की राशि के उपयोग हेतु भारत सरकार के कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 135 एवं इसके अधीन कंपनी (कारपोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 निर्मित है, जिसमें निर्धारित प्रावधानों/मापदण्डों के अनुसार कंपनी द्वारा स्वयं अथवा स्व-निर्धारित एजेंसी के माध्यम से अधिनियम में वर्णित कार्यों पर व्यय की जा सकती है। उत्तरांश **(क)** अनुसार कलेक्टर सेक्टर द्वारा राशि रू. 9,20,06,044 (नौ करोड़ बीस लाख छः हजार चवालीस) व्यय किया गया है। वर्षवार, विकासखण्डवार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**[संलग्न "परिशिष्ट - बहत्तर"]**

अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कॉलोनी निर्माण के विरूद्ध कृत कार्यवाही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

32. (क्र. 225) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विगत 5 वर्षो में नगर पालिका बोदरी, नगर पंचायत बिल्हा एवं तहसील बिल्हा अंतर्गत किन-किन जगह पर अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कॉलोनी का निर्माण, कितनी-कितनी भूमि में, किन-किन व्यक्तियों/फर्मो द्वारा द्वारा किया गया है? अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कॉलोनी निर्माण के विरूद्ध प्रशासन द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई व क्या-क्या कार्यवाही दिनांक 20.06.2025 तक अपेक्षित है? अवैध प्लाटिंगवार व कॉलोनीवार जानकारी देवें। **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अनुसार प्रकरणों पर अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कॉलोनी निर्माण की कितनी शिकायतें, किन-किन के विरूद्ध की गई तथा इन शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई व क्या-क्या अनियमिता पाई गई? **(ग)** कडिका **(ख)** अनुसार शिकायतों में कौन-कौन दोषी पाए गए और उन पर क्या कार्यवाही की गई? प्रकरणवार जानकारी देवें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विगत 5 वर्षों में नगर पालिका बोदरी, नगर पंचायत बिल्हा एवं तहसील बिल्हा अंतर्गत अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार प्रकरणों पर अवैध प्लाटिंग व अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। नगर पंचायत बिल्हा द्वारा स्वंय संज्ञान लेकर अवैध प्लॉटिंग पर कार्यवाही की गई है। नगर पंचायत बिल्हा द्वारा अवैध प्लॉटिंग की रजिस्ट्री पर रोक लगाने हेतु पंजीयक को पत्र तथा संबंधित के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने के लिए थाना प्रभारी को पत्र प्रेषित किया गया। तहसीलदार बिल्हा द्वारा संबंधितों के विरूद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। प्रकरणवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** प्रश्नांश (क) अनुसार प्रकरणों पर अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायते प्राप्त नहीं हुई है। निकाय द्वारा स्वंय संज्ञान लेकर कार्यवाही किये जाने पर पाये गये दोषी तथा उन पर किये गये कार्यवाही की जानकारी प्रकरणवार **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - तिहत्तर"]

वार्षिक संधारण मद से व्यय राशि

[लोक निर्माण]

33. (क्र. 232) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में वार्षिक संधारण मद में लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी राशि का बजट प्रावधान किया गया था? इसमें से कितनी स्वीकृति, व्यय व शेष राशि है ? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार उपलब्ध बजट में कितनी राशि ई.एण्ड.एम व अन्य विंग को दी गयी है ? इसमें कितना व्यय एवं कितना शेष है ? वर्षवार बतावें ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' एवं 'ख' के अनुसार उपरोक्त राशि कितने कार्यों में व्यय की गई है? व्यय राशि की जानकारी वर्षवार बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौहत्तर"]

प्रदेश में ''स्टार्टअप'' योजना का क्रियान्वयन

[वाणिज्य एवं उद्योग]

34. (क्र. 233) डॉ. चरण दास महंत : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** छत्तीसगढ़ शासन की ''स्टार्टअप'' नीति के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में कितनी-कितनी राशि का प्रावधान किया गया है? **(ख)** जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 तक कितने ''स्टार्टअप'' का पंजीयन हुआ है ? कितने को, कितना वित्त पोषण प्राप्त हुआ है ? उसमें से कितने ''स्टार्टअप'' ने अपना काम प्रारंभ किया है ? नाम, पता सहित बतावें ? **(ग)** छत्तीसगढ़ में कौन-कौन से यूनिकार्न कंम्पनियां संचालित हैं तथा उनका सालाना टर्न ओवर कितना है? इनके माध्यम से प्रदेश में कितने लोगो को रोजगार प्राप्त हो रहा है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक नीति 2019-24 एवं औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टार्ट अप पैकेज का प्रावधान किया गया है। स्टार्टअप मदांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि रूपये 3 करोड़ एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में राशि रूपये 5 करोड बजट प्रावधानित है। **(ख)** जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 तक छत्तीसगढ़ स्टार्टअप ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से कुल 52 "स्टार्टअप" का पंजीयन हुआ है। नाम, पता सहित जानकारी संलग्न **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** पर दर्शित है। जिलों से प्राप्त जानकारी अनुसार 07 स्टार्टअप इकाइयों को औद्योगिक नीति में प्रावधानित अनुदान के माध्यम से राशि रु. 5,45,52,117 (पांच करोड़ पैंतालीस लाख बावन हज़ार एक सौ सत्रह रुपये मात्र) का वित्त पोषण प्रदान किया गया है, उसमें से 07 "स्टार्टअप ने अपना काम प्रारंभ किया है। नाम, पता सहित जानकारी संलग्न **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** पर दर्शित है. **(ग)** इकाईयों के वैल्यूएशन की जानकारी नहीं होने के कारण, यह जानकारी विभाग द्वारा संधारित नहीं की जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचहत्तर"]

पंडरिया विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत नगरीय निकायों के रिक्त पदों की पूर्ति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

35. (क्र. 239) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर पालिका एवं नगर पंचायतो में वर्तमान स्थिति में कौन-कौन से पद रिक्त हैं ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित रिक्त पदों में क्या किसी अन्य पंचायत या पालिका के कर्मचारियों को संलग्न किया गया है, यदि हां तो पद अनुसार जानकारी देवें । (ग) प्रश्नांश 'क' एवं 'ख' में उल्लेखित रिक्त/संलग्न पदों हेतु स्थाई नियुक्तियां कब तक की जाएंगी कृपया सुनिश्चित करें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) पंडरिया विधानभा क्षेत्र अंतर्गत नगरपालिका परिषद् पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई एवं नगर पंचायत इंदौरी में वर्तमान में निम्नानुसार पद रिक्त है:-

क्र.	निकाय का नाम	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या
01	न.पा.प. पंडरिया	सहा.वर्ग-02	01
		लेखापाल	01
		राजस्व उप निरीक्षक	01
		भृत्य	02
	योग		05

क्र.	निकाय का नाम	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या
02	न.पं. पाण्डातराई	भृत्य	01
	योग		01

क्र.	निकाय का नाम	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या
03	इंदौरी	उप अभियंता	01
		लेखापाल	01
	इंदौरी	राजस्व उप निरीक्षक	01
		सहायक वर्ग-03	02
		सहायक राजस्व निरीक्षक	02
		सफाई दरोगा	01
		भृत्य	03
	योग		11

(ख) नगर पालिक पंडरिया में लेखापाल के पद पर श्री अजय पटेल, सहा.राज.निरी. न.पं. पाण्डातराई एवं सहायक वर्ग-02 के पद पर श्री भूपेन्द्र मानिकपुरी, कैशियर, न.पं. पाण्डातराई को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नगर पंचायत पाण्डातराई में उप अभियंता के पद पर श्री योगेश्वर सिंह ठाकुर, उप अभियंता, नगर पंचायत सहसपुरलोहारा को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था । तत्तपश्चात् आदेश क्रमांक 1732 दिनांक 04.06.2025 द्वारा श्री भागवत धुर्वे, उप अभियंता, नगर पंचायत पिपरिया को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नगर पंचायत इंदौरी में उप अभियंता के पद पर श्री राजेश मिश्रा, उप अभियंता, नगर पालिका परिषद् कवर्धा एवं सहायक वर्ग-03 के पद रिक्त होने से श्री सुरेश जायसवाल, कैशियर, नगर पंचायत बोड़ला को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। **(ग)** रिक्त पदों पर भर्ती हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है ।

<u>मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना का क्रियान्वयन</u>

[श्रम]

36. (क्र. 240) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना क्या है? इसकी पात्रता के नियम क्या हैं? इस योजना हेतु आवेदन मंगवाने की प्रक्रिया कैसे तय की जाती है ? **(ख)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत कितनी महिलाओं का आवेदन 1 जनवरी, 2024 से दिनांक 20.06.2025 तक प्राप्त हुआ है ? प्राप्त आवेदन में से कितनो को सहायता/लाभ प्राप्त हुआ है? विकासखंडवार जानकारी देवें। (ग) मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना में लाभान्वित महिलाओं हेतु क्या किसी तरह के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है? यदि हां तो उसकी जानकारी देवें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) :(क) श्रम विभाग के अधीन छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को सिलाई मशीन हेतु राशि रूपये 7900/- प्रदान किया जाता है। योजनांतर्गत पात्रता संबंधी शर्तें निम्नानुसार है - * 18 वर्ष से 50 वर्ष आयु की पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिक। * मंडल में 01 वर्ष पूर्व से पंजीकृत हो। * मंडल की मुख्यमंत्री कौशल विकास एवं परिवार सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टेलरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो अथवा राज्य शासन के किसी विभाग, उपक्रम, मंडल, निगम अथवा राज्य शासन से मान्यता प्राप्त संस्थान से टेलरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। * राज्य शासन द्वारा संचालित किसी समानान्तर योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त न किया हो। * मंडल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त न किया हो। * योजना का लाभ केवल

एक बार देय होगा। इस योजना हेतु पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक स्वयं 'श्रमेव जयते मोबाईल एप' के माध्यम से अथवा जिला श्रम कार्यालय, विकासखण्ड में स्थापित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र, लोक सेवा केन्द्र एवं मोबाईल रजिस्ट्रेशन वेन के सहयोग से विभागीय वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।**(ख)**पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत प्रश्नांकित अवधि तक प्राप्त आवेदन एवं लाभान्वित श्रमिक की विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार हैः-

क्र.	**विकासखंड का नाम**	**प्राप्त आवेदन**	**लाभान्वित श्रमिक संख्या**
1	कवर्धा	4	3
2	पण्डरिया	12	1
3	सहसपुर लोहारा	7	2
कुल योग-		**23**	**6**

(ग़) जी नहीं।

पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

37. (क्र. 246) श्रीमती गोमती साय : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 15.06.2025 तक लोक निर्माण विभाग प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सड़क योजना अंतर्गत कितने नवीन सड़कों की स्वीकृति हुई? बजट में प्रावधान एवं वर्षवार जानकारी देवें ? मार्गो की अद्यतन स्थिति क्या है ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार उक्त अवधि में किन-किन सड़कों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य किया गया है ? विकासखंडवार जानकारी देवें। यदि नहीं किया गया तो क्यों ? **(ग)** कितनी सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 15.06.2025 तक प्रदान की गई है? कितनी शेष है, कितनी सड़कों की मांग की गई है ? कब तक स्वीकृति की जायेगी ? समयावधि बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत सड़कों का मरम्मत कार्य

[लोक निर्माण]

38. (क्र. 247) श्रीमती गोमती साय : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की कितनी सड़कें हैं ? कितनी सड़कों की विगत 2 वर्षों में कब-कब मरम्मत की गयी है ? कितनी सड़कों में विगत 2 वर्षों से मरम्मत/नवीनीकरण कार्य नहीं किया गया है, मार्गवार जानकारी देवें ? **(ख)** वर्तमान में कितने सड़क कहॉ-कहॉ पर जर्जर अवस्था में हैं व मरम्मत योग्य हैं ? मरम्मत नहीं किए जाने के क्या कारण हैं ? कब तक मरम्मत/नवीनीकरण कार्य किया जाएगा ? समयावधि बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छिहत्तर"]

जिला महासमुंद के नगरीय निकायों में स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

39. (क्र. 253) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-महासमुंद में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में नगर निगम, नगरपालिका तथा नगर पंचायतों में स्वीकृत अधोसंरचना कार्यों की राशि सहित जानकारी निकायवार बतायें? **(ख)** 19 जून, 2025 की स्थिति में प्रश्नांश 'क' के कार्यों के पूर्णता अपूर्णता की जानकारी निकायवार बतायें ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के कार्यों को समयावधि में पूरा नहीं किये जाने तथा निम्न गुणवत्ता के लिये कितने कार्य एजेन्सी पर क्या कार्यवाही की गई निकायवार बतायें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला महासमुन्द में नगर निगम की संख्या निरंक है। जिला महासमुन्द में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में नगरपालिका तथा नगर पंचायतों में अधोसंरचना कार्यों हेतु निम्नानुसार राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है:-

क्र.	निकाय का नाम	वित्तीय वर्ष	स्वीकृत कार्यों की संख्या	स्वीकृत राशि (लाख रू. में)
1	न.पा.महासमुन्द	2024-25	80	296.17
		2025-26	5	31.92
		योग	**85**	**328.09**
2	न.पा.बागबाहरा	2024-25	24	486.79
		2025-26	0	0.00
		योग	**24**	**486.79**
3	न.पा.सरायपाली	2024-25	29	326.75
		2025-26	0	0.00
		योग	**29**	**326.75**
4	न.पं.पिथौरा	2024-25	10	169.78
		2025-26	0	0.00
		योग	**10**	**169.78**
5	न.पं.बसना	2024-25	9	164.85
		2025-26	0	0.00
		योग	**9**	**164.85**
6	तुमगांव	2024-25	22	288.76
		2025-26	0	0.00
		योग	**22**	**288.76**
	महायोग		**179**	**1765.02**

कार्यवार स्वीकृत राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** 19 जून, 2025 की स्थिति में प्रश्नांश 'क' के कार्यों के पूर्णता अपूर्णता की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र में समाहित** है। **(ग)** प्रश्नांश 'क' के कार्यों को समयावधि में पूरा नहीं किये जाने तथा निम्न गुणवत्ता के लिये कार्य एजेन्सी पर कार्यवाही संबंधी षिकयत पत्र प्राप्त नहीं हुई है।

जिला महासमुंद में सड़क, पुल, पुलिया भवन की स्वीकृति व कार्य की पूर्णता

[लोक निर्माण]

40. (क्र. 254) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** महासमुंद जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 में 19 जून, 2025 तक स्वीकृत

सड़क पुल, पुलिया, भवन की जानकारी स्वीकृत राशि, कार्य व वर्षवार बतायें ? **(ख)** 19 जून, 2025 की स्थिति में प्रश्नांश 'क' के कार्यों की पूर्णता, अपूर्णता अप्रारंभ की जानकारी कार्यवार, विकासखण्डवार बतायें ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के कार्यों में से समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण सहित कार्यवार, विकासखण्डवार जानकारी बतायें ? जिम्मेदार कार्य एजेंसी पर क्या कार्यवाही की गई, कार्यवार बतायें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - सतत्तर"]**

नगर पंचायत धरमजयगढ़ को प्राप्त आवंटन एवं व्यय

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

41. (क्र. 262) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** धर्मजयगढ़ नगर पंचायत को विगत 04 वर्षों में कितनी-कितनी राशि आवंटित की गयी है ? किस-किस निर्माण कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि व्यय की गयी है वर्षवार जानकारी देवें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश (क) अंतर्गत कार्यो में वित्तीय अनियमिताओं की शिकायत प्राप्त हुई ? यदि हां, तो उन पर क्या कार्यवाही की गई है, कृपया जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर पंचायत धरमजयगढ़ को विगत 04 वर्षो में आबंटन किये गये राशि की जानकारी वर्षवार, मदवार, निम्नानुसार हैः-

वित्तीय वर्ष 2021-22 (राशि लाख में)

क्रं.	मद	कुल स्वी.राशि	कुल आबंटित राशि	कुल व्यय राशि
1	अधोसरंचना	0.00	0.00	0.00
2	रा.प्र.वि.यो.	0.00	0.00	0.00
3	केन्द्र (14 वित्त)	108.26	108.26	105.55
4	केन्द्र (15 वित्त)	10.73	10.73	10.72
5	प्रधानमंत्री आवास शहरी	620.18	405.55	405.55
6	स्वच्छ भारत मिषन शहरी 2.0	0.00	0.00	0.00
	कुल योग	**739.17**	**524.54**	**521.82**

वित्तीय वर्ष 2022-23 (राशि लाख में)

क्रं.	मद	कुल स्वी.राशि	कुल आबंटित राशि	कुल व्यय राशि
1	अधोसरंचना	327.11	119.86	88.85
2	रा.प्र.वि.यो.	0.00	0.00	0.00
3	केन्द्र (14 वित्त)	0.00	0.00	0.00
4	केन्द्र (15 वित्त)	166.07	166.07	82.45
5	प्रधानमंत्री आवास शहरी	1107.90	780.74	780.74
6	स्वच्छ भारत मिषन शहरी 2.0	0.00	0.00	0.00
	कुल योग	**1601.08**	**1066.67**	**952.04**

वित्तीय वर्ष 2023-24 (राशि लाख में)

क्रं.	मद	कुल स्वी.राशि	कुल आबंटित राशि	कुल व्यय राशि
1	अधोसरंचना	349.07	60.00	50.00
2	रा.प्र.वि.यो.	0.00	0.00	0.00
3	केन्द्र (14 वित्त)	0.00	0.00	0.00

4	केन्द्र (15 वित्त)	0.00	0.00	0.00
5	प्रधानमंत्री आवास शहरी	1018.05	678.03	677.03
6	स्वच्छ भारत मिषन शहरी 2.0	0.00	0.00	0.00
	कुल योग	**1367.12**	**738.03**	**727.03**

वित्तीय वर्ष 2024-25 (राशि लाख में)

क्रं.	मद	कुल स्वी.राशि	कुल आबंटित राशि	कुल व्यय राशि
क्रं.	मद	166.99	42.00	20.53
1	अधोसरंचना	0.00	0.00	0.00
2	रा.प्र.वि.यो.	16.64	16.64	0
3	केन्द्र (14 वित्त)	473.16	473.16	223.76
4	केन्द्र (15 वित्त)	0.00	0.00	0.00
5	प्रधानमंत्री आवास शहरी	0.00	0.00	0.00
6	स्वच्छ भारत मिषन शहरी 2.0	**656.79**	**531.80**	**244.29**

कार्यवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** वित्तीय अनियमितता जाने की शिकायतप्राप्त नहीं हुई है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र में समाहित** है।

जिला रायगढ़ अंतर्गत निर्माणाधीन पुल निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

42. (क्र. 263) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत जून, 2025 की अवधि में कितने पुल निर्माणाधीन हैं, निर्माण कार्य में विलंब होने के क्या कारण है ? **(ख)** बायसी नरकालो मार्ग में पुल निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ? कितनी राशि स्वीकृत की गयी थी, कितना व्यय किया जा चुका है, कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) 03 पुल निर्माणाधीन है एवं 04 अधूरे पुलो का निर्माण हेतु निविदा प्रक्रियाधीन। निर्माण कार्य में विलंब होने का विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** स्वीकृत राशि रू. 1385.13 लाख। व्यय राशि रू. 556.05 लाख अनुबंध निरस्त कर दिया गया है। शेष कार्य के कार्यादेश जारी होने के उपरांत कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया जावेगा।
[संलग्न "परिशिष्ट - अठहत्तर"]

तखतपुर वि.स. क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद तखतपुर में अमृत मिशन योजना का क्रियान्वयन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

43. (क्र. 270) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद तखतपुर में पेयजल आपूर्ति हेतु अमृत मिशन योजना के तहत् कार्य प्रस्तावित हैं ? **(ख)** कंडिका "क" के कार्य की कार्यावधी कब तक है एवं कहां से पानी की आपूर्ति की जायेगी? **(ग)** कंडिका "क" के कार्य पूर्ण हो जाने पर तखतपुर नगर पालिका परिषद के कितने घरों तक पानी की आपूर्ति की जाना है, विस्तृत विवरण देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हाँ। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद तखतपुर में पेयजल आपूर्ति हेतु मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत जल प्रदाय योजना का कार्य स्वीकृत है। **(ख)** कंडिका "क" के कार्य की कार्यावधि दिनांक 20.01.2025 से दिनांक 19.01.2027 तक है। जल प्रदाय योजना तखतपुर हेतु पेयजल की आपूर्ति खुड़िया जलाशय से किया जाना प्रस्तावित

है। **(ग)** कंडिका "क" का कार्य पूर्ण हो जाने पर तखतपुर नगर पालिका परिषद के 5640 घरों में पेयजल की आपूर्ति किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग सड़कों का मरम्मत कार्य

[लोक निर्माण]

44. (क्र. 271) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कुल कितने एवं कौन-कौन से सड़क जर्जर हैं, जो मरम्मत योग्य हैं? **(ख)** विभाग द्वारा जर्जर सड़कों को कौन से योजना के तहत एवं कितने वर्षों में मरम्मत करने का प्रावधान है? **(ग)** कंडिका "क" के जर्जर सड़कों को कब तक मरम्मत कर लिया जाएगा, विस्तृत विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - उन्यासी"]**

जिला कोंडागांव अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक

[श्रम]

45. (क्र. 278) सुश्री लता उसेंडी : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोंडागांव जिले अंतर्गत श्रम विभाग की कितनी योजनाएं संचालित हैं तथा विगत 3 वर्षों में कितने हितग्राही को किन-किन योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया गया है, वर्षवार, योजनावार जानकारी प्रदान करें। **(ख)** कोंडागांव जिले अंतर्गत वर्तमान में संगठित एवं संगठित श्रेणी में कितने श्रम कार्ड पंजीकृत हैं तथा पंजीयन हेतु क्या मापदंड हैं? **(ग)** कोंडागांव जिले में जनसंख्या के अनुपात अनुसार दिनांक 20 जून, 2025 तक पात्रता के अनुसार कितने प्रतिशत व्यक्तियों का श्रम विभाग द्वारा पंजीयन किया गया है तथा कितने प्रतिशत व्यक्ति पंजीकृत होने हेतु शेष हैं तथा पात्रता रखने वाले व्यक्तियों के पंजीयन हेतु विभाग की कार्य योजना है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कोंडागांव जिले में श्रम विभाग अंतर्गत संचालित मंडलों में पंजीकृत श्रमिक एवं उनके परिवार के सदस्यों हेतु छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में 31, छ.ग.असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 25 तथा श्रम कल्याण मंडल में 14 योजनाएं संचालित है। विगत 03 वर्षों (वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं वर्ष 2024-25) में छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में लाभान्वित हितग्राहियों की वर्षवार, योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है।** छ.ग.असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में लाभान्वित हितग्राही की वर्षवार, योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है।**श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी **निरंक** है।**(ख)** कोंडागांव जिले अंतर्गत 20 जून 2025 तक छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में 33,346 निर्माण श्रमिक एवं छ.ग.असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 25,369 असंगठित श्रमिक तथा श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 188 संगठित श्रमिक पंजीकृत है।श्रमिकों के पंजीयन हेतु मापदंड की मंडलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र "स"अनुसार है।(ग)** श्रम विभाग द्वारा जिलेवार जनसंख्या के अनुपात में पंजीयन हेतु पात्र श्रमिकों की संख्या का निर्धारण नहीं किया जाता है। अपितु विभाग के अधीन संचालित छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छ.ग.असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत पंजीयन हेतु श्रमिकों द्वारा विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किये जाने के पश्चात पात्रता अनुसार मंडल अंतर्गत श्रमिकों का पंजीयन किया जाता

है।छ.ग. श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत संगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन नियोक्ता द्वारा श्रम विभागीय ऑनलाईन पोर्टल में नियोजित श्रमिकों के नाम इत्यादि की प्रविष्टि की जाने के बाद श्रमिक स्वतः पंजीकृत हो जाते है। विभाग द्वारा असंगठित क्षेत्र के पात्र श्रमिकों का पंजीयन सरलता एवं पारदर्शिता से किये जाने हेतु विभागीय पोर्टल संचालित है, जिसमें श्रमिक द्वारा स्वयं मोबाईल एप श्रमेव जयते के माध्यम से अथवा जिला श्रम कार्यालय, विकासखंड स्तरीय श्रम संसाधन केन्द्र, लोक सेवा केन्द्र, श्रम शिविर एवं मोबाईल कैम्प के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किये जाने की व्यवस्था है, जिससे की अधिकाधिक पात्र श्रमिकों का पंजीयन किया जा सके।

[संलग्न "परिशिष्ट - अस्सी"]

नगर पालिका परिषद सरायपाली को आबंटित राशि व व्यय

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

46. (क्र. 285) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2023-24, 2024-25 और वर्ष 2025-26 में दिनांक 19 जून, 2025 तक नगर पालिका परिषद सरायपाली को किन-किन मद से कितनी राशि प्राप्त हुई है ? प्राप्त राशि किन-किन कार्यों के लिए कब-कब खर्च की गई है ? कार्य का नाम, खर्च की गई राशि की जानकारी वर्षवार बताएं। **(ख)** प्रश्न (क) में उल्लेखित समयावधि के दौरान उपरोक्त कार्यों में गड़बड़ी अथवा अनियमितता की शिकायतें कब-कब प्राप्त हुई हैं? प्राप्त शिकायतों पर कब-कब क्या कार्रवाई की गई है? शिकायतकर्ता के नाम सहित पूर्ण जानकारी दें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2023-24, 2024-25 और वर्ष 2025-26 में दिनांक 19 जून तक नगर पालिका परिषद सरायपाली को विभिन्न मदों में निम्नानुसार राशि प्रदत्त की गई है:-

क्र.	वित्तीय वर्ष	मद का नाम	प्रदत्त राशि (लाख रू. में)
1	वर्ष 2023-24	अधोसंरचना मद	4060.00
		राज्य प्रवर्तित योजना	22.88
		14वां वित्त आयोग	0.00
		15वां वित्त आयोग	275.25
		पी.एम.ए.वाय.	219.00
		स्वच्छता श्रंगार योजना	0.00
	योग		**4577.13**
2	वर्ष 2024-25	अधोसंरचना मद	287.00
		राज्य प्रवर्तित योजना	0.00
		14वां वित्त आयोग	0.00
		15वां वित्त आयोग	291.26
		पी.एम.ए.वाय.	68.00
		स्वच्छता श्रंगार योजना	0.00
	योग		**646.26**
3	वर्ष 2025-26 (19 जून 2025 तक)	अधोसंरचना मद	0.00
		राज्य प्रवर्तित योजना	0.00
		14वां वित्त आयोग	0.00
		15वां वित्त आयोग	0.00
		पी.एम.ए.वाय.	9.00
		स्वच्छता श्रंगार योजना	3.60
	योग		**12.60**
	महायोग		**5235.99**

प्रदत्त राशि के व्यय का कार्यवार एवं वर्षवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** प्रश्न (क) में उल्लेखित समयावधि के दौरान उपरोक्त कार्यों में गड़बड़ी अथवा अनियमितता की शिकायतें एवं प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही शिकायतकर्ता के नाम सहित पूर्ण जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	प्राप्ति दिनांक	शिकायतकर्ता का नाम	विषय	की गई कार्यवाही
1	19.02.2024 एवं 08.07.2024	श्रीमती चातुरी नंद, मान. विधायक सरायपाली	गौरव पथ निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने बाबत्	जांच में दोषी पाए गए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शासन के आदेश दिनांक 05.12.24 एवं उप अभियंता को संचालनालय के आदेश दिनांक 04.10.24 द्वारा निलंबित किया जाकर आरोप पत्र जारी किया गया है ।
2	08.01.2025	श्री योगेश कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता	नगर पालिका सरायपाली में गौरव पथ निर्माण में विद्युत ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन एवं मनमानीपूर्वक कार्यो की जांच कर कार्यवाही बाबत्	संचालनालय के पत्र क्र. 4173 दिनांक 22.05.25 द्वारा संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर को जांच हेतु प्रेषित किया गया ।
3	11.11.2024	श्री गुंजन अग्रवाल, पार्षद, नगर पालिका सरायपाली	सरायपाली नगर पालिका सीमा में बन रहे गौरव पथ की जांच बाबत् ।	संचालनालय के पत्र क्र. 5239 दिनांक 24.06.25 द्वारा संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर को जांच हेतु प्रेषित किया गया ।

बजट में शामिल सड़कों एवं भवनों की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

47. (क्र. 286) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में शामिल सड़कों, पुल पुलिया एवं भवनों की दिनांक 19 जून, 2025 की अद्यतन स्थिति क्या है ? कितनी प्रशासकीय स्वीकृति अब तक प्रदान की गई है ? विभाग द्वारा प्राक्कलन प्रस्तुत करने के बावजूद महत्वपूर्ण सड़कों के लंबित स्वीकृति के क्या कारण हैं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्यासी "]

नगर पंचायत डोंगरगांव में सी.सी.रोड में बी.टी. कार्य (डामरीकरण)

[लोक निर्माण]

48. (क्र. 294) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या नगर पंचायत डोंगरगांव मुख्य मार्ग से बरगांव पहुंच मार्ग में जहीर हसन सिद्की घर के पास से सरस्वती मंदिर के पास तक सी.सी.रोड में बी.टी. कार्य (डामरीकरण) किया गया है? यदि हां तो उक्त सीसी रोड का निर्माण कब और किस ऐजेंसी द्वारा किया गया है? सीसी रोड को पुनः डामरीकरण करने का क्या कारण है? उक्त बी.टी. कार्य किस मद एवं किसकी स्वीकृति आदेश से किस एजेंसी के द्वारा कराया गया? दोनों कार्यो की निविदा, आदेश क्रमांक, दिनांक, कार्यवार भुगतान सहित जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हॉ। सी.सी. रोड में बी.टी. कार्य किया गया है। सी.सी. रोड का निर्माण 2023 में मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन, अ-वर्ग ठेकेदार राजनांदगांव द्वारा किया गया है।

सी.सी. मार्ग की खुरदरी सतह को अनुबंधक द्वारा परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत बी.टी. कार्य किया गया है। जिसके लिए अनुबंधक को कोई भुगतान नहीं किया गया है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयासी"]

बेलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत सड़कों का निर्माण कार्य

[लोक निर्माण]

49. (क्र. 302) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 से जून, 2025 तक कितनी-कितनी राशि की कौन-कौन सी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई? सड़कों के नाम सहित वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? स्वीकृत सड़कों में से कितनी सड़कें पूर्ण एवं कितनी सड़कें अपूर्ण हैं ? अपूर्ण सड़कों की अद्यतन स्थिति से अवगत करावें? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे ? **(ख)** क्या प्रश्नांश "क" के कार्यों में तकनीकी स्वीकृति संरचना में फेरबदल करते हुए अतिरिक्त कार्य स्वीकृत किया गया है ? यदि हां तो क्या इस हेतु सक्षम प्राधिकारी की अनुमति ली गई है ? इस हेतु सक्षम अधिकारी किस स्तर का है ? सड़कवार, संरचना फेरबदल की जानकारी प्रदान करें? **(ग)** प्रश्नांश "क" के कार्यों में कौन-कौन सी सड़कों में बीटी पेच रिपेयर तथा नवीनीकरण कार्य किया गया ? सड़कवार स्वीकृत राशि , व्यय राशि, ठेकदार/ फर्म का नाम, कार्य की अद्यतन स्थिति सहित वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(घ)** क्या प्रश्नांश "क" के कार्यों में अनियमितता अथवा गुणवत्ताहीन निर्माण / सामग्री उपयोग करने या डीपीआर के विरुद्ध भुगतान संबंधी शिकायत प्राप्त हुई या विभाग के संज्ञान में आयी ? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), (ख), (ग) एवं **(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरासी"]

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हैंडपंप खनन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

50. (क्र. 303) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभाग द्वारा कुल कितने हैंडपंप स्थापित हैं? इनमें से कितने चालू, कितने बंद हैं ? हैंडपंपों के बंद होने के क्या कारण हैं? बंद हैंडपंपों को कब तक चालू किया जावेगा? विकासखण्डवार स्थलवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** वर्ष 2023 से 20/06/2025 तक कितने हैंडपंप स्वीकृत किए गए? कितने नलकूपों का खनन किया गया ? इनमें से कितने सफल तथा कितने असफल हुए ? वर्षवार , स्थलवार जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभाग द्वारा कुल 1022 हैण्डपंप स्थापित किये गये है। इनमें से 965 चालू एवं 57 बंद है। हैण्डपंपों के बंद होने का कारण एवं बंद हैण्डपंपों को कब तक चालू किया जावेगा, की विकासखण्डवार स्थलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र–अ** अनुसार है। **(ख)** वर्ष 2023 से 20/06/2025 तक 27 हैण्डपंप स्वीकृत किए गए है। 27 नलकूपों का खनन किया गया है। इनमें सभी 27 सफल हुए। वर्षवार, स्थलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र–ब** अनुसार है ।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौरासी"]

सड़क खोदकर केबल तथा पाइप लाइन बिछाने के कार्य के नीति/नियम

[लोक निर्माण]

51. (क्र. 310) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़कों में सड़क निर्माण के पश्चात शासकीय विभाग एवं निजी कंपनियों ठेकेदारों के द्वारा केबल तथा पाइप लाइन बिछाने हेतु जो निर्मित सड़कों की खुदाई की जाती है उस विभाग द्वारा क्या नीति, नियम व शर्ते बनायी गई हैं ? जानकारी दें ? **(ख)** निर्मित सड़कों को तोड़कर केबल/ पाईप लाईन विस्तार आदि कार्य पूर्ण हो जाने पर इन सड़कों को जर्जर हालत में छोड़ दिए जाने पर कंपनी के ठेकेदार व अधिकारियों के उपर क्या कार्यवाही की जाती है तथा सड़कों की मरम्मत पूर्व की तरह करने हेतु क्या नियम व शर्ते हैं ? **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' अनुसार पूर्व की भांति सड़क का मरम्मत कार्य नहीं किए जाने के संबंध में जिला भाठापारा अंतर्गत कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? प्राप्त शिकायतों के आधार पर कितनी कंपनियों के ठेकेदारों के उपर कार्यवाही कर जुर्माना वसूली गयी है? विकासखण्डवार/नगरीय निकायवार जानकारी दें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) सडक निर्माण पश्चात शासकीय विभाग एवं निजी कंपनियों के ठेकेदारों हेतु छ.ग.शासन, लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के क्रमांक 3089/2012/17/19/तक-4/रायपुर दिनांक 08.08.2017 द्वारा ''राईट ऑफ वे'' के लिए गाईड लाईन जारी की गई है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** सड़क निर्माण पश्चात शासकीय विभाग एवं निजी कंपनियों के ठेकेदारों हेतु छ.ग. राजपत्र में **परिशिष्ट** बिन्दु क्रमांक-01 से 29 निति नियम एवं सर्तें बनाई गई है, जो कि दिनांक 19 मार्च 2021 को प्रकाशित की गई है। जो प्रभावशील है तथा उक्त नियमानुसार कार्यवाही एवं मरम्मत के लिए नियमों का पालन किया जाता है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ग)** जिला बलौदाबजार-भाटापारा अंतर्गत केबल/पाईप लाईन विस्तार आदि कार्य पूर्ण करने के पश्चात मरम्मत नहीं किये जाने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, जिस कारण कोई भी कंपनियों के ठेकेदारों के ऊपर जुर्माना वसूली की कार्यवाही नहीं की गई है। अतः विकासखण्डवार/नगरीय निकायवार जानकारी निरंक है।

नगर पालिका परिषद भाटापारा में नवनिर्मित बस स्टैण्ड से बसों का संचालन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

52. (क्र. 311) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि नगर पालिका परिषद भाटापारा में शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड क्र. 24 में प्रतीक्षा बस स्टैण्ड का निर्माण कराया गया था? **(ख)** क्या उक्त नवनिर्मित प्रतीक्षा बस स्टैण्ड से बसों का संचालन किया जा रहा है अथवा नहीं ? यदि नहीं तो बसों के संचालन नहीं किए जाने के क्या कारण है व बसों का संचालन कब तक प्रारंभ करा दी जाएंगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हाँ। नगर पालिका परिषद भाटापारा में शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड क्रमांक 24 में प्रतीक्षा बस स्टैण्ड का निर्माण कार्य कराया गया था। **(ख)** जी नहीं। प्रतीक्षा बस स्टैण्ड से बसों का संचालन नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् स्थानीय बस संचालको के द्वारा नवीन बस स्टैण्ड से बसो के संचालन हेतु विरोध किये जाने पर नवीन बस स्टैण्ड में बसों के संचालन की कार्यवाही स्थगित की गई थी। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन तथा नागरिको के हित को ध्यान मे रखते हुए बसों के संचालन के संबंध में यथोचित निर्णय लिया जावेगा।

लोक स्वा. या. विभाग द्वारा महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

53. (क्र. 314) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2022 से 20/06/25 अवधि तक महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किन-किन योजनाओं के तहत कितनी-कितनी राशि के कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किये गये? स्वीकृत कार्यों में कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे? विकाखंडवार, ग्राम के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** जल जीवन मिशन/नल जल योजना अंतर्गत कहां-कहां पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया गया? कितनी-कितनी राशि व्यय की गई? टंकी निर्माण कार्य के पूर्ण-अपूर्ण एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या प्रश्नांक क के अनुसार स्वीकृत कार्यों में अनियमितता गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री उपयोग किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई? यदि हां तो कहां-कहां से एवं प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2022 से दिनांक 20/06/2025 अवधि तक महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्य, राशि, कार्य पूर्ण, अपूर्ण, अप्रारंभ एवं अपूर्ण कार्यों की पूर्णता की सम्भावित तिथि की विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- अ** अनुसार है। **(ख)** जल जीवन मिशन योजनांतर्गत स्वीकृत योजना में प्रावधानित पानी टंकी निर्माण कार्य, व्यय राशि एवं टंकी निर्माण कार्य की पूर्ण-अपूर्ण एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं, प्रश्नांश 'क' के अनुसार स्वीकृत कार्यो मे अनियमितता, गुणवत्ताहीन, निर्माण सामग्री उपयोग किये जाने की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्रश्न ही उपस्थित नही होता है।

विधानसभा क्षेत्र महासमुंद के अंतर्गत स्थापित उद्योगों में कार्यरत श्रमिक

[वाणिज्य एवं उद्योग]

54. (क्र. 316) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र महासमुंद में स्थापित प्लांटों द्वारा स्थानीय क्षेत्र के नागरिकों को क्या-क्या रोजगार उपलब्ध कराया गया है? विवरण देवें? **(ख)** उक्त उद्योगों में 20/06/25 की स्थिति में कितने कुशल, अर्द्धकुशल, अकुशल कर्मचारी कार्यरत हैं? उनमें से स्थानीय कर्मचारी एवं अन्य प्रदेशों के कर्मचारियों की संख्या वर्षवार एवं श्रेणीवार देवें? **(ग)** क्या श्रम विभाग द्वारा उक्त उद्योगों में नियोजित एवं कार्यरत श्रमिकों की जानकारी नियमानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद को दी गई है? यदि हां तो विगत 03 वर्षों में कब-कब? **(घ)** प्रश्नांक **(ग)** की अवधि में श्रम विभाग या अन्य विभाग के किस अधिकारी द्वारा कब-कब निरीक्षण किया गया है? निरीक्षण के दौरान क्या-क्या अनियमितताएं पाई गई हैं तथा क्या कार्यवाही की गई हैं?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) विधानसभा क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत स्थापित तथा कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महासमुंद में पंजीकृत 288 उद्योगों में छत्तीसगढ़ राज्य के मूले निवासियों को अकुशल श्रेणी में 1681, कुशल श्रेणी में 1126 एवं प्रबंधकीय श्रेणी में 431, कुल 3238 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराये गये है, जिसकी **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ"** अनुसार है। **(ख)** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, महासमुन्द में पंजीकृत 288 उद्योगों में दिनांक 20.06.2025 की स्थिति में कुशल श्रेणी के 1204, अकुशल श्रेणी के 1694 तथा प्रबंधकीय श्रेणी के 46 कुल 3359 कर्मचारी कार्यरत हैं। उद्योगवार छत्तीसगढ़ के मूल निवासी तथा अन्य प्रदेशों से कर्मचारियों की संख्या **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "ब"** अनुसार है। **(ग)** श्रम पदाधिकारी, जिला

महासमुंद से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम विभाग दवारा उद्योगों में नियोजित एवं कार्यरत श्रमिकों की जानकारी जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, महासमुंद को दिए जाने का कोई प्रावधान नहीं है, अतः जानकारी निरंक है। **(घ)** प्रश्नांश (ग) की अवधि में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महासमुंद के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा 87 उद्योगों का निरीक्षण किया गया है। 02 प्रकरण में अनियमियता पायी गई है, अतः इकाई का ब्याज अनुदान प्रकरण निरस्त किया गया है। उद्योगवार **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है।

रायपुर ग्रामीण वि.स. क्षेत्र अंतर्गत लाभाण्डी एवं फुण्डहर उच्चस्तरीय जलागारों कार्य पूर्णता की अवधि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

55. (क्र. 321) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-लाभाण्डी एवं फुण्डहर उच्चस्तरीय जलागारों में मेन राईजिंग एवं डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में जानकारी प्रदान करें एवं उक्त कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : लाभाण्डी एवं फुण्डहर उच्चस्तरीय जलागारों में मेन राईजिंग एवं डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन कार्य की प्रशासकीय, वित्तीय स्वीकृति एवं निविदा आमंत्रण की अनुमति हेतु सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, अटल नगर, नवा रायपुर को पत्र क्र. 1104/15वां वि.आ./2024-25/न.पा.नि. रायपुर, दिनांक 07.04.2025 को राशि रू. 4533.00 लाख का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्रस्ताव पर कार्यवाही प्रचलित है कार्यपूर्णता के संबंध में समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सी.एस.आर. मद के कार्यों में व्यय राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

56. (क्र. 322) श्री मोतीलाल साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 31 मई, 2025 तक सी.एस.आर मद अंतर्गत किन-किन कार्यों में, कहां-कहां एवं कितना व्यय किया गया है? पृथक-पृथक जानकारी देवें? **(ख)** उक्त राशि का व्यय किन-किन एजेंसी के माध्यम से किया गया है? जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कार्यालय जिला पंचायत रायपुर (सी.एस.आर.शाखा) से प्राप्त जानकारी अनुसार रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 31 मई, 2025 तक सी.एस.आर. मद अंतर्गत व्यय की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** उक्त राशि का व्यय ग्राम पंचायत सेजबहार वि.खं. धरसींवा जिला रायपुर के माध्यम से किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चासी"]

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत नगर पंचायत गुरूर के लाभान्वित हितग्राही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

57. (क्र. 333) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विगत 05 वर्षों में संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत गुरूर के किन-किन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है? हितग्राहियों के

नाम सहित वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत मैदानी क्षेत्र के हितग्राहियों के लिए प्रावधानित राशि की जानकारी देवें? क्या उक्त योजना के अंतर्गत निर्मित आवास के दृष्टव्य दीवार पर योजना का मोनो बनाकर हितग्राही के नाम के साथ स्वीकृति संबंधी विवरण अंकित किया जाना अनिवार्य है? जानकारी देवें? **(ग)** क्या प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्मित आवास का व्यावसायिक उपयोग किया जा सकता है? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत गुरूर अंतर्गत विगत 05 वर्षों में कुल 101 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी घटक अंतर्गत नवीन आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। हितग्राहियों के नाम सहित वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत प्रति आवास अधिकतम प्रावधानित राशि क्रमशः केन्द्रांश राशि रू. 1.50 लाख एवं राज्यांश राशि रू. 0.79 लाख इस प्रकार कुल राशि रू. 2.29 लाख है प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत निर्मित आवास के दृष्टव्य दीवार पर योजना का मोनो बनाकर हितग्राही के नाम के साथ स्वीकृति संबंधित विवरण अंकित करने हेतु भारत सरकार द्वारा पत्र क्र.N-11011/5/2017-HFA-III (C.9028286) दिनांक 11.10.2017 के माध्यम से समस्त राज्यों/केन्द्रशासित राज्यों को निर्देश प्रसारित किये गये है। **(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का मुख्य उद्देश्य शहरी आवासीय पात्र गरीब परिवारों को शहरी क्षेत्रों के रिहायशी इलाको में पक्का आवास उपलब्ध कराया जाना है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छियासी"]

संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत समूह नल जल योजनाओं की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

58. (क्र. 334) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत समूह नल जल योजनाओं के कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी देवें? इन योजनाओं के लिए कितनी राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है एवं इन कार्यों की निर्धारित पूर्णता तिथि क्या है? संबंधित फर्म/ठेकेदारों को दिनांक 20 जून, 2025 की स्थिति में कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है? जानकारी देवें? **(ख)** संबंधित फर्म/ठेकेदारों द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री उपयोग में लाने या कार्य में अनियमितता बरतने के संबंध में क्या कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हॉ तो विवरण देवें एवं उनके विरूद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत समूह नल जल योजनाओं की अद्यतन स्थिति, स्वीकृत राशि निर्धारित पूर्णता तिथि एवं दिनांक 20 जून 2025 की स्थिति तक भुगतान की गई राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है । **(ख)** समूह नलजल प्रदाय योजनाओं के कार्यो में गुणवत्ताहीन सामग्री एवं अनियमितता के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है। प्रश्न ही उपस्थित नही होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तासी"]

खुज्जी विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों /नगर में पेयजल व्यवस्था हेतु बोरखनन/हेण्डपंप खनन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

59. (क्र. 341) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 20 जून, 2025 तक किन-किन ग्रामों/नगर में पेयजल व्यवस्था हेतु बोरखनन/हेण्डपंप खनन किया गया है ? वर्षवार, ग्रामवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक

''क'' में किए गए बोरखनन/हैण्डपंप खनन में कितने क्रियाशील एवं कितने अक्रियाशील है ? जानकारी विकासखण्डवार देवें ? **(ग)** अक्रियाशील बोरखनन/हैण्डपंप खनन को पुनः क्रियाशील करने के लिए विभाग द्वारा क्या-क्या उपाय किए गए ? खनन किए गए हैण्डपंपों एवं नलकूपों में उपलब्ध जल की शुध्दता हेतु कौन-कौन सी दवाईयॉ एवं केमिकल का उपयोग कितनी-कितनी मात्रा में किया गया है ? जानकारी विकासखण्डवार, ग्रामवार देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 20 जून 2025 तक ग्रामों/नगर में पेयजल व्यवस्था हेतु किये गये बोर खनन/ हैण्डपंप खनन की वर्षवार, ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक "क'' के अनुसार विकासखंड छुरिया में ग्राम/नगर में 130 नलकूप (बोर) खनन किये गये जिसमें 113 क्रियाशील एवं 17 अक्रियाशील है तथा विकासखंड अंबागढ़ चौकी में ग्राम/नगर में 38 नलकूप (बोर) खनन किये गये जिसमें 34 क्रियाशील एवं 4 अक्रियाशील है। **(ग)** अक्रियाशील 21 बोर में से 2 बोर को हाइड्रोफ्रेक्चरिंग द्वारा क्रियाशील करने के उपाय विभाग द्वारा किए गए। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम क्र. 8 अनुसार है। खनन किए गए हैण्डपम्पों एवं नलकूपों में उपलब्ध जल की शुध्दता हेतु उपयोग की गयी दवाईयाँ एवं केमिकल की मात्रा की विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठासी"]

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बजट में सम्मिलित निर्माण कार्य

[लोक निर्माण]

60. (क्र. 342) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन सड़कों एवं पुल-पुलिया को वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 के बजट में सम्मिलित किया गया है व किन-किन की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ? वित्तीय वर्षवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के कौन-कौन से कार्यो को प्रशासकीय स्वीकृति दिया जाना शेष है ? कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जायेंगी ? कृपया बताएं ? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' के कौन-कौन से कार्य पूर्ण अथवा अपूर्ण हैं ? कृपया बताएं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नवासी"]

पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

61. (क्र. 347) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 तक लोक निर्माण विभाग अंतर्गत कितनी राशि के कार्य स्वीकृत किये गये हैं? **(ख)** सेतु,भवन,सड़क आदि स्वीकृत कार्यों का विवरण राशि सहित बताएं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नब्बे"]

प्रदेश में श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रचलित योजनाएं

[श्रम]

62. (क्र. 350) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में श्रमिकों के कल्याण के लिए क्या-क्या योजनाएं प्रचलित हैं? **(ख)** प्रचलित योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों को किस-किस प्रकार से लाभांवित किया जाता है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग अंतर्गत प्रदेश में श्रमिकों के कल्याण के लिए विभाग के अधीन मंडलों अंतर्गत संचालित योजनाओं की **(ख)** विभाग के अधीन मंडलों द्वारा संचालित योजनाओं में दिये जाने वाले हितलाभ की मंडलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र ''अ",''ब" एवं ''स" अनुसार है**। उक्त योजनाओं अंतर्गत विभागीय पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन प्राप्त कर परीक्षण उपरांत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इनक्यानबे"]

विधानसभा क्षेत्र बस्तर अंतर्गत स्थापित हैंण्डपंपों की स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

63. (क्र. 357) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधान सभा क्षेत्र बस्तर अंतर्गत किन-किन ग्राम पंचायतों में पेयजल हेतु कितने हैंडपंप स्थापित हैं?अद्यतन स्थिति में चालू बंद व खराब स्थिति की जानकारी में ग्राम पंचायतवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांश (क) अंतर्गत खराब व बंद पड़े हैण्डपंप/बोर को पुनः प्रारंभ करने हेतु की जा रही कार्यवाही की जानकारी दें। **(ग)** प्रश्नांश (क) अंतर्गत कौन सी ग्राम पंचायत के पारा-टोला ग्राम में ड्राईजोन है?इन क्षेत्रों में विभागीय कार्ययोजना ,की जा रही कार्यवाही की जानकारी दें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधान सभा क्षेत्र बस्तर अंतर्गत 135 ग्राम पंचायतों में पेयजल हेतु 2585 हैण्डपंप स्थापित है। अद्यतन स्थिति में 2573 हैण्डपंप चालू एवं 12 सुधार योग्य हैण्डपंप बंद/खराब स्थिति में है पंचायतवार विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** हैण्डपंप/बोर के खराब/बंद होने की सूचना विभाग को प्राप्त होते ही सुधार कार्य की कार्यवाही की जाती है। **(ग)** विधान सभा क्षेत्र बस्तर अंतर्गत 8 ग्राम पंचायत के 08 ग्रामों के 17 पारा-टोला में ड्राईजोन है। इन क्षेत्रों में विभागीय कार्ययोजना के तहत विस्तृत रेजिस्टीविटी सर्वे उपरांत पर्याप्त गहराई के नलकूप खनन कार्य किया जाता है। विभाग द्वारा ड्राईजोन वाले पारा-टोला एवं ग्रामों में की जा रही कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बयानबे"]

श्रम विभागाधीन संचालित योजनाएं/कार्यक्रम

[श्रम]

64. (क्र. 358) श्री बघेल लखेश्वर : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** श्रम विभाग द्वारा वर्तमान संचालित कार्यक्रम/योजनायें (हितग्राही मूलक,रोजगार मूलक एवं जनकल्याणकारी) की जानकारी देते हुए जिला-बस्तर के लिए वर्ष 2023 से 20/06/2025 तक निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी दें? **(ख)** वर्ष 2023-24 से 20/06/25 की अवधि में श्रम विभाग के अधीन संचालित योजनाओं/कार्यक्रम से लाभावित्त हितग्राहियों की योजनावार संस्था की जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिले में श्रम विभाग अंतर्गत संचालित मंडलों में पंजीकृत श्रमिक एवं उनके परिवार के सदस्यों हेतु छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में 31, छ.ग.असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 25 एवं छ.ग. श्रम कल्याण मंडल में 14 संचालित योजनाएं **संलग्न प्रपत्र-"अ" अनुसार है।** जिला-बस्तर के लिए वर्ष 2023 से 20/06/2025 तक निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-''ब" अनुसार है**।**(ख)** जिला बस्तर में वर्ष 2023-24 से 20.06.2025 तक की अवधि में श्रम विभाग के अधीन संचालित योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-"स" अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरानबे"]

बीजापुर जिले में सड़क एवं पुल-पुलिया की स्वीकृति

[लोक निर्माण]

65. (क्र. 365) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बीजापुर जिले में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के बजट में कितने सड़क एवं पुल-पुलिया स्वीकृत किए गए? जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार बजट में स्वीकृत कितने कार्यो की निविदा निकाली गई है? कार्य के नाम सहित जानकारी देवें? **(ग)** जून, 2025 की स्थिति में बीजापुर जिले अंतर्गत स्वीकृत कितने सड़क एवं पुल-पुलिया अपूर्ण हैं? कार्य के नाम सहित जानकारी देवें? **(घ)** प्रश्नांश 'ग' अनुसार निर्माणाधीन अपूर्ण सड़क एवं पुल-पुलिया कब तक पूर्ण कर लिए जायेंगे?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बीजापुर जिले में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के बजट में कुल 05 सड़क कार्य एवं 03 पुल कार्य स्वीकृत किए गए है। विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार बजट में स्वीकृत 05 सड़क एवं 01 पुल कार्य की निविदा निकाली गई है। विस्तृत जानकारी पु**स्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ग)** 21 सड़क कार्य एवं 05 पुल पुलिया कार्य अपूर्ण है। विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब' एवं 'अ'** अनुसार है। **(घ)** निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

राजिम वि.स. क्षेत्रांतर्गत निर्माणाधीन सड़क पांडुका-जतमई-घटारानी-गायडबरी-मंडेली मुड़ागांव की गुणवत्ता की जांच

[लोक निर्माण]

66. (क्र. 377) श्री रोहित साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क-पांडुका-जतमई-घटारानी मड़ेली-मुड़ागांव को किस एजेंसी को कब और कितनी राशि में तथा कितने समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु अनुबंधित किया गया था? **(ख)** क्या निर्माण एजेंसी द्वारा समय पर कार्य पूर्ण कर दिया गया है? यदि हां, तो विवरण दें और यदि नहीं, तो दिनांक 20 जून, 2025 तक निर्माण एजेंसी/ठेकेदार को कितने प्रतिशत कार्य के एवज में विभाग द्वारा कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा क्यों? **(ग)** निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किये जाने एवं कार्य के निर्धारित मापदंड से कम होने तथा निर्माण समय बढ़ने से होने वाले नुकसान के दृष्टिगत क्या निर्माण एजेंसी/ठेकेदार को किसी प्रकार का नोटिस जारी किया गया है? यदि हां, तो ब्यौरा दें ? यदि नहीं, तो क्यों? **(घ)** प्रश्नांक 'क' में वर्णित समय तक पूर्ण कार्य की गुणवत्ता की जांच की गई है? यदि हां, तो कब और किस अधिकारी द्वारा की गयी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) 1. एजेंसी का नाम- आर.सी.पी.एल. एवं

आर.के.आई.पी.एल. (जे.व्ही.), 2. कार्यादेश दिनांक - 11.09.2019, 3. अनुबंध की राशि - रु. 108.74 करोड़, 4. अनुबंधानुसार पूर्णता तिथि - 10.09.2021, **(ख)** जी नहीं। दिनांक 20.06.2025 तक, किया गया कार्य-95 प्रतिशत। भुगतान राशि-रु. 88.69 करोड़। मार्ग में 16.00 कि.मी. का भाग वन क्षेत्र होने के कारण दिनांक 16.05.2023 को वन विभाग से अनुमति प्राप्त होने पर कार्य कराया गया। **(ग)** प्रश्न ही नहीं उठता। मार्ग में वन क्षेत्र होने के कारण वन विभाग की अनुमति के पश्चात ही कार्य किया जाना संभव था। कार्य स्थल उपलब्ध होने के पश्चात कार्य कराया गया। **(घ)** जी हां। विभाग द्वारा थर्ड पार्टी आई.सी.टी.-यूकसेल (जे.व्ही.) कंसलटेंट सलाहकार के देखरेख में कार्य कराया गया है एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मार्ग का समय-समय पर निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच कराई गई है।

बसना विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत, संधारण एवं पेंच वर्क हेतु स्वीकृत राशि

[लोक निर्माण]

67. (क्र. 381) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लोक निर्माण विभाग के द्वारा बसना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों की मरम्मत, संधारण, पेंच वर्क के लिए जनवरी, 2024 से 30 अप्रेल, 2025 तक की स्थिति में कितनी राशि स्वीकृत की गई एवं उनमें से कितनी राशि व्यय की गई ? मार्गवार जानकारी देवें? **(ख)** कितने कार्य प्रारंभ कर लिए गए हैं? कितने पूर्ण हैं ? कितने अपूर्ण हैं ? मार्गवार जानकारी देवें? **(ग)** क्या सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौरानबे"]

नगर निगम क्षेत्र धमतरी में विगत तीन वर्षों में किये गये कार्यो की गुणवत्ता की जांच

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

68. (क्र. 386) श्री ओंकार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि धमतरी नगर निगम क्षेत्र में विगत तीन वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमृत योजना एवं 15वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अंतर्गत कचरा प्रबंधन, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, रैन-बसेरा एवं सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु कुल ₹15 करोड़ से अधिक की स्वीकृत राशि प्राप्त हुई है ? यदि हॉ, तो क्या भू-स्तरीय निरीक्षण एवं सामाजिक अंकेक्षण से यह स्पष्ट हुआ है कि अधिकांश कार्य अधूरे, निम्न गुणवत्ता युक्त या कागजों में पूर्ण दर्शाये गये हैं? **(ख)** विगत 3 वर्षों में धमतरी नगर निगम द्वारा स्वीकृत तथा व्यय की गई कुल योजनावार राशि एवं ठेकेदारवार भुगतान की जानकारी दें? **(ग)** क्या उपरोक्त कार्यों के क्रियान्वयन में नियमानुसार प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति, लेखा परीक्षण एवं सामाजिक ऑडिट कराया गया है? **(घ)** किन अधिकारियों/ठेकेदारों के विरुद्ध कार्य में अनियमितता, भ्रष्टाचार, गुणवत्ताहीन निर्माण या समय-सीमा उल्लंघन हेतु विभागीय जांच या अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एव **(ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। (घ)** प्रश्नांश **(घ)** के संबंध में जानकारी निम्नानुसार हैः- नगर पालिक निगम धमतरी में श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू, मान. विधायक धमतरी के पृथक-पृथक 03 पत्र में निर्धारित समयावधि में ट्रेचिंग ग्राउंड के कचरे क निष्पादन नहीं करने , जिला अस्पताल मार्ग में स्थित रैन बसेरा में निगम अधिकारियों द्वारा राशि का दुरूपयोग किये जाने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अंतर्गत गुणवत्ताहीन कार्य संबंधी शिकायत प्राप्त हुई

थी। पत्र में उल्लेखित तथ्यों की जांच हेतु संयुक्त संचालक रायपुर को प्रेषित किया गया। संयुक्त संचालक रायपुर के पत्र क्र. 385 दिनांक 16.02.2024 द्वारा जिला अस्पताल मार्ग में स्थित रैन बसेरा में अमानक सामग्री का क्रय संबंधी शिकायत पर प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। प्रतिवेदन अनुसार नगरपालिक निगम धमतरी द्वारा श्री ओम प्रकाश शर्मा, राजस्व उप निरीक्षक के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गयी है।

धमतरी जिले में वर्तमान में संचालनरत राइस मिल

[वाणिज्य एवं उद्योग]

69. (क्र. 388) श्री ओंकार साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिले में वर्तमान में संचालनरत राइस मिलों की संख्या, उत्पादन क्षमता (टन/प्रतिदिन) तथा उनके द्वारा प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति क्या है? **(ख)** क्या यह सत्य है कि अनेक राइस मिलों में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों (Industrial Occupational Safety Standards) जैसे –निर्धारित संख्या में अग्निशमन यंत्र, रेस्पिरेटर मास्क, धूल नियंत्रण यंत्र (Dust Extractors), एवं श्रमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे श्रमिकों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है? **(ग)** क्या राइस मिलों के अपशिष्ट जल (Effluent) एवं धान भूसी (Husk) के खुले में निस्तारण के कारण स्थानीय आबादी में वातावरणीय प्रदूषण, जल स्रोतों की विषाक्तता एवं श्वसन रोगों की शिकायतों में तीव्र वृद्धि हो रही है? यदि हां, तो इस पर अब तक कौन-कौन से नियामक व दंडात्मक कदम उठाए गए हैं? वर्ष 2023-24 से 20 जून, 2025 की अवधि में किन-किन अधिकारियों द्वारा राइस मिलों का निरीक्षण किया गया है ? वर्षवार, दिनांकवार, निरीक्षणकर्ता अधिकारी का नाम, राइस मिल का नाम तथा निंरीक्षण के दौरान पाये गये कमियों सहित जानकारी प्रदान करें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, धमतरी से प्राप्त जानकारी अनुसार धमतरी जिले में वर्तमान में कुल 117 अरवा एवं 105 उसना राइस मिल इस प्रकार कुल 222 राइस मिल पंजीकृत है। जिसकी सूची उत्पादन क्षमता सहित **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखेप्रपत्र-अ** में संलग्न है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार धमतरी जिले में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के तहत् सम्मति प्राप्त कर वर्तमान में संचालित राईस मिलों की संख्या 171 है। इन राईस मिलों की उत्पाद एवं उत्पादन क्षमता की **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखेप्रपत्र-ब** संलग्न अनुसार है, उत्पादन क्षमता का उल्लेख आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेखित क्षमता अनुसार है। धमतरी क्षेत्र में सम्मति प्राप्त संचालित 171 राईस मिलों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों का अनुपालन किया जा रहा है। मंडल से जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के तहत सम्मति प्राप्त नहीं किये जाने के कारण उल्लंघनकर्ता राइस मिलों को उत्पादन बंद करने एवं विद्युत् विभाग को विद्युत् विच्छेदन हेतु निर्देश पत्र जारी किया गया है। **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखेप्रपत्र-स** संलग्न अनुसार है। **(ख)** उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार कारखाना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण के अंतर्गत आने वाले प्रावधानों का प्रवर्तन किया जाता है। विभाग द्वारा कारखाना प्रबंधन को नियोजन पूर्व ट्रेनिंग देने का भी निर्देश दिया गया है तथा विभाग द्वारा सेमिनार वर्कशॉप के माध्यम से भी ट्रेनिंग, प्रशिक्षण एवं जागरूकता दिया जाता है। **(ग)** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार राईस मिलों के अपशिष्ट जल (Effluent) एवं धान भूसी (Husk) के खुले में निस्तारण के कारण स्थानीय आबादी में वातावरणीय प्रदूषण, जल स्रोतों की विषाक्तता एवं श्वसन रोगों की शिकायतों में तीव्र वृद्धि होने जैसी स्थिति नहीं है। प्रश्नांश अवधि

वर्ष 2023-24 में 02, 2024-25 में 02 एवं 2025-26 में 20 जून, 2025 तक 05 राईस मिलों का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान पाये गये कमियों संबंधी **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स संलग्न** अनुसार है। उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार कारखाना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के अंतर्गत उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, रायपुर कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों द्वारा वर्ष 2023-24 में अप्रैल 2023 से 20 जून 2025 तक की अवधि में दुर्घटना एवं शिकायत की जांच धमतरी जिला स्थित कारखानों में निष्पादित की गयी है। जिसमें वर्ष 2023-24 में 05, 2024-25 में 02 कारखानों की जांच की गई है। जिसकी सूची **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द संलग्न** में है।

लोक निर्माण विभाग संभाग व जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत के कार्यालयों में शासन द्वारा स्वीकृत पद के विरूद्ध भरे एवं रिक्त पदों की जानकारी

[लोक निर्माण]

70. (क्र. 389) श्री संदीप साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** लोक निर्माण विभाग संभाग व जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत के कार्यालयों में शासन द्वारा स्वीकृत पद के विरूद्ध भरे एवं रिक्त पदों की जानकारी, पदवार, संभाग व उपसंभागवार देवें ? क्या स्वीकृत पदों के अतिरिक्त अधिकारी-कर्मचारी पदस्थ हैं ? यदि हॉ, तो शासन के किस नियम के तहत पदस्थ हैं तथा वेतन भत्तों की मदवार आहरण एवं संवितरण की जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अनुसार संविदा, दैनिक वेतनभोगी एवं अन्य माध्यमों से कुल कितने अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी में कोई भी अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत नहीं है। श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित दर पर 05 कर्मचारी कार्यरत है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पंचानबे"]

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़कें

[लोक निर्माण]

71. (क्र. 396) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितनी सड़कें जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हैं ? सड़कों के नाम एवं लंबाई सहित जानकारी विकासखंडवार उपलब्ध करावें ? **(ख)** सड़कों का निर्माण करने वाली कम्पनी/एजेंसी हेतु सड़कों के संधारण/रख-रखाव के क्या-क्या नियम निर्धारित हैं ? नियमों की प्रति उपलब्ध करावें? **(ग)** पुरानी जर्जर/क्षतिग्रस्त सड़कों के पुर्ननिर्माण/मरम्मत हेतु क्या नियम एवं मापदंड निर्धारित हैं? विगत तीन वर्षों में जर्जर/क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण हेतु जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितनी राशि के, कितने कार्य स्वीकृत किये गये ? स्वीकृत कार्यों में कितने पूर्ण, अपूर्ण अथवा अप्रारंभ हैं ? अपूर्ण कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत करावें? **(घ)** प्रश्नांश **(ग)** के स्वीकृत कार्यों में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई? प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** सड़कों का निर्माण करने वाली कम्पनी/एजेंसी हेतु सड़कों के संधारण/रखरखाव के लिए Appendix 2.10 Detailed Notice Inviting Tender में निहित शर्तों के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है।(नियमों की छायाप्रति संलग्न) **(ग)** पुरानी जर्जर/क्षतिग्रस्त सड़कों के पुर्ननिर्माण/मरम्मत हेतु Work Department

Manual Chapter-II work Section 1 के 2.001 to 2.006 Original Work& Section10ds 2.043, 2.044, 2.047& 2.053 Estimate For Annual Repairs के नियम एवं मापदंड निर्धारित है।(नियमों की छायाप्रति संलग्न) विगत तीन वर्षों मे जर्जर/क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण हेतु जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राशि रू 7411.07 लाख के 32 कार्य स्वीकृत किये गये। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(घ)** स्वीकृत कार्यों में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

विधानसभा चंद्रपुर अंतर्गत नगर पंचायत चन्द्रपुर मे लंबित विकास कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

72. (क्र. 406) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर अंतर्गत नगर पंचायत चन्द्रपुर में क्या पूर्व बजट में नगर विकास हेतु मरीन ड्राइव, खेल स्टेडियम, आधुनिक लायब्रेरी का प्रावधान किये जाने के पश्चात् क्या प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी ? विवरण देवें ? **(ख)** क्या उक्त विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी थी ? यदि हां तो 20-06-2025 तक क्या उक्त कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है ? यदि नहीं, तो क्या कारण हैं ? विवरण देवें तथा उक्त विकास कार्यों का निर्माण कब तक करा दिया जावेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर अंतर्गत नगर पंचायत चंद्रपुर में अधोसंरचना मद अंतर्गत नगर विकास हेतु मरीन ड्राईव, खेल, स्टेडियम एवं आधुनिक लाईब्रेरी हेतु निम्नानुसार स्वीकृति प्रदान किया गया है:-

क्र.	वित्तीय वर्ष	कार्य विवरण	स्वीकृति आदेश क्र. व दिनांक	स्वीकृत राशि (लाख में)
1	2	3	4	5
1	2023-24	वार्ड क्र. 05 चंद्रपुर में लाईब्रेरी (**पुस्तकालय**) निर्माण कार्य।	संचालनालय के आदेशक्रं 5746/10.08.2023 एवं परिषद् की विषेष सभा की बैठक दिनांक 16.08.2023 द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त	79.95
2		चंद्रपुर में मरीन ड्राईव का विकास	प्रशासकीय स्वीकृति शासन के पत्र क्र. 6890/5402/2023/18, दिनांक 29.09.2023	495.12
3		चंद्रपुर में सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम निर्माण	प्रशासकीय स्वीकृति शासन के पत्र क्र. 6676/5464/2023/18, दिनांक 22.09.2023	285.39

(ख) उक्त विकास कार्यों में से सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम एवं लाईब्रेरी निर्माण कार्य की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी, जिसमें न्यूनतम दर की स्वीकृति प्राप्त किया जाना शेष था। मरीन ड्राईव निर्माण कार्य हेतु एकल निविदा प्राप्त होने के कारण पुनः द्वितीय निविदा आमंत्रण जारी किया जाना था। उपरोक्त 03 कार्य अप्रारंभ होने के कारण विभाग के पत्र क्र. 1481/1435/2024/18, दिनांक 27.02.2024 के द्वारा निरस्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों को श्रमिक सम्मान राशि का प्रदाय

[लोक निर्माण]

73. (क्र. 407) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**छत्तीसगढ़ में लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) में कितने दैनिक वेतन भोगियों को श्रमिक सम्मान राशि प्रदान की जाती है और कितनों को नहीं ? विवरण देवें ? उक्त सम्मान राशि प्रदाय का

मापदंड क्या है ? **(ग)** प्रश्नांक "ख" के अनुसार जिन दैनिक वेतन भोगियों को श्रमिक सम्मान राशि प्रदान नहीं की जा रही है, उसका क्या कारण है? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) छत्तीसगढ़ में लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) में श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दर में दैनिक/मासिक वेतन पर कार्यरत 3011 श्रमिकों को श्रमिक सम्मान राशि प्रदान की जा रही है तथा 536 श्रमिकों को श्रम सम्मान राशि प्रदाय नहीं की जा रही है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांक (ख) का उल्लेख नहीं है। अतः प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। **[संलग्न "परिशिष्ट - छियानबे"]**

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना का क्रियान्वयन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

74. (क्र. 411) श्री दीपेश साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत योजना की स्वीकृति दिनांक से दिनांक 20/06/2025 तक कितने ग्राम पंचायत एवं सम्मिलित ग्रामों में पेयजल योजना का कार्य किया गया है? अद्यतन कार्य स्थिति की जानकारी दें ? **(ख)** जल जीवन मिशन अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा की कितनी ग्राम पंचायतों को कार्य पूर्ण करके, ग्राम पंचायत को सुपुर्द किया गया है? जानकारी देवें? **(ग)** ऐसे कितने ग्राम हैं, जिनमें पाईप लाईन बिछाकर, नल कनेक्शन कर, सी.सी. रोड का निर्माण कर लिया गया है एवं कितने ग्रामों में अपूर्ण है? जानकारी देवें? **(घ)** जिन ग्रामों में नल कनेक्शन देना एवं सीसी रोड निर्माण कार्य अपूर्ण है, इन ग्रामों में कब तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा? जानकारी देवे?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत योजना की स्वीकृति दिनांक से दिनांक 20/06/2025 तक 148 ग्राम पंचायतों के 194 ग्रामों में पेयजल योजना का कार्य किया गया है। कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है । **(ख)** जल जीवन मिशन अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा की 42 ग्राम पंचायतों का कार्य पूर्ण करके, ग्राम पंचायत को सुपुर्द किया गया है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** विधानसभा बेमेतरा अंतर्गत 137 ग्रामों में पाईप लाईन बिछाकर, नल कनेक्शन कर, सी.सी. रोड का निर्माण कर लिया गया है एवं 57 ग्रामों में कार्य अपूर्ण है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। **(घ)** नल कनेक्शन देना एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य अपूर्ण ग्रामों में कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है।

विधानसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा के नगरीय निकायों मे जल आवर्धन एवं अन्य योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

75. (क्र. 419) श्री ब्यास कश्यप : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला एवं चांपा तथा नगर पंचायत नवागढ़ में जल आवर्धन योजना अंतर्गत लक्ष्य को पूर्ण किया जा चुका है? यदि नहीं तो क्यों? संबंधित निकाय लक्ष्यपूर्ति से कितना पीछे चल रहे हैं? अधूरी नल-जल योजना को पूर्ण कराने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं? जानकारी देवें? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2025-26 में सिटी डेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला, चांपा एवं नगर पंचायत नवागढ़ को कितनी राशि प्रदान करने की योजना है? कब तक राशि प्रदान कर दी जाएगी? इस योजना से क्या-क्या कार्य प्रस्तावित हैं? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' के नगरीय निकायों में पेयजल की

समस्या को दूर करने के लिए एवं बरसाती पानी की निकासी के लिए क्या योजनाएं बनाई गई हैं एवं कब तक इसे पूरा करा लिया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर पालिका परिषद् जांजगीर-नैला - जल आवर्धन योजना वर्तमान में अपूर्ण है। ठेकेदार मल्टी अर्बन इंफ्रा सर्विसेस प्रा.लि. नागपुर के द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण योजना पूर्ण नहीं हुआ है। नगर पालिका जांजगीर नैला लक्ष्यपूर्ति से लगभग 31 प्रतिशत पीछे चल रहा है। अधूरे नलजल योजना को पूर्ण करने के लिये रिवाईज प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। नगर पालिका परिषद् चांपा - नगर पालिका परिषद् चांपा क्षेत्रांतर्गत जल आवर्धन योजनांतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा चुका है। नगर पंचायत नवागढ़ - नगर पंचायत नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा क्षेत्रांतर्गत जल आवर्धन योजना स्वीकृति नहीं है। अतः इस निकाय से जानकारी निरंक है। **(ख)** सिटी डेव्हलपमेंट प्लान कोई योजना नहीं है, केवल निकाय के समग्र विकास के लिए लंबी अवधि की कार्ययोजना के तहत सिटी डेव्हलपमेंट प्लान बनाया गया है। सिटी डेव्हलपमेंट प्लान के तहत किसी निकाय को पृथक से कोई राशि प्रदान नहीं की गई है। सिटी डेव्हलपमेंट प्लान में शामिल कार्यो को शासन के विभिन्न योजनाओं एवं जिला स्तर पर संचालित विभिन्न मदों से सिटी डेव्हलपमेंट प्लान में शामिल कार्यो को संपादित किया जावेगा। सिटी डेव्हलपमेंट प्लान में शामिल कार्यो का प्रस्ताव नगर पालिका परिषद् जांजगीर-नैला, चांपा एवं नगर पंचायत नवागढ़ से अद्यतन अप्राप्त है। **(ग)** नगर पालिका परिषद् जांजगीर-नैला - जांजगीर नैला में पेयजल व्यवस्था के लिये वर्तमान में पूरे निकाय क्षेत्रांतर्गत 105 पावर पंप स्थापित है, एवं 380 नग हेण्डपंप स्थापित है, जिससे पेयजल निरंतर उपलब्ध कराया जा रहा है, पेयजल की समस्या वर्तमान में नहीं है। बरसाती पानी निकासी के लिये निरंतर बड़े नालों एवं नालियों की सफाई की जाती है। नगर पालिका परिषद् चांपा - नगर पालिका परिषद् चांपा में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए नलकूप खनन, पाईप लाईन विस्तारीकरण की योजना नगर के वार्ड क्र. 01, वार्ड क्र. 22, वार्ड क्र. 24, वार्ड क्र. 25, वार्ड क्र. 02, वार्ड क्र. 03, वार्ड क्र. 07, वार्ड क्र. 08, वार्ड क्र. 21 में पाईप लाईन विस्तार कार्य प्रगतिरत है इसे 03 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य है। वार्ड क्र. 01 में 2.50 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कार्य, वार्ड क्र.13 में ओव्हर हेड टैंक निर्माण कार्य की योजना स्वीकृत है। निविदा की कार्यवाही प्रचलन में है। बरसाती पानी निकासी के लिये निरंतर बड़े नालों एवं नालियों की सफाई की जाती है। नगर पंचायत नवागढ़ - प्रश्नांक 'क' के अनुसार 15वें वित्त आयोग मद की राशि रू. 69.42 लाख से वार्ड क्र. 02 में पैठू के पास ओव्हर हैंड टैंक निर्माण कार्य एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य स्वीकृत है। जिसमें ठेकेदार को अनुबंध निष्पादन हेतु पत्र जारी किया गया है। बरसाती पानी निकासी के लिये निरंतर बड़े नालों एवं नालियों की सफाई की जाती है।

<u>विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में पेयजल हेतु संचालित योजनायें</u>

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

76. (क्र. 427) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली अंतर्गत स्वच्छ पेयजल की सुविधा हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार की कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही है? **(ख)** प्रश्नांक अनुसार योजनाओं में वर्ष 2023 से दिनांक 20/06/2025 तक केन्द्र पोषित एवं राज्य की योजनाओं में कुल कितनी राशि प्राप्त हुई तथा कितने कार्यों में कितनी राशि व्यय की गई तथा पुराने हैडपंपों के रखरखाव हेतु कितनी राशि व्यय की गई ? कार्यवार, वर्षवार जानकारी देवें? **(ग)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में जलजीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में ठेकदार के द्वारा कराये गये कार्य के अनुसार कितने घरों एवं बसाहटों में नल-जल योजना का लक्ष्य था? लक्ष्य के विरुध्द कितने

कार्य हुए ? कितने शेष हैं ? विभाग के द्वारा ठेकेदारों को प्राप्त निविदा आंमत्रण राशि के विरुद्ध कितना भुगतान किया गया है? पंचायतवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र मुंगेली अंर्तगत स्वच्छ पेयजल की सुविधा हेतु केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन एवं राज्य सरकार की नलकूप खनन योजना संचालित की जा रही है। **(ख)** प्रश्नांक अनुसार योजनाओं मे वर्ष 2023 से दिनांक 20/06/2025 तक केन्द्र पोषित एवं राज्य की योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रवार राशि प्राप्त नहीं होती है, अपितु जिले को जल जीवन मिशन में प्राप्त वित्तीय आहरण सीमा से एवं राज्य से नलकूप खनन हेतु जिले को प्राप्त आबंटन के तहत 683 कार्यो में रू. 10228.59 लाख राशि व्यय की गई है तथा राज्य सरकार से पुराने हैण्डपम्पों के रखरखाव हेतु प्राप्त आबंटन के तहत रू. 12.65 लाख राशि व्यय की गई है। कार्यवार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ग)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में ठेकेदार के द्वारा कराये गये कार्य के अनुसार 67997 घरों एवं 490 बसाहटों में नल-जल योजना का लक्ष्य था। लक्ष्य के विरूद्ध 62467 कार्य हुए। 5530 शेष है। विभाग के द्वारा ठेकेदारों को प्राप्त निविदा आमंत्रण राशि के विरूद्ध रू. 14169.72 लाख भुगतान किया गया। पंचायतवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है।

<u>विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में श्रमिक पंजीयन व नवीनीकरण की स्थिति</u>

[श्रम]

77. (क्र. 428) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में वर्ष जनवरी, 2024 से दिनांक 20/06/2025 तक मुंगेली जिले में छ0ग0भवन सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ.ग.असंगठित कर्मकार राज्य सुरक्षा के अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए? प्राप्त आवेदनों में से कितने श्रमिकों का पंजीयन व नवीनीकरण किया जा चुका है एवं कितने लंबित हैं ? उक्त योजना के माध्यम से कितने श्रमिकों/हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया तथा उन पर कितनी राशि व्यय की गई? योजनावार, विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्न अनुसार पंजीकृत कुल कितने श्रमिकों/हितग्राहियों के प्रशिक्षण हेतु किस किस प्रकार से कहां-कहाँ प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिस हेतु जिले को कितनी राशि मदवार प्राप्त हुई? कितने श्रमिकों/हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया गया? प्राप्त आबंटन राशि का कितना व्यय किया गया व कितनी राशि शेष है? विकासखण्डवार जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) वर्ष जनवरी 2024 से दिनांक 20.06.2025 तक विधानसभा क्षेत्र मुंगेली एवं जिला- मुंगेली में छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीयन व नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदन, पंजीकृत, निरस्त एवं लंबित आवेदनों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र ''अ''** तथा मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं में लाभार्वित श्रमिक संख्या व व्यय राशि की योजनावार एवं विकाखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है।** छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीयन हेतु प्राप्त आवेदन, पंजीकृत, निरस्त एवं लंबित आवेदनों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र "स"** तथा मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं में लाभार्वित श्रमिक संख्या व व्यय राशि की योजनावार एवं विकाखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र "द" अनुसार है।(ख)** प्रश्नांकित अवधि में पंजीकृत श्रमिकों के प्रशिक्षण की जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सन्तानबे"]

नवीन उद्योगों को भूमि आबंटन हेतु सीएसआईडीसी को प्राप्त आवेदनों का निराकरण

[वाणिज्य एवं उद्योग]

78. (क्र. 470) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर जिले अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) को नवीन उद्योग स्थापना हेतु कितनी ईकाईयों द्वारा जनवरी, 2024 से दिनांक 20/06/2025 तक जमीन आबंटन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है ? **(ख)** प्रश्नांक''क'' अनुसार वर्तमान समय में रायपुर जिले में किस-किस स्थान पर उद्योगों हेतु भूमि उपलब्ध है ? **(ग)** विभाग के पास उद्योगों हेतु भूमि उपलब्ध नहीं होने की दशा में प्राप्त आवेदनों का निराकरण विभाग द्वारा कैसे और किस आधार पर किया जाता है ? प्रक्रिया की जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) से प्राप्त जानकारी अनुसार रायपुर जिले अंतर्गत नवीन उद्योग स्थापना हेतु जनवरी, 2024 से दिनांक 20.06.2025 तक लैण्ड बैंक में 37 इकाईयों एवं औद्योगिक क्षेत्र में 67 इकाईयों से जमीन आबंटन हेतु आवेदन प्राप्त हुये है। **(ख)** वर्तमान समय में रायपुर जिले में निम्नांकित स्थान पर भूमि उपलब्ध है:-

1) इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर, नवा रायपुर।
2) औद्योगिक क्षेत्र खपरीखुर्द, रायपुर।
3) टेक्सटाईल पार्क, नवा रायपुर।
4) फार्मास्युटिकल पार्क, नवा रायपुर।
5) रेडीमेंड गारमेंट पार्क, नवा रायपुर।
6) प्लास्टिक पार्क सरोरा, रायपुर।
7) औद्योगिक क्षेत्र अभनपुर, रायपुर।

(ग) विभाग के पास उद्योगों हेतु भूमि उपलब्ध नहीं होने की दशा में प्राप्त आवेदनों का निराकरण हेतु यदि शासकीय भूमि है तो विभाग के पक्ष में हस्तांतरण करते हुए एवं निजी भूमि होने पर अर्जन करते हुए कार्यवाही की जाती है।

केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत 15 वित्त आयोग मद अंतर्गत सी.सी. रोड निर्माण में स्थल परिवर्तन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

79. (क्र. 478) श्री देवेन्द्र यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या भिलाई नगर पालिका निगम अंतर्गत केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 20/06/2025 की अवधि में सड़क निर्माण कार्य (सी.सी. रोड) का स्थल परिवर्तन किया गया है? यदि हां तो क्या स्थल परिवर्तन के संबंध में सक्षम स्वीकृति दी गई है? **(ख)** क्या नवीन परिवर्तित स्थल पर रोड बनाने की स्वीकृति दी गई है? हां/नही? क्या निर्माणाधीन स्थल एक अवैध काॅलोनी है? यदि हॉ तो, क्या उक्त निर्माण किये जाने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है । यदि हां तो उक्त गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य पर क्या कार्यवाही की गयी है? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नही। नगर पालिक निगम भिलाई में केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत (15वें वित्त आयोग मद) वर्ष 2022-23 से 20/06/2025 की अवधि में सड़क निर्माण कार्य (सी.सी.रोड) का स्थल परिवर्तन नहीं किया गया है। **(ख)** प्रश्न उद्भुत नहीं होता है।

अनाधिकृत निर्माण का नियमितीकरण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

80. (क्र. 479) श्री देवेन्द्र यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या भिलाई इस्पात संयंत्र के अधीन टाऊनशिप भिलाई क्षेत्र में लीजसंधारकों द्वारा भवन अनुज्ञा के

विपरीत अनाधिकृत रूप से किये गये अवैध निर्माण का नगरीय प्रशासक के निर्देशानुसार समझौता शुल्क सेवा नियमितीकरण किया जा सकता है ? यदि हां तो किस प्रकार से किया जायेगा ? यदि हां तो किन कारणों से? **(ख)** क्या आवास लीज एवं नियमितीकरण के संबंध में छ.ग. शासन को पूर्व में कोई पत्र प्राप्त हुआ है? यदि हां तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी है ? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) भिलाई इस्पात संयंत्र के अधीन टॉउनशीप भिलाई क्षेत्र में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रदत्त लीजडीड विधिवत पंजीकृत हो तो ऐसे लीजधारी द्वारा नियमितीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 308 (क) में निहित प्रावधानों के तहत अवैध रूप से निर्मित भवनों का नियमितीकरण किये जाने की कार्यवाही की जा सकती है। पंजीकृत लीजधारी ऑनलाईन पोर्टल bpms.sudacg.in के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जैसे पंजीकृत लीजडीड, सम्पत्तिकर रसीद, स्थल पर किये गये निर्माण अनुसार भवन का मानचित्र, भवन का फोटोग्राफ्स, शपथ पत्र (छ.ग. भूमि विकास नियम 1984 में दिये गये प्रारूप अनुसार) सहित नगर पालिक निगम भिलाई में पंजीकृत अभियंता/आर्किटेक/सुपरवाईजर के माध्यम से भवन के नियमितीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर नियमितीकरण किया जा सकता है। **(ख)** आवास लीज एवं नियमितिकरण के संबंध में प्रश्न पर पत्र क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख नहीं होने के कारण पत्र प्राप्त हुआ है या नहीं की जानकारी दिया जाना संभव नहीं है।

केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के तहत प्राप्त राशि का उपयोग

[लोक निर्माण]

81. (क्र. 746) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** 01 जनवरी, 2023 से जून, 2025 तक केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सी.आर.आई.एफ.) के अन्तर्गत कब-कब, कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है? प्राप्त राशि की जानकारी माहवार देवें? प्राप्त राशि का उपयोग किन-किन कार्यों के लिए तथा किस-किस माध्यम से किया गया है? जानकारी कार्यवार एवं कार्य पर किये गये व्यय राशि की जानकारी माहवार देवें? **(ख)** क्या प्राप्त राशि का प्रयोग किसी प्रकार के प्रचार-प्रसार एवं विज्ञापन पर किया गया है? यदि हां तो प्रचार-प्रसार एवं विज्ञापनवार तथा माध्यमवार व्यय राशि की जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) 01 जनवरी 2023 से जून 2025 तक सी.आर.आई.एफ. योजना अंतर्गत प्राप्त राशि दिनांक 11.01.2024-- 154.72 करोड़, दिनांक 28.03.2024-- 182.34 करोड़, दिनांक 27.09.2024-- 85.34 करोड़, दिनांक 27.03.2025-- 91.94 करोड़, भुगतान का माध्यम- ऑनलाईन। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं।
[संलग्न "परिशिष्ट - अन्ठानबे"]

जिला बेमेतरा के बजट में सम्मिलित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

82. (क्र. 869) श्री दीपेश साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला-बेमेतरा अंतर्गत कितने वृहद् पुल निर्माण कार्य बजट में सम्मिलित किये गये हैं? जिनमें से कितनों को प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है? कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति किस आधार पर की गयी है? विधानसभावार जानकारी देवें? **(ख)** बेमेतरा जिले अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत बजट में सम्मिलित कितने निर्माण कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई

है? जो कार्य बजट में सम्मिलित हैं उन्हें प्रशासकीय स्वीकृति कब तक दी जायेगी? **(ग)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 बजट में सम्मिलित एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त, विधानसभावार निर्माण कार्यों की स्वीकृति का प्रतिशत में आंकड़ा प्रदाय करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'स'** अनुसार है।

तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट - एक

तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 116) की जानकारी

प्रपत्र-अ

जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्षवार व्यय की गई राशि की जानकारी

(राशि रू. करोड़ में)

क्र.	जिले का नाम	वित्तीय वर्ष 2022-23 व्यय राशि	वित्तीय वर्ष 2023-24 व्यय राशि	वित्तीय वर्ष 2024-25 व्यय राशि
1	2	3	4	5
1	रायपुर	201.8024	127.2785	69.1570
2	बलौदाबाजार	195.5139	342.5024	181.4993
3	गरियाबंद	107.7592	147.9784	61.6627
4	महासमुंद	205.4619	282.2036	84.5877
5	धमतरी	169.6925	111.0977	63.4483
6	दुर्ग	86.1357	147.3587	172.7471
7	बेमेतरा	126.2849	120.3013	138.9935
8	बालोद	196.6618	210.0757	150.9624
9	राजनांदगांव	239.3222	223.1681	69.0889
10	कबीरधाम	160.0004	208.6346	113.8806
11	खैरागढ-छुईखदान-गण्डई	0.00	0.00	35.9885
12	मोहला-मानपुर-अं.चौकी	0.00	0.00	255.5223
13	बिलासपुर	137.5312	194.9711	128.0424
14	मुंगेली	140.2412	145.9741	85.3524
15	जांजगीर-चांपा	338.8037	320.5215	79.7579
16	कोरबा	87.0469	282.5998	159.0934
17	रायगढ़	181.7441	336.7158	177.1822
18	गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	41.5851	83.6147	43.8953
19	सारंगढ़-बिलाईगढ़	0.00	0.00	186.2288
20	सक्ति	0.00	0.00	81.0117
21	अम्बिकापुर	141.1798	218.8122	165.4405
22	बलरामपुर	180.8340	374.2463	150.6270
23	सूरजपुर	179.3028	164.6781	167.4979
24	कोरिया	159.5679	125.4436	43.5979
25	जशपुर	135.6268	227.2201	173.3012
26	मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी	0.00	0.00	72.7532
27	बस्तर	106.1398	213.6036	111.6306
28	दंतेवाड़ा	65.8375	54.9714	40.6296
29	सुकमा	70.4331	96.2744	43.7055
30	बीजापुर	100.6762	131.6534	18.5570
31	कोण्डागांव	164.5677	212.1782	62.8156
32	नारायणपुर	81.0014	74.6853	24.4328
33	कांकेर	202.6497	195.4586	109.2635
कुल		**4203.4038**	**5374.2212**	**3522.3547**

अनुभाग अधिकारी
लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
कार्यालय, महानदी भवन,
नवा रायपुर, अटल नगर

प्रपत्र-ब

घरेलू नल कनेक्शन का लक्ष्य एवं अद्यतन जल सुविधा प्राप्त घरों की जानकारी

क्रमांक	जिले का नाम	नल कनेक्शन हेतु लक्षित घरों की संख्या	जल की सुविधा प्राप्त घरों की संख्या
1	*2*	*3*	*4*
1	रायपुर	189755	180667
2	बलौदाबाजार	228370	185070
3	गरियाबंद	154733	135583
4	धमतरी	154784	153447
5	महासमुन्द	240716	200496
6	दुर्ग	154934	138429
7	बालोद	176198	154035
8	बेमेतरा	177570	152917
9	राजनांदगांव	156789	140491
10	मोहला-मानपुर-अं.चौकी	64568	48514
11	खैरागढ-छुईखदान-गण्डई	74259	62924
12	कबीरधाम	199034	166807
13	बिलासपुर	246155	126589
14	जी.पी.एम.	84901	68721
15	मुंगेली	167829	73199
16	कोरबा	207076	46693
17	जांजगीर-चांपा	207286	104586
18	सक्ति	156245	118818
19	रायगढ़	242815	143783
20	सारंगढ़-बिलाईगढ़	161788	88380
21	सरगुजा	185443	51859
22	बलरामपुर	197308	111736
23	सूरजपुर	164515	30811
24	कोरिया	51764	10896
25	एम.सी.बी.	83345	19541
26	जशपुर	214361	73391
27	बस्तर	171885	76184
28	दंतेवाड़ा	50731	21440
29	बीजापुर	56204	21533
30	सुकमा	66128	28330
31	कांकेर	151157	84735
32	कोण्डागांव	126594	76825
33	नारायणपुर	33009	18968
योग:-		**4998249**	**3116398**

अनुभाग अधिकारी
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
कार्यालय, महामंत्री भवन,
नवा रायपुर, अटल नगर

प्रपत्र

तारांकित प्रश्न क्रमांक–468,

माननीय श्री अनुज शर्मा विधानसभा सदस्य

मेसर्स जायसवाल निकों इंडस्ट्रीज लिमिटेड (स्टील प्लांट डिविजन), ब्लास्ट फर्नेस एवं पावर प्लांट, सिलतरा, रायपुर में दिनांक 28.11.2024 को किये गये निरीक्षण के संबंध में कार्यवाही की जानकारी

क्र0	अधिनियम का नाम	निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियां	कमियों के संबंध में की गयी कार्यवाही
1	छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1982	कर्मचारियों के संबधित मस्टररोल एवं अन्य अभिलेख प्रस्तुत नही।	निरीक्षण में पायी गई कमियों के संबंध में प्रबंधन को पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत पालन प्रतिवेदन संतोषप्रद पाया गया।

अनुभाग अधिकारी
श्रम विभाग, मंत्रालय
अटल नगर, नवा रायपुर

प्रपत्र–अ

विषय :– जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 तक निर्मित सड़कों की जानकारी ।

क्र.	विकासखण्ड	वर्ष	निर्मित सड़क का नाम	लागत राशि (लाख में)	निर्मित लंबाई (किमी. में)	भौतिक स्थिति	
						पूर्ण	अपूर्ण
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कवर्धा	जनवरी 2024 से 20 जून 2025 तक	जिला कबीरधाम के सोनपुरी से भुड़कुड़ा मार्ग का निर्माण लंबाई 3.50 कि.मी.	270.17	3.50	पूर्ण	–
2	पंडरिया	जनवरी 2024 से 20 जून 2025 तक	जिला कबीरधाम के दामापुर से फास्टरपुर मार्ग का उन्नयन लंबाई 4.60 कि.मी.	642.80	4.60	पूर्ण	–
3	सहसपुर लोहारा	जनवरी 2024 से 20 जून 2025 तक	जिला कबीरधाम के बिरेन्द्रनगर से पटपर तक सड़क निर्माण लंबाई 3.80 कि.मी.	281.03	3.80	पूर्ण	–
4	पंडरिया	जनवरी 2024 से 20 जून 2025 तक	जिला कबीरधाम के मुख्य मार्ग से राईस मिल से पुसेरा तक लंबाई 1.60 कि.मी. का निर्माण कार्य	114.50	1.60	पूर्ण	–
	योग (जनवरी 2024 से 20 जून 2025 तक) :– 04 कार्य			**1308.50**	**13.50**	04 पूर्ण	–

अनुभाग अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, रायपुर (छ.ग.),

मुख्य अभियंता (यो.)
कार्या. प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि.
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

विषय :– वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के मुख्य बजट में शामिल सड़कों की अद्यतन स्थिति।

क्र.	विकास खण्ड	वर्ष	बजट में शामिल कार्य	निविदा की स्थिति		अद्यतन स्थिति			अद्यतन स्थिति
				पूर्ण	लंबित/ प्रचलन	पूर्ण	निर्माणाधीन	अप्रारंभ	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	पंडरिया	2024-25	जिला कबीरधाम वि.ख. पंडरिया के ग्राम मैनपुरा में हरिहरनाला में पुलिया निर्माण कार्य	पूर्ण	–	–	–	–	दिनांक 10.06.2025 को अभिस्वीकृति पत्र जारी
2	पंडरिया	2024-25	जिला कबीरधाम के अंतर्गत राज्य मार्गो पर जंक्शन सुधार का कार्य एवं आई. आर. सी. के प्रावधानानुसार केस बेरियर लगाने का कार्य	–	प्रचलन	–	–	–	तकनीकी स्वीकृति प्रचलन में
3	कवर्धा	2024-25	जिला कबीरधाम वि.ख. कवर्धा के सोनपुरी से भुडकुडा मार्ग में किमी. 3/2 में मध्यम पुलिया निर्माण कार्य	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
4	कवर्धा	2024-25	गांगीबहरा से राजपुर मार्ग का उन्नयन एवं मजबूतीकरण कार्य पुल–पुलिया सहित लं. 3.80 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
5	पंडरिया	2024-25	जिला कबीरधाम में पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत ग्राम दमगढ़ से अमनिया होते हुए पुटपुटा मार्ग का निर्माण कार्य लं. 10.00 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
6	पंडरिया	2024-25	जिला कबीरधाम में पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत प्रतापपुर भगतपुर निंगापुर मार्ग निर्माण कार्य लं. 12.70 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
7	पंडरिया	2024-25	जिला कबीरधाम में पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत जंगलपुर लालपुर कुम्ही मार्ग निर्माण कार्य लं. 4.10 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
8	पंडरिया	2024-25	जिला कबीरधाम में पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोड़ से डेंगुय जाम होते हुए अमनिया पहुंच मार्ग निर्माण कार्य लं. 7.00 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
9	पंडरिया	2024-25	जिला कबीरधाम में पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत वि.ख. पंडरिया के ग्राम गुढ़ा से पोस्ट आफिस पहुंच मार्ग कोदवागोडान का निर्माण कार्य लं. 6.00 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में

अनुभाग अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र.	विकास खण्ड	वर्ष	बजट में शामिल कार्य	निविदा की स्थिति		अद्यतन स्थिति			अद्यतन स्थिति
				पूर्ण	लंबित/ प्रचलन	पूर्ण	निर्माणाधीन	अप्रारंभ	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
10	पंडरिया	2024-25	जिला कबीरधाम में पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत वि.ख. पंडरिया के ग्राम कुम्ही से कापा मार्ग निर्माण कार्य लं. 6.00 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
11	पंडरिया	2024-25	जिला कबीरधाम में पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत वि.ख. पंडरिया के ग्राम महीडबरा से बांटीपथरा मार्ग का निर्माण कार्य लं. 5.00 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
12	पंडरिया	2024-25	जिला कबीरधाम में पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पाण्डातराई से फास्टरपुर मार्ग का निर्माण कार्य लं. 29.00 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
13	पंडरिया	2024-25	जिला कबीरधाम में पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत वि.ख. पंडरिया के ग्राम भरतपुर से घोघरा मार्ग का निर्माण कार्य लं. 5.00 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
14	कवर्धा	2024-25	माननीय उच्च न्यायालय के पारित आदेश के परिपालन में भू–अर्जन मुआवजा भुगतान के अंतर्गत कवर्धा के सोनपुरी से भुडकुडा मार्ग	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
15	सहसपुर लोहारा	2024-25	बम्हनी से रामपुर मार्ग में सुतिया नदी पर पुल निर्माण कार्य	–	–	–	–	–	अन्य विभाग (प्र.मं.ग्रा.स.यो.)
			योग (वर्ष 2024–25) :– 15 कार्य	1	1	–	–	–	12–प्राक्कलन प्रेषित 01–अन्य विभाग (प्र.मं.ग्रा.स.यो.)
1	पंडरिया	2025-26	जिला कबीरधाम वि.ख. पंडरिया के नगर पंडरिया मे गांधी चौंक से मुख्य मार्ग के पट्रोल पम्प तक (शहरी क्षेत्र भाग 31, 30) आदर्श रोड़ के रूप में 2.00 किमी. नवीनीकरण कार्य	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
2	पंडरिया	2025-26	जिला कबीरधाम वि.ख. पंडरिया के मुख्य मार्ग से ग्राम भैंसबोड तक रोड़ मजबूतीकरण कार्य लं. 2.50 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।

अनुभाग अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र.	विकास खण्ड	वर्ष	बजट में शामिल कार्य	निविदा की स्थिति		अद्यतन स्थिति			अद्यतन स्थिति
				पूर्ण	लंबित/ प्रचलन	पूर्ण	निर्माणाधीन	अप्रारंभ	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
3	पंडरिया	2025-26	जिला कबीरधाम वि.ख. पंडरिया के ग्राम महली से नानापुरी तक रोड़ मजबूतीकरण कार्य लं. 3.00 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।
4	सहसपुर लोहारा	2025-26	कवर्धा शहर के अंतर्गत 1. कुरूवा कामनबोड़ मार्ग लं. 2.00 किमी. 2. सुकतरा सिंघनगढ़ मार्ग लं. किमी. 4.00 से 6.00 = कुल 3.00 कि.मी., 3. खम्हरिया मुख्य मार्ग से पैलपार मार्ग लं. 1.00 किमी., 4. गैदपुर से गातापार मार्ग लं. 3.00 कि.मी. कुल लं. 17.50 कि. मी. कार्य का नवीनीकरण	–	–	–	–	–	प्राक्कलन प्रचलन में
5	सहसपुर लोहारा	2025-26	जिला कबीरधाम के ग्राम पंचायत रामपुर (ठाठापुर) में .भाठा से उसलापुर सरहद तक रोड़ निर्माण कार्य लं. 3.40 किमी. का निर्माण कार्य	–	–	–	–	–	प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।
6	सहसपुर लोहारा	2025-26	जिला कबीरधाम के ग्राम पंचायत रामपुर (ठाठापुर) में प्राथ. शाला से भाठा सरहद तक रोड़ निर्माण कार्य लं. 2.25 किमी..का निर्माण कार्य	–	–	–	–	–	प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।
7	पंडरिया	2025-26	जिला कबीरधाम वि.ख. पंडरिया के सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना से पहुंच मार्ग में डामर रोड़ का निर्माण कार्य लं. 4.00 किमी	–	–	–	–	–	प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।
8	सहसपुर लोहारा	2025-26	जिला कबीरधाम विकासखंड सहसपुर लोहारा के खैरबना से बबई मार्ग लं. 5.00 कि.मी. का निर्माण कार्य पुल–पुलिया सहित	–	–	–	–	–	प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।
9	पंडरिया	2025-26	जिला कबीरधाम के वि.ख. पंडरिया के ग्राम कुण्डा, माकरी, दुल्लीपर टाटाकसा, अतरिया दामापुर, जैतपुरी, पटुवा, छिरहा मार्ग लं. 15.00 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।

अनुभाग अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र.	विकास खण्ड	वर्ष	बजट में शामिल कार्य	निविदा की स्थिति		अद्यतन स्थिति			अद्यतन स्थिति
				पूर्ण	लंबित/ प्रचलन	पूर्ण	निर्माणाधीन	अप्रारंभ	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
10	पंडरिया	2025-26	जिला कबीरधाम के वि.ख. पंडरिया के ग्राम छिरहा (नवागांवकला) से पिपरिया (कठौतिया धौराबंद मरका) मार्ग लं. 14.0 किमी	–	–	–	–	–	प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।
11	पंडरिया	2025-26	जिला कबीरधाम वि.ख. पंडरिया के मुख्य जिला मार्ग क्र. 44 फास्टरपुर रोड़ चौड़ीकरण कार्य लं. 29.10 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।
12	पंडरिया	2025-26	जिला कबीरधाम वि.ख. पंडरिया के राज्य मार्ग क्र. –5 नगर पंडरिया से कापा (बजाग रोड़) चौड़ीकरण कार्य लं. 37.00 किमी.	–	–	–	–	–	प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।
13	सहसपुर लोहारा	2025-26	जिला कबीरधाम वि.ख. स.लोहारा के ग्राम गांगीबहारा से ग्राम राजपुर तक डामर रोड़ निर्माण कार्य लं. 3.80 किमी. पुल–पुलिया सहित	–	–	–	–	–	पुनर्रावृत्ति आवश्यक नहीं यह मार्ग वर्ष 2024–25 के सरल क. 04 में हैं।
14	सहसपुर लोहारा	2025-26	जिला कबीरधाम वि.ख. स.लोहारा के ग्राम गैंदपुर से ग्राम कौडिया तक डामर रोड़ निर्माण कार्य लं. 2.78 किमी.	–	–	–	–	–	अन्य विभाग (मु.मं.सु.स.यो)
			योग (वर्ष 2025–26) :– 14 कार्य	–	–	–	–	–	02–प्राक्कलन प्रचलन में 10–प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। 01–पुनर्रावृत्ति 01–अन्य विभाग

अनुभाग अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, रायपुर

मुख्य अभियंता (यो.)
कार्या. प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि.
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

विधानसभा तारांकित प्रश्न क्र. 37 द्वारा माननीय श्री उमेश पटेल, सदस्य विधानसभा

विषय :– रायगढ़ जिला के विकासखण्ड पुसौर के सूपा से विकासखण्ड खरसिया के कुर्रुभाठा मार्ग निर्माण की अद्यतन स्थिति।

स.क.	जिला	विकास खण्ड	मार्ग का नाम	पूर्ण/ अपूर्ण	कार्य की अद्यतन स्थिति	विलम्ब का कारण	संभावित पूर्णता दिनांक
1	2	3	4	8	9	10	11
1	रायगढ़	पुसौर	कुर्रुभांठा–रक्सापाली–कछार–उसरौट–तारापुर–पुटकापुरी–सुपा से रा.रा. 216 मार्ग लम्बाई 48.117 कि.मी. का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य	अपूर्ण	41% कार्य पूर्ण **कार्य की अद्यतन प्रगति –** डी.बी.एम – 17.34 कि.मी. बी.एम – 1.925 कि.मी. बी.सी. – 3.080 कि.मी सी.सी रोड – 0.380 कि.मी. पुल पुलिया. – 54 नग	मार्ग पर अवस्थित शासकीय /निजी भूमि के स्वामित्व के विषय में ग्रामीणों द्वारा दावा, आपत्ति, आपसी विवाद, पूर्व निर्मित मार्ग की सीमा में निजी भूमि प्रभावित होना बताकर तथा राजस्व विभाग की जांच के बाद भी असंतुष्ट होकर कार्य में बारंबार बाधा उत्पन्न किये जाने से भू–अर्जन की प्रकिया लंबित रहने से मार्ग की प्रगति प्रभावित एवं बाधित है।	निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

अनुभाग अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, अटल नगर, रायपुर

मुख्य अभियंता (यो.)
कार्या. प्रमुख अभियंता
लो.नि.वि. नवा रायपुर
अटल नगर (छ.ग.)

परिशिष्ट - पाँच

प्रपत्र

तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 101) की जानकारी

मेसर्स जया स्पेशिलिटी केमिकल्स प्राईवेट लिमिटेड के स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्रों की सूची

स.क्र.	अनापत्ति प्रमाण पत्र	विभाग/कार्यालय का नाम	जारी दिनांक
1	ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र	कार्यालय ग्राम पंचायत मोहंदी, राजनंदगांव	05-12-2019
2	संयंत्र के अंदर खसरा नम्बर 4/1, 4/2, 4/3 में 40x30x1.5 मीटर में तालाब (Pond) निर्माण हेतु सशर्त अनापत्ति पत्र	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, राजनांदगांव	13-01-2020
3	उद्योग स्थापना हेतु पर्यावरणीय सम्मति	छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, मुख्यालय, रायपुर	01-07-2020
4	उद्योग सञ्चालन हेतु पर्यावरणीय सम्मति	छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, मुख्यालय, रायपुर	17-02-2022
5	उद्योग में क्षमता विस्तार हेतु पर्यावरणीय सम्मति	छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, मुख्यालय, रायपुर	01-06-2022

अनुभाग अधिकारी
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर

परिशिष्ट - छः

तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 230) की जानकारी

प्रपत्र

योजना प्रारंभ तिथि से दिसम्बर 2023 तक घरेलू नल कनेक्शन कार्य के प्रतिशत की जिलेवार जानकारी

क्रमांक	जिले का नाम	घरेलू नल कनेक्शन कार्य का प्रतिशत
1	*2*	*3*
1	रायपुर	89.44
2	बलौदाबाजार	68.95
3	गरियाबंद	76.22
4	धमतरी	95.83
5	महासमुंद	77.34
6	दुर्ग	86.20
7	बालोद	80.44
8	बेमेतरा	79.53
9	राजनांदगांव	86.45
10	मोहला-मानपुर-अं.चौकी	65.36
11	खैरागढ-छुईखदान-गण्डई	80.14
12	कबीरधाम	78.10
13	बिलासपुर	68.58
14	जी.पी.एम.	70.95
15	मुंगेली	85.05
16	कोरबा	63.29
17	जांजगीर-चांपा	84.81
18	सक्ती	80.80
19	रायगढ़	69.99
20	सारंगढ-बिलाईगढ	68.29
21	सरगुजा	64.48
22	बलरामपुर	61.15
23	सूरजपुर	66.97
24	कोरिया	68.57
25	एम.सी.बी.	67.89
26	जशपुर	58.84
27	बस्तर	72.28
28	दंतेवाड़ा	66.80
29	बीजापुर	53.01
30	सुकमा	61.82
31	कांकेर	68.85
32	कोण्डागांव	75.31
33	नारायणपुर	61.08

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर

वित्तीय वर्ष 2019–20 से 2024–25 तक मिशन अमृत योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के क्षेत्र/वार्ड में हुये कार्यों एवं व्यय की जानकारी

क.	कार्य का नाम	निर्माण एजेसी	परियोजना अंतर्गत स्वीकृत राशि (केन्द्रांश + राज्यांश + निकायांश) (लाख में)	वित्तीय वर्ष 2019–20 से 2024–25 तक केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि का व्यय (लाख में)	कुल व्यय राशि (केन्द्रांश + राज्यांश + निकायांश) (लाख में)	क्षेत्र/वार्ड	रिमार्क
जल प्रदाय योजना (फेस–1)							
1	(i) 80 एमएलडी नया जलशुद्धिकरण संयंत्र निर्माण कार्य। (ii) 05 उच्च स्तरीय जलागार जोरा, देवपुरी, बोरियाखुर्द, कचना एवं आमासिवनी का निर्माण कार्य। (iii) 07 नयी टंकी हेतु 214 किमी. जल वाहिनी बिछाये जाने का कार्य।	मेसर्स इंडियन ह्यूम पाईप कं. लि. मुम्बई	15079.00	4167.44	14247.75	8, 26, 25, 24, 53, 55, 54, 60, 51, 48, 47, 49	कार्य पूर्ण जल प्रदाय प्रारंभ।
2	श्यामनगर में 3300 कि.ली. क्षमता का उच्च स्तरीय जलागार निर्माण कार्य।	मेसर्स कारीवाला ब्रदर्स एक्वास्ट्रक्चर प्रा.लि.	221.86	3.67	221.00	48	कार्य पूर्ण जल प्रदाय प्रारंभ।
3	रामगनर में 4900 कि.ली. क्षमता का उच्च स्तरीय जलागार निर्माण कार्य।	मेसर्स दुबे गोयल एण्ड कम्पनी, हिरापुर	327.00	5.67	327.00	25	कार्य पूर्ण जल प्रदाय प्रारंभ।
जल प्रदाय योजना (फेस–2)							
4	भनपुरी (3200 KL), देवेन्द्र नगर (3400 KL), बैरन बाजार (3400 KL) उच्चस्तरीय जलागार का निर्माण कार्य ।	मेसर्स दुबे गोयल एण्ड कम्पनी, हिरापुर	797.00	263.01	796.99	4, 28, 47	कार्य पूर्ण जल प्रदाय प्रारंभ।
5	रायपुरा (2500 KL), कुकुरबेडा (1000KL) उच्चस्तरीय जलागार का निर्माण कार्य ।	मेसर्स सुनील कुमार जजोदिया, बिलासपुर	291.00	95.63	286.91	22, 69	कार्य पूर्ण जल प्रदाय प्रारंभ।

क.	कार्य का नाम	निर्माण एजेसी	परियोजना अंतर्गत स्वीकृत राशि (केन्द्रांश + राज्यांश + निकायांश) (लाख में)	वित्तीय वर्ष 2019–20 से 2024–25 तक केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि का व्यय (लाख में)	कुल व्यय राशि (केन्द्रांश + राज्यांश + निकायांश) (लाख में)	क्षेत्र/वार्ड	रिमार्क
6	लाभांडीह (2500 KL) एवं फुन्डहर (2000 KL) में उच्चस्तरीय जलागार का निर्माण कार्य।	मेसर्स सुनील कुमार जजोदिया, बिलासपुर	397.00	132.32	397.00	51	परियोजना अंतर्गत प्रस्तावित कार्य पूर्ण है।
7	रायपुरा, कुकुरबेड़ा, भनपुरी, शंकर नगर, इदगाह भांटा, तेलीबांधा एवं मठपुरेना में जल वाहिनी बिछाने एवं घरेलु नल कनेक्शन का कार्य।	मेसर्स इंडियन ह्यूम पाईप कं. लि. मुम्बई	12079.00	3292.02	11677.24	44, 49, 59, 60, 3, 4, 5, 11, 13, 14, 22, 31, 33, 34, 38, 39, 40, 50, 69, 29, 30	कार्य पूर्ण जल प्रदाय प्रारंभ।
8	बैरन बाजार, देवेन्द्र नगर, एम्स (टाटीबंध), डंगनिया, संजय नगर, न्यू राजेन्द्र नगर एवं लालपुर में जल वाहिनी बिछाने एवं घरेलु नल कनेक्शन का कार्य।	मेसर्स इंडियन ह्यूम पाईप क. लि., मुम्बई	13419.00	3972.55	14005.82	47, 57, 58, 42, 43, 66, 59, 53, 55, 51, 50, 56, 64, 62, 63, 21, 13, 14, 28, 29, 30, 34, 35, 40, 41, 70, 60	कार्य पूर्ण जल प्रदाय प्रारंभ। केवल टाटीबंध में एन.एच.ए.आई. के द्वारा पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण अतिरिक्त कार्य कराया जा रहा है।
उद्यान विकास कार्य							
9	एम.आर. कालोनी टैगोर नगर में उद्यान निर्माण कार्य।	देवाधी पाईपस	33.19	10.62	26.00	58	कार्य पूर्ण।
10	देवेन्द्र नगर उद्यान निर्माण कार्य।	मेसर्स एस.एस. कन्ट्रक्शन, रायपुर	43.76	8.51	29.00	14	कार्य पूर्ण।
11	अवंती विहार उद्यान	मेसर्स संजय कुमार सोनी, रायपुर	23.26	3.23	11.00	32	कार्य पूर्ण।

क.	कार्य का नाम	निर्माण एजेंसी	परियोजना अंतर्गत स्वीकृत राशि (केन्द्रांश + राज्यांश + निकायांश) (लाख में)	वित्तीय वर्ष 2019–20 से 2024–25 तक केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि का व्यय (लाख में)	कुल व्यय राशि (केन्द्रांश + राज्यांश + निकायांश) (लाख में)	क्षेत्र/वार्ड	रिमार्क
12	कबीर नगर फेस–2 उद्यान	मेसर्स एस.एस. कन्ट्रक्शन, रायपुर	49.40	9.40	32.00	2	कार्य पूर्ण।
13	उदया सोसायटी टाटीबंध में उद्यान निर्माण कार्य।	आलोक कुमार मिश्रा	42.73	11.62	36.00	21	कार्य पूर्ण।
14	देवेन्द्र नगर, रामकृष्ण हॉस्पिटल, एम. आर. कालोनी, सरजू तालाब एवं उदया सोसायटी के गार्डन में प्लेयिंग इक्यूपमेंट स्थापना कार्य एवं पांच वर्षो तक संचालन/संधारण।	मल्टिपल सॉल्यूशन नागपुर	72.42	17.87	63.00	14, 55, 58, 61, 21	कार्य पूर्ण।
15	देवेन्द्र नगर, रामकृष्ण हॉस्पिटल, एम. आर. कालोनी, सरजू तालाब एवं उदया सोसायटी के गार्डन में सोलर/इलेक्ट्रीकल कार्य एवं पांच वर्षो तक संचालन/संधारण।	चार्टड इंजीनियरिंग इंडिया बिलासपुर	55.60	16.54	42.00	14, 55, 58, 61, 22	कार्य पूर्ण।
सीवेज/सैप्टेज घटक के कार्य							
16	सेप्टेज मैनेजमेंट अंतर्गत 04 नग सक्शन कम जैटिंग मशीन क्रय कार्य	मेसर्स काम–अविदा इन्वायरो इंजिनियर्स प्रा.लि, पूणे	180.00	56.68	176.27	समस्त वार्ड	कार्य पूर्ण।
17	सीवेज मास्टर प्लान योजना अंतर्गत 200 एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण 1. चंदनीडीह–75 एम.एल.डी. (11.42 कि.मी. सीवर लाईन) 2. कारा–35 एम.एल.डी 3. निमोरा–90 एम.एल.डी	मेसर्स एस.एम.एस. लि. नागपुर	23500.00	5225.34	23409.00	समस्त वार्ड	कार्य पूर्ण। विगत 03 वर्षो से नियमित संचालित।

क.	कार्य का नाम	निर्माण एजेसी	परियोजना अंतर्गत स्वीकृत राशि (केन्द्रांश + राज्यांश + निकायांश) (लाख में)	वित्तीय वर्ष 2019–20 से 2024–25 तक केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि का व्यय (लाख में)	कुल व्यय राशि (केन्द्रांश + राज्यांश + निकायांश) (लाख में)	क्षेत्र/वार्ड	रिमार्क
18	रेल्वे लाईन के नीचे से पाईप पुशिंग कार्य	मेसर्स जैनको बिल्डकॉन, प्रा. लि.	538.56	140.86	496.64	समस्त वार्ड	कार्य पूर्ण।
कुल			**67149.78**	**17432.98**	**66280.62**	-	-

अनुभाग अधिकारी
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
नया मंत्रालय, महानदी भवन
रायपुर (छ.ग.)

परिशिष्ट - आठ

तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 96) की जानकारी

प्रपत्र–अ

जिला जांजगीर चांपा में प्रस्तावित इन्वीटेशन टू इन्वेस्ट जारी इकाई की सूची

क.	इकाई का नाम	इन्वीटेशन टू इन्वेस्ट पत्र जारी दिनांक	प्रस्तावित उत्पाद / संयंत्र	प्रस्तावित पूंजी निवेश (रू. करोड़ में)	प्रस्तावित रोजगार	प्रस्तावित स्थल / जिला	रिमार्क
